निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



संस्कृति की रक्षा और मर्यादा पर आधारित हो समाज का निर्माण : राज्यपाल

• बोकारो, शुक्रवार, 29 अगस्त 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 103 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

# नक्सली मुख्य धारा से जुड़कर परिवार व राष्ट्र के विकास में बनें सहभागी : डीआइजी

## कुख्यात नक्सली बाबूलाल पर सरकार ने घोषित किया इनाम दो लाख



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** सरकार की ओर से नई दिशा योजना चलाई जा रही है। इसके तहत आत्मसमर्पण कर वाले नक्सलियों को पुनर्वास व मुख्यधारा से जुड़ने का अवसर मिलेगा। उक्त बातें पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम ने कही। उन्होंने सभी नक्सलियों से आत्मसमर्पण का आह्वान किया है। कहा कि नक्सली देश की मुख्य धारा से जुड़कर अपना अपने परिवार व राष्ट्र के विकास में सहभागी बनें।

उन्होंने बताया कि झारखंड में सक्रिय कुख्यात नक्सली बाबूलाल पर सरकार ने इनाम की राशि बढ़ाकर दो लाख कर दिया है। पहले उस पर मात्र एक लाख रुपया इनाम की राशि घोषित किया गया था। बाबूलाल उर्फ बबलू राम बिहार के अरवल जिले के निरखपुर गांव का रहने वाला है। वह बाल दस्ते के रूप में माओवादी संगठन से जुड़ा था। बीते दो दशकों से बूढ़ापहाड़ इलाके में सक्रिय है। बबलु अब तक कई बड़ी नक्सली वारदातों में शामिल रहा है। वह कभी एक करोड़ का इनामी रहा दिवंगत कुख्यात माओवादी देवकुमार सिंह उर्फ अरविंद का करीबी सहयोगी था। अरविंद ने विमल व नवीन यादव के साथ काम किया। दोनों के आत्मसमर्पण के बाद वह इनामी माओवादी कमांडर छोटू खरवार के दस्ते में शामिल हो गया। छोटू खरवार के मारे जाने के बाद उसने मनीष यादव साथ ही वह संगठन में शामिल हुआ था। अरविंद की मौत के बाद बबलू वर्तमान में बबलू दस लाख के इनामी माओवादी कमांडर मृत्युंजय भुईयां के दस्ते में सक्रिय है।

## दामोदर नदी में नहाने गईं पांच बच्चियां डूबीं, एक की मौत

**धनबाद।** झारखंड के धनबाद जिले में करमा पूजा के मौके पर बड़ा हादसा हो गया। सुदामडीह थाना क्षेत्र के भौंरा स्थित दामोदर नदी में स्नान करने गईं 5 बच्चियां अचानक डूब गईं। स्थानीय लोगों की तत्परता से तीन बच्चियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि एक बच्ची को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक बच्ची अब भी लापता है, जिसकी तलाश जारी है। जानकारी के मुताबिक, भौंरा बाई क्वार्टर की रहने वाली पांच बच्चियां करमा पर्व को लेकर रविवार को पंप हाउस के पास दामोदर नदी में स्नान करने गई थीं। नहाने के दौरान वे गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। नदी में मौजूद अन्य स्नानार्थियों ने शोर सुनकर बच्चियों को बचाने की कोशिश की। कड़ी मशक्कत के बाद तीन बच्चियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे में बाहर निकाली गई रुक्मणि कुमारी नाम की बच्ची की हालत नाजुक थी। उसे तत्काल चासनाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं संध्या नाम की एक अन्य बच्ची का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है।

# हजारीबाग को पहली बार मिली कूच बिहार ट्रॉफी की मेजबानी

## संजय सिंह स्टेडियम में होगा झारखंड-केरल का मुकाबला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** हजारीबाग के लिए खेल जगत से जुड़ी बड़ी उपलब्धि सामने आई है। बीसीसीआई ने पहली बार जिले को प्रतिष्ठित घरेलू टूर्नामेंट कूच बिहार ट्रॉफी की मेजबानी का मौका दिया है। यह ऐतिहासिक मुकाबला 8 से 11 दिसंबर 2025 तक संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम में झारखंड और केरल की टीमों के बीच खेला जाएगा। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (JSCA) के मानद सचिव सौरभ तिवारी ने बताया कि बीसीसीआई ने 2025-26 सीजन के लिए झारखंड को कुल 77 मैचों की मेजबानी सौंपी है, जिनमें पहला मैच हजारीबाग को मिला है। इसके लिए बीसीसीआई ने संजय सिंह स्टेडियम को उपयुक्त माना है। JSCA ने जिला क्रिकेट संघ को निर्देश दिया है कि पिच, आउटफील्ड, साइड स्क्रीन, रोलर, पिच कवर, ड्रेसिंग रूम सहित सभी जरूरी व्यवस्थाएँ मैच से कम-से-कम 15 दिन पहले पूरी कर ली जाएं। इस मौके पर हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष एवं सांसद मनीष जायसवाल ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वर्षों का सपना अब साकार हो रहा है। उन्होंने संघ के पूर्व सचिव स्व. संजय सिंह को याद करते हुए कहा कि बीसीसीआई का मैच आयोजित करना उनका सपना था, जो अब पूरा हो रहा है। संघ के सचिव बंटी तिवारी ने बताया कि तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं और पूरा हजारीबाग इस ऐतिहासिक मेजबानी को लेकर उत्साहित है।



गौरतलब है कि बीते 17 जुलाई को बीसीसीआई की निरीक्षण टीम ने संजय सिंह स्टेडियम का निरीक्षण किया था और इसे राष्ट्रीय स्तर के मैचों के लिए उपयुक्त करार दिया था। सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में लगातार हुए प्रयासों का ही परिणाम है कि हजारीबाग अब क्रिकेट के राष्ट्रीय मानचित्र पर अपनी नई पहचान बनाने जा रहा है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग (चौपारण)।** शुक्रवार को बरही टोल टैक्स के समीप पुरहारा मोड़ के पास एक सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान चौपारण प्रखंड के अकरहुआ बेला गांव निवासी निर्भय राणा (पुत्र स्व. अजय राणा) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा अचानक हुआ। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत मदद करने की कोशिश की, लेकिन गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से मृतक के गांव और परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मृतक के आश्रितों को मुआवजा और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# बिहार सरकार ने बढ़ाया स्वास्थ्यकर्मियों का मानदेय

## लैब टेक्नीशियन और एक्स-रे टेक्नीशियन को 37 हजार की जगह अब 48 हजार रुपये प्रतिमाह मिलेंगे



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने स्वास्थ्य कर्मियों को बड़ी सौगात दी है। राज्य के नियोजित स्वास्थ्य कर्मियों के मानदेय में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरुवार को जारी आदेश के अनुसार विभिन्न श्रेणियों के कर्मियों का मानदेय 11 हजार रुपये से लेकर 21 हजार रुपये तक बढ़ाया गया है।

**टेक्नीशियन और रेडियोग्राफर को भी लाभ**

नवीन आदेश के तहत लैब टेक्नीशियन, एक्स-रे टेक्नीशियन और रेडियोग्राफर के मानदेय में भी वृद्धि की गई है। अब लैब टेक्नीशियन और एक्स-रे टेक्नीशियन को पहले की तुलना में 11 हजार रुपये अधिक यानी 37 हजार से बढ़ाकर 48 हजार रुपये प्रतिमाह मिलेगा। इसी प्रकार वरीय रेडियोग्राफर का मानदेय 37 हजार से बढ़ाकर 58 हजार रुपये कर दिया गया है। ऐसे कर्मियों की संख्या लगभग 500 है। बता दें कि इससे पहले भी सरकार ने कई श्रेणियों के कर्मियों का मानदेय बढ़ाया है। बीते मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में किसान सलाहकारों का मानदेय 13 हजार रुपये से बढ़ाकर 21 हजार रुपये किया गया था। वहीं आशा कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहन राशि 1000 से बढ़ाकर 3000 रुपये और ममता कार्यकर्ताओं को प्रति प्रसव 300 रुपये की जगह 600 रुपये देने का निर्णय लिया गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आशा कार्यकर्ताओं के काम की सार्वजनिक सराहना भी की थी।

## खगड़िया में राजस्व कर्मचारी घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खगड़िया।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अलौली अंचल के राजस्व कर्मचारी सुरेन्द्र सिंह को मंगलवार को 20 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के पुलिस उपाधीक्षक विकास कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दाखिल-खारिज के नाम पर राजस्व कर्मचारी सुरेन्द्र सिंह पहले एक लाख रुपये रिश्वत की मांग कर रहे थे। काफी बातचीत के बाद यह राशि घटाकर 20 हजार रुपये तय की गई। इसके बाद शिकायतकर्ता ने निगरानी विभाग, पटना को इसकी जानकारी दी। योजना के तहत मंगलवार को जैसे ही सुरेन्द्र सिंह ने घूस की राशि ली, टीम ने उन्हें रंगेहाथ पकड़ लिया। बताया गया कि सुरेन्द्र सिंह की सेवा अवधि अब केवल चार महीने बची थी। रिटायरमेंट से पहले ही वे निगरानी टीम के हत्थे चढ़ गए। इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है।

## सरकार के फैसले संघ नहीं करता, हम सिर्फ सलाह देते हैं : भागवत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने भाजपा और संघ के रिश्तों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि "भाजपा और संघ में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद कभी नहीं।" भागवत ने कहा कि केंद्र और राज्य की सभी सरकारों से संघ का समन्वय रहता है। किसी भी मुद्दे पर संघ सलाह दे सकता है, लेकिन निर्णय लेने का अधिकार केवल भाजपा का है।

# बाल सुधार गृह से 24 बाल कैदी फरार

रणजीत कुमार भारतीय/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के एस.एस. कॉलेज के समीप स्थित बाल सुधार गृह से बुधवार को 24 बाल कैदी फरार हो गए। घटना के बाद जिला प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कुछ कैदियों के अभिभावक अवैध रूप से सिम कार्ड उपलब्ध कराने की कोशिश कर रहे थे। सुरक्षाकर्मियों ने इस गतिविधि को रोकने का प्रयास किया, जिस पर कैदी और उनके परिजन उग्र हो गए और घटना को अंजाम दिया।जानकारी के अनुसार, बाल कैदी, बाल सुधार गृह के पीछे मंदिर की ओर से दीवार फांदकर भाग निकलने में सफल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही टाउन थाना सहित दूसरे थाना की पुलिस एवं वरीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया गया है।प्रशासनिक जांच में पाया गया है कि बाल सुधार गृह में तैनात होमगार्ड, बीसैप के सिपाही और अधीक्षक स्तर पर गंभीर लापरवाही बरती गई। जिला प्रशासन ने संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फरार हुए 24 में से 4 बाल कैदियों को बरामद कर लिया है। शेष 20 की तलाश के लिए विशेष सर्च टीम गठित की गई है। यह टीम विभिन्न संभावित स्थानों पर लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए बाल सुधार गृह की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की बात कही गई है। जानकार बताते हैं कि कुछ दिन पहले भी बाल कैदी के भागने की घटना घट चुकी है , लेकिन इसके बावजूद बीते घटना से बाल सुधार गृह प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया। बाल सुधार गृह में बाल कैदियों के बीच इस बार बड़ी संख्या में सामान रखने की बात भी सामने आई है। बहरहाल बाल सुधार गृह की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।




FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in



## संक्षिप्त समाचार

### मां जानकी की पूजा के बाद शुरू हुई राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा, तेजस्वी भी मौजूद

**सीतामढ़ी, एजेंसी।** शहर के डुमरा स्थित हवाई अड्डा मैदान में लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा गुरुवार की सुबह आठ बजे से प्रारंभ हुई।

इस दौरान यह यात्रा हवाई अड्डा मैदान से शहर के शांति नगर, राजोपट्टी, कारगिल चौक, मेहसौल चौक होते हुए कांग्रेस कार्यालय पहुंची। इसके बाद ऐतिहासिक जानकी मंदिर में मां सीता की पूजा अर्चना की और उसके बाद उनका काफिला रीगा विधानसभा क्षेत्र की ओर कूच कर गया।

इस दौरान राहुल गांधी के साथ राज्य में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, वीआईपी प्रमुख मुकेश साहनी व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

वहीं राहुल-तेजस्वी के स्वागत में शहर के शहर की सड़कों पर दोनों किनारे कार्यकर्ता और समर्थक झंडा और बैनर के साथ स्वागत के लिए तत्पर नजर आए।

वोटर अधिकार यात्रा में राहुल गांधी को देखने के लिए लोग बस की छत पर खड़े दिखाई दिए। वहीं कई लोग घर के लान से यात्रा और राहुल गांधी की तस्वीर लेने में जुटे रहे।

### बिहार के पीडीएस दुकानदारों के मार्जिन मनी में बढ़ोतरी, खाली दुकानों को भरने का आदेश



**पटना, एजेंसी।** सितंबर से जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को बढ़ी मार्जिन राशि का भुगतान होगा। राज्य सरकार द्वारा इन दुकानदारों को मार्जिन मनी में 47 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है।

सरकार के इस पहल से 50 हजार दुकानदारों को लाभ मिलेगा। यह निर्देश बुधवार को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने दिया।

इससे पहले प्रधान सचिव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। इसमें सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं जिला प्रबंधक ऑनलाइन जुड़े। बैठक में प्रधान सचिव ने सभी जिलों को निर्देश दिया कि जन वितरण प्रणाली दुकानों की रिक्तियों को नियमानुसार कार्रवाई करते हुए शीघ्र भरा जाए। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

प्रधान सचिव ने चावल से संबंधित भुगतान को भी 15 सितंबर से पहले पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में जन वितरण प्रणाली की दुकानों में सोमवार को साप्ताहिक बंदी के साथ-साथ प्रमुख त्योहारों के अवसर पर बंद रखने की अनुमति दी गई है।

बैठक में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने सचिव मो. नैय्यर इकबाल, विशेष सचिव उपेन्द्र कुमार, संयुक्त सचिव रवीन्द्र कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी विनोद तिवारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पटना के स्कूल में छात्रा ने खुद को लगाई आग : लगभग 90 प्रतिशत तक जली बच्ची, पुलिस पर हमला



**पटना, एजेंसी।** पटना के गर्दनीबाग इलाके में एक छात्रा ने खुद को आग के हवाले कर लिया। जानकारी के अनुसार अमला टोला बालिका विद्यालय में एक छात्रा ने खुद को आग लगा लिया, जिससे स्कूल परिसर में हंगामा मच गया। छात्रा को तुरंत पीएमसीएच पहुंचाया गया गर्दनीबाग बालिका विद्यालय में अचानक मचे इस हंगामे के कारण स्कूल प्रशासन ने मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया।

सूचना मिलते ही थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। स्कूल के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई, और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। पुलिस जांच कर रही है और स्कूल प्रशासन से बातचीत कर रही है। इस घटना से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।अधिकारी जल्द से जल्द स्थिति को सामान्य बनाने की कोशिश कर रहे हैं। बता दें कि आक्रोशित लोगों ने पुलिस की पिटाई भी कर दी है। जिसके बाद आक्रोश और भी बढ़ गया है।

# बिहार की धरती पर हम किसी भी कीमत पर लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देंगे : राहुल गांधी



**सीतामढ़ी, एजेंसी।** बिहार में निर्वाचन आयोग के द्वारा स्क्र के तहत 65 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम काटे जाने के खिलाफ राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के वोटर अधिकार यात्रा का आज 12 वां दिन है. आज के यात्रा की शुरुआत सीतामढ़ी जिले से हो गई है. इसी बीच राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने जानकी मंदिर में पूजा- अर्चना की. रीगा के बाद मोतिहारी होते हुए राहुल गांधी की यात्रा आज बेतिया पहुंचेगी.

राहुल गांधी ने कहा कि, बिहार में वोटर लिस्ट से जो 65 लाख नाम कटे हैं इसमें सिर्फ गरीबों के नाम हैं, एक भी अमीर नहीं हैं. संविधान ने देश के गरीबों, दलितों, पिछड़ों और महिलाओं को जो अधिकार दिया, उसे भाजपा-ऋस्की सरकार खत्म करना चाहती है. अभी तो ये शुरुआत है, देश में वोट चोरी का सारा हिसाब होगा.

राहुल गांधी ने कहा कि, लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला वोट चोरी है. इसके जरिए गरीब, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज के अधिकारों को छीना जा रहा है. लेकिन याद रखिए बिहार की धरती पर हम किसी भी कीमत पर लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देंगे. वोट चोर सुन लें, जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हम हर मोर्चे पर मजबूती से खड़े हैं.

### राहुल गांधी के बयान पर अशोक चौधरी का पलटवार

मंत्री अशोक चौधरी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का यह दावा कि भाजपा वोट चोरी करके सरकार बनाती है, निराधार है. चौधरी ने तंज कसते हुए कहा कि अगर हर जगह उनकी सरकार बन जाती, तब शायद इसे वोट चोरी नहीं कहा जाता. उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता ने लंबे समय तक समर्थन दिया, लेकिन कांग्रेस वोट एकत्रित करने में नाकाम रही और अब दूसरों पर आरोप लगा रही है. चौधरी ने जोर देकर कहा कि यह महज एक धारणा बनाने की कोशिश है, जबकि हकीकत में कांग्रेस का जनाधार खिसक चुका है. केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के गुजरात मॉडल को वोट चोरी का मॉडल कहने पर तीखी प्रतिक्रिया दी है. राय ने कहा कि गुजरात मॉडल उन्नति, विकास और समृद्धि का प्रतीक है, और राहुल गांधी का बयान उनकी हार की हताशा को दर्शाता है. उन्होंने तेजस्वी यादव के साथ राहुल की बिहार यात्रा को भ्रम फैलाने का प्रयास करार देते हुए कहा कि बिहार की जनता अब भ्रम में नहीं आएगी. नित्यानंद राय ने जोर देकर कहा कि बिहार अब लालू–रबड़ी के जंगलराज वाला नहीं रहा, बल्कि विकास के पथ पर अग्रसर है, जहां अच्छी सड़कें, बिजली, पानी और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं. उन्होंने राहुल गांधी पर देश विरोधी ताकतों के साथ मिलकर विचारों को परोसने का भी आरोप लगाया.

### राहुल गांधी का बीजेपी पर तीखा हमला

बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा दिया गया संविधान देश की आत्मा है, जो दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और गरीबों को सम्मान और स्वाभिमान का अधिकार देता है. राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि बीजेपी मतदाता सूची से 65 लाख वोटों को हटाकर, खासकर दलितों, पिछड़ों और गरीबों की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है. उन्होंने जोर देकर कहा कि इंडिया गठबंधन जनता के साथ खड़ा है और बीजेपी को इस वोट चोरी की साजिश में कामयाब नहीं होने देगा.

### सीएम नीतीश की तारीफ करने पर युवक की पिटाई, 1 अरेस्ट



**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज के जियापोखर थाना क्षेत्र के बंदरझूला निवासी सोनू सिंह को नीतीश कुमार सरकार की प्रशंसा करना महंगा पड़ गया। आरोप है कि जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उन्हें जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर एसएसबी कैंप के पास ले जाकर बुरी तरह पीटा।

पीड़ित सोनू सिंह ने बताया कि जन सुराज समर्थक मोहम्मद सद्दाम और मोहम्मद रिजवान उर्फ डालिम अपने भाई के साथ आए और जबरदस्ती उन्हें बाइक पर बैठा लिया। इसके बाद नेपाल बॉर्डर के पास एसएसबी कैंप के नजदीक ले जाकर मारपीट की गई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उनसे कहा -तुम जन सुराज को वोट नहीं देकर नीतीश कुमार को वोट क्यों दे रहे होइसी बात को लेकर विवाद बढ़ा और फिर मारपीट शुरू हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही सोनू की पत्नी कुसुम देवी और एसएसबीजवान मौके पर पहुंचे। घायल सोनू को तुरंत किशनगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित की पत्नी ने कहा कि उन्हें इस मामले में न्याय चाहिए।

## शादी के लिए विधुर और तलाकशुदा मर्दों को बनाते थे निशाना, फिर शुरू होता था पैसे का खेल, दुल्हन समेत 9 गिरफ्तार



**नरकटियागंज, एजेंसी।** मैनाटांड़ थाना क्षेत्र में सक्रिय फर्जी शादी कराने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश पुलिस ने किया है। इस मामले में कुल नौ महिला-पुरुषों को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपितों में मैनाटांड़ थाना के बौद्ध बरवा गांव निवासी अली अहमद, सिकटा के धर्मपुर की कुसुम खातून, शिकारपुर थाना के बिनवलिया गांव की तेतरी देवी, बहुअरी देवराज के प्रमेश राम, शिकारपुर थाना के नंदपुर निवासी राजा पांडेय, बगहा के चिउटंहा निवासी नंदकिशोर राम, बगहा के मनोज साह, पातेपुर थाना के बढ़ेया निवासी विभा देवी सहित अन्य शामिल हैं। एसडीपीओ जय प्रकाश सिंह ने बताया कि सूत्रों से सूचना मिली थी कि बगहा और बेतिया क्षेत्र में यह गिरोह सक्रिय है। विधुर व तलाकशुदा पुरुषों को शादी का लालच देकर मोटी रकम ऐंठते थे। शादी के बाद दुल्हन घर का सामान लेकर फरार हो जाती है।

सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विशेष टीम का गठन कर छापेमारी की गई, जिसमें सभी पकड़े गए। अली अहमद इस गिरोह का सरगना है। वह गिरोह में शामिल पुरुषों को मैनेज करता है, जबकि कुसुम खातून महिलाओं को मैनेज करती है। यह गिरोह राजस्थान हरियाणा आदि राज्यों में सक्रिय है।

दूसरे राज्यों से शादीशुदा महिलाओं को बुलाकर उन्हें शादी के नाम पर ठगी में शामिल किया जाता था। पुलिस ने गिरोह के सदस्यों के पास से एक बोलेरो, दो बाइक और नौ मोबाइल फोन जब्त किए हैं। गिरफ्तार सभी महिला-पुरुषों को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के इस अभियान में मैनाटांड़ थानाध्यक्ष शंभू शरण गुप्ता, शिकारपुर थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह, एसआई अनिता कुमारी समेत अन्य अधिकारी व जवान शामिल रहे।

## बिहार में हाई अलर्ट : नेपाल के रास्ते घुसे जैश-ए-मोहम्मद के तीन पाकिस्तानी आतंकी

**पूर्णिया, एजेंसी।** बिहार पुलिस मुख्यालय ने राज्य में हाई अलर्ट जारी किया है, क्योंकि खुफिया एजेंसियों को पता चला है कि जैश–ए–मोहम्मद से जुड़े तीन पाकिस्तानी आतंकवादी नेपाल के रास्ते बिहार में घुस आए हैं। इन आतंकियों की पहचान हसनैन अली ( रावलपिंडी ), आदिल हुसैन ( उमरकोट ) और मोहम्मद उस्मान ( बहावलपुर ) के रूप में हुई है। नेपाल की सीमा के रास्ते जैश के तीन आतंकियों के बिहार की सीमा मैं दाखिल होने को लेकर राज्य पुलिस मुख्यालय ने सीमावर्ती जिलों को किया अलर्ट। सीमावर्ती जिलों के एसपी को किया गया सतर्क। खंगाले जा रहे नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे। पूर्णिया डीआईजी प्रमोद कुमार मंडल ने बताया की राज्य पुलिस मुख्यालय के निर्देश के आलोक में सीमावर्ती जिलों को विशेष चौकसी बरतने को कहा गया है।



इन आतंकियों के अगस्त के दूसरे सप्ताह में काठमांडू पहुंचने और पिछले सप्ताह बिहार में घुसने की खबर है। आशंका जताई जा रही है कि ये आतंकी देश के किसी भी हिस्से में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में हैं। पुलिस ने तीनों आतंकियों के नाम और तस्वीरें सार्वजनिक कर दी हैं. इनके पासपोर्ट से जुड़ी जानकारी भी साझा की गई है? बताया जा रहा है कि ये आतंकी अगस्त के दूसरे हफ्ते में काठमांडू पहुंचे और तीसरे हफ्ते में नेपाल बॉर्डर से बिहार में दाखिल हुए। आशंका है कि ये किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। सीमावर्ती जिलों सीतामढ़ी, मधुबनी, पश्चिम चंपारण, अररिया, किशनगंज और सुपौल में चौकसी बढ़ा दी गई है।
बिहार में विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। पुलिस मुख्यालय ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें। क्रात्क्ने सभी जिले के खुफिया तंत्र को सक्रिय कर आसूचना संकलन करने और संदिग्ध आतंकियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई का दिया है।

## समस्तीपुर से अगवा छात्र बेगूसराय से बरामद: पुलिस ने 5 बदमाशों को किया गिरफ्तार

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर में लाइब्रेरी से अगवा छात्र को पुलिस ने बेगूसराय से 24 घंटे के अंदर बरामद कर लिया है। 16 लाख की फिरौती के लिए किडनैप किया था। इस मामले में पुलिस ने जिले के पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान बछवाड़ा थाना क्षेत्र के समसीपुर निवासी अरविंद कुमार, राजीव कुमार, रानी टोल के शक्ति कुमार, शेरपुर के बिट्टू कुमार और पंकज कुमार के तौर पर हुई है। पीड़ित विकास झा उजियारपुर के शेखपुरा गांव का रहने वाला है। दलसिंहसराय के डीएसपी विवेक शर्मा ने बताया कि 26 अगस्त को काली चौक स्थित एक लाइब्रेरी से बदमाशों ने छात्र को अगवा किया था। सूचना मिलने के बाद एक टीम का गठन किया। बदमाशों ने छात्र के भाई से संपर्क कर 16 लाख रुपए की फिरौती मांगी।



अपहृत छात्र के भाई प्रशांत कुमार ने लिखित आवेदन देकर बताया कि बेगूसराय के समसीपुर वार्ड 12 निवासी अर्जुन राय के पुत्र अरविंद कुमार ने अपने साथियों के साथ मिलकर विकास का अपहरण कर लिया। भाई को छोड़ने के लिए फोन करके 16 लाख की डिमांड कर रहा है।

**नदी किनारे छिपा कर रखा था:** डीएसपी विवेक शर्मा ने आगे बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मेरे नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने बेगूसराय के वछबाड़ा थाना क्षेत्र के समसीपुर नदी किनारे से अपहृत विकास झा को बरामद कर लिया। अनुसंधान में यह बात सामने आई है कि नामजद आरोपियों का विकास कुमार झा से लेनदेन की बातें थी। जिस कारण राशि वसूलने के नियत से अपहरण किया गया था। इस पर अभी छानबीन की जा रही है। पूछताछ के बाद सभी बदमाशों को जेल भेज दिया गया है।

### जहानाबाद बाल सुधार गृह से 24 किशोर कैदी भागे:दीवार फांदकर निकले, 2 को पकड़ा




जहानाबाद, एजेंसी। जहानाबाद के एसएस कॉलेज के समीप स्थित बाल सुधार गृह से बुधवार शाम करीब 4 बजे दो दर्जन कैदी दीवार फांदकर फरार हो गए। इनमें से केवल दो कैदियों को पुलिस ने पकड़ लिया है, जबकि बाकी अभी भी फरार बताए जा रहे हैं। घटना के बाद जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कैदी साईं मंदिर की ओर पीछे की दीवार फांदकर फरार हुए। सूचना मिलते ही अनुमंडल पदाधिकारी सहित कई वरीय पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। अधिकारियों ने कैमरे के सामने कुछ नहीं कहा कि अब तक किसी भी पदाधिकारी की ओर से घटना की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। कैमरे के सामने कोई भी अधिकारी बोलने से बच रहा है। लोगों का कहना है कि कुछ दिन पहले भी कैदी फरार हुए थे, लेकिन उससे सबक नहीं लिया गया। बाल सुधार गृह की लापरवाह सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि अगर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम होते तो इतनी बड़ी संख्या में कैदी फरार नहीं हो सकते थे। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और सुरक्षाकर्मियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। फरार कैदियों की तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। प्रशासन ने आसपास के इलाकों में अलर्ट जारी किया है।

### आरा में दर्दनाक हादसा : बालू लदे ट्रक ने 5 साल की बच्ची को रौंदा, मौके पर मौत



**आरा( भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के अजीमाबाद थाना क्षेत्र अन्तर्गत नासरीगंज-सकड्डी हाइवे पर नूरपुर गांव के समीप गुरुवार की सुबह बालू लदे ट्रक से कुचलकर एक बच्ची की मौत हो गई। मृतका पांच वर्षीय नेहा कुमारी मूल रूप से अरवल जिले के रामपुर गांव निवासी लालदेव चौधरी की पुत्री थी।

वर्तमान में वह अपने नाना अमीरचंद चौधरी के घर आई हुई थी। सुबह सड़क से गुजरने के दौरान बेकाबू ट्रक ने रौंद दिया। जिससे घटनास्थल पर मौत हो गई। दुर्घटना का कारण ओवरटेक और अनियंत्रित परिचालन बताया जा रहा है। इधर, हादसे के बाद आक्रोशित लोग सड़क पर उतर गए और नूरपुर गांव के समीप आक्रोशित ग्रामीणों ने एसएच 81 नासरीगंज-सकड्डी हाइवे को जाम कर दिया है।

मौके पर अजीमाबाद थानाध्यक्ष संतोष कुमार घटनास्थल पर पहुंच आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने बुझाने में लगे हैं। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर बालू लदे ट्रक को जब्त कर लिया है। सड़क पर उतरे आक्रोशित लोग मुआवजा और अनियंत्रित परिचालन पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं।

## पटना हाई कोर्ट के वकील कोटे से जज नियुक्ति के लिए भेजे 11 नाम, केंद्र सरकार जारी करेगी अधिसूचना

**पटना, एजेंसी।** पटना हाई कोर्ट में न्यायाधीशों की कमी को देखते हुए कॉलेजियम ने वकील कोटा से ग्यारह अधिवक्ताओं के नाम सुप्रीम कोर्ट को भेजे हैं। जानकारी के मुताबिक, कॉलेजियम ने यह नाम दो चरणों में भेजे।

पहले चरण में आठ अधिवक्ताओं- गिरिजेश कुमार, राघवानंद, नदीम सिराज, आलोक कुमार, रंजन कुमार झा, इति सुमन, कुमार मनीष और संजीव कुमार के नाम शामिल थे। इसके बाद दूसरे चरण में तीन अधिवक्ताओं- विकास कुमार, राज कुमार सहाय और राणा विक्रम सिंह के नाम भेजे गए।

दोनों सूचियों को मिलाकर कुल ग्यारह नाम सुप्रीम कोर्ट को भेजे गए हैं। हाई कोर्ट ने इस संबंध में राजभवन और राज्य सरकार के विधि विभाग को भी जानकारी दे दी है।

अब सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम इन नामों पर विचार करेगा और संबंधित अधिवक्ताओं से संवाद के बाद अंतिम सहमति देगा। इसके उपरांत केंद्र सरकार नियुक्ति की अधिसूचना जारी करेगी।

न्यायाधीश पीबी बजनथ्री को पटना हाई कोर्ट का कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 223 के तहत न्यायाधीश पवनकुमार भीमप्पा बजनथ्री को पटना हाई कोर्ट का कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है।

यह आदेश 27 अगस्त को जारी अधिसूचना के माध्यम से दिया गया। न्यायाधीश बजनथ्री को यह जिम्मेदारी तब सौंपी गई है जब मौजूदा मुख्य न्यायाधीश विपुल मनुभाई पंचोली को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया गया और उन्होंने हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का पदभार छोड़ दिया।

कानून और न्याय मंत्रालय की ओर से जारी सूचना में कहा गया है कि न्यायाधीश बजनथ्री तुरंत प्रभाव से यह दायित्व निभाएंगे। अधिसूचना की प्रतियां राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव समेत संबंधित अधिकारियों को भेज दी गई हैं।

## राहुल-तेजस्वी की तुलना कर्पूरी ठाकुर से करना शर्मनाक: रामकृपाल यादव

**आरा( भोजपुर), एजेंसी।** आरा में बीजेपी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कुछ लोग चमचागिरी और बेलचागिरी में राहुल-तेजस्वी की तुलना कर्पूरी ठाकुर से कर रहे है। यह सुनने के बाद हमलोग शर्मसार हो गए हैं।

मुझे हंसी आती है जननायक राहुल गांधी हो सकता है, जननायक तेजस्वी यादव हो सकता है। जननायक तो कर्पूरी ठाकुर थे। जननायक तो जयप्रकाश जी थे। चमचागिरी और बेलचा गिरी में इतना मत गिर जाइए कि अपने नायकों को भूल जाए। जिसने हमारी मान और प्रतिष्ठा से बिहार तक ही नहीं देश में प्रतिष्ठा बढ़ाने का काम किया है।

दरअसल, राहुल गांधी और तेजस्वी यादव इन दिनों बिहार में वोटर अधिकार यात्रा कर रहे हैं। यात्रा के दौरान कांग्रेस और राजद के नेता कभी राहुल गांधी को तो कभी तेजस्वी यादव को जननायक कहकर संबोधित कर रहे हैं। जिससे सियासी घमासान मच गया है।



बीजेपी नेता ने आगे कहा, यह लोग तुलना करेंगे कर्पूरी ठाकुर का, जिन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। कर्पूरी ठाकुर छोटी जाति के थे। जनता के बीच में गरीबी और फटेहाली, ईमानदारी और निष्ठा में अपनी जीवन समर्पित कर दिया। उनका मकान नहीं था और ये लोग तुलना राहुल गांधी का कर्पूरी ठाकुर से करते हैं।

जनता सवाल कर रही है। मृतकों के नाम वोटर लिस्ट से क्यों नहीं हटने चाहिए। जिनका नाम कई जगहों पर दर्ज है, क्या उन्हें सिर्फ एक ही जगह वोटर नहीं होना चाहिए। जो लोग बिहार छोड़कर दूसरे राज्यों में वोटर बन गए हैं, उनका नाम यहां क्यों रहना चाहिए। क्या घुसपैठियों को वोटर लिस्ट में रखने का अधिकार है। इन सवालों पर विपक्ष मौन है। सिर्फ थेथर लॉजी कर रहा है।

**वोटर लिस्ट में कोई गड़बड़ी नहीं है:** रामकृपाल यादव ने कहा, सभी राजनीतिक दलों को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट सौंप दी गई है। चुनाव आयोग रोजाना बुलेटिन जारी कर रहा है कि किस पार्टी ने कितनी आपत्तियां दर्ज कराई हैं। अब तक सिर्फ माले ने 10 शिकायतें की हैं, बाकी दलों ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। इसका मतलब है कि वोटर लिस्ट में गड़बड़ी नहीं है। बिहार कभी बूथ कैप्चरिंग और रक्त रंजित चुनाव के लिए बदनाम था, लेकिन आज पंचायत से लेकर विधानसभा और लोकसभा तक सभी चुनाव ईवीएम से निष्पक्ष तरीके से हो रहे हैं। सोशल मीडिया के इस दौर में कोई भी गड़बड़ी छिप नहीं सकती।

## झारखंड के मंत्रियों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला ऑटो चालक गिरफ्तार,

रांची, एजेंसी। झारखंड सरकार के दो मंत्रियों इरफान अंसारी और सुदिव्य सोनू को 24 घंटे के भीतर बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में गिरिडीह पुलिस ने ऑटो चालक अंकित कुमार मिश्रा को गिरफ्तार किया है। अंकित का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस हरकत में आई। प्रसारित वीडियो में युवक खुद को अंतरराष्ट्रीय अपराधी लॉरेंस गिरोह का सदस्य बताते हुए कह रहा था कि उसकी डॉ। इरफान अंसारी से निजी दुश्मनी है, जिसे वह सार्वजनिक नहीं करना चाह रहा है। साथ ही मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से भी उसे बदला लेना है। वीडियो में युवक ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले मंत्री के 20–25 लोगों ने उसके साथ मारपीट की थी। गिरिडीह के एसपी डा। विमल कुमार ने बताया कि मंत्रियों को धमकी देने संबंधित प्रसारित वीडियो में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद स्थिति स्पष्ट होगी कि उसने ऐसा वीडियो क्यों बनाया और इसके पीछे उसका मकसद क्या था।

## धनबाद पहुंचा शहादत दिवस को समर्पित महानगर कीर्तन, बंदों ने किया अरदास

धनबाद, एजेंसी। बैंक मोड़ गुरुद्वारा के बाहर मंगलवार को सिख समुदाय के बंदे, कमेटी के सदस्य व अन्य श्रद्धालु कतारबद्ध होकर नगर कीर्तन का इंतजार करते दिखे। गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी वर्ष, गुरु गोविंद सिंह का 350 वां गुरु गद्दी दिवस को समर्पित नगर कीर्तन आने वाला था। 21 अगस्त को नगर कीर्तन असम प्रदेश के धोबड़ी साहिब से प्रारंभ होकर सिलीगुड़ी मालदा कोलकाता होते हुए 25 अगस्त की रात आसनसोल पहुंचा था। मंगलवार की सुबह आसनसोल से निकलकर नगर कीर्तन बैंकमोड़ बड़ा गुरुद्वारा पहुंचा। यहां बड़ा गुरुद्वारा व सिख समुदाय के लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। बोले सो निहाल, सत श्री अकाल से इलाका गूंज उठा। नगर कीर्तन में सुसज्जित पालकी साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज विराजमान थे। बंदों ने गुरु ग्रंथ साहेब का दर्शन कर अरदास किया। मौके पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के रणजीत सिंह, प्रचारक जगजीत सिंह, प्रचारक व गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्यगण उपस्थित थे। यहां दर्शन कराने के बाद नगर कीर्तन बड़ा गुरुद्वारा बैंक मोड़ से प्रारंभ होकर वाया चास गुरुद्वारा होते हुए रात्रि में जमशेदपुर पहुंचेगी। बड़ा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान गुरचरण सिंह माझा, सतपाल सिंह ब्रोका, सहबाज सिंह व अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। लंगर का प्रसाद वितरित किया गया।

## सीएम सोरेन ने केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री के साथ की बैठक : बोले– खनन खत्म होने पर जमीन रैयत को वापस दें

रांची, एजेंसी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे के साथ बैठक की। इसमें कोयला खनन गतिविधियों, पर्यावरणीय संतुलन, स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने और क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने खनन क्षेत्रों में स्थानीय लोगों की भागीदारी, रोजगार सृजन, पर्यावरणीय संतुलन और राज्य सरकार को मिलने वाले राजस्व से संबंधित विषयों को प्रमुखता से रखा। हेमंत ने कहा कि खनन कार्य संपन्न हो जाने के बाद केंद्र सरकार जमीन राज्य सरकार को वापस करे, ताकि मूल रैयतों को लौटाया जा सके। खनन प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के पुनर्वास, रोजगार, पर्यावरणीय संतुलन और आधारभूत संरचना के विकास को प्राथमिकता दी जाए। केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य मिलकर समाधान तलाशेंगे। झारखंड के विकास और लोगों की भलाई को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार हरसंभव सहयोग करेगी। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, खान सचिव अरवा राजकमल, खान निदेशक राहुल सिन्हा, सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार, बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता, सीसीएल के सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह व बीसीसीएल के डीटी एमके अग्रवाल मौजूद थे।

## विधायक सरयू राय के खिलाफ दर्ज गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में गवाही शुरू

रांची, एजेंसी। पूर्व मंत्री सह विधायक सरयू राय से जुड़े गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में बुधवार को एमपी–एमएलए मामले के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान अभियोजन पक्ष ने मामले के पहले गवाह के रूप में स्वास्थ्य विभाग के प्रशाखा पदाधिकारी उमेश कुमार की गवाही दर्ज कराई। गवाही पूरी होने के बाद गवाह का बचाव पक्ष ने जिरह भी किया। मामले में अगली सुनवाई के लिए 12 सितंबर की तारीख निर्धारित की गई है। बता दें कि उक्त मामले में सरयू राय के खिलाफ 16 जुलाई को आरोप तय किया गया है। अभियोजन को साक्ष्य प्रस्तुत करना है। अदालत ने दाखिल चार्जशीट पर बीते 24 अगस्त को संज्ञान लिया था। इसके बाद उन्हें बीते 20 मई को पुलिस पेपर सौंपा गया था। सरयू राय के खिलाफ विभाग के अवर सचिव विजय वर्मा ने 2 मई 2022 को डोरंडा थाना में भादवि की पांच धाराएं एवं गोपनीय दस्तावेज का लीक करने के तीन धाराओं के तहत प्राथमिकी (कांड संख्या 105/22) दर्ज कराई थी। बता दें कि सरयू राय ने इसी दस्तावेज को हासिल करने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को कोरोना काल में किए गए राशि के उपयोग की जानकारी दी थी।

# पांच दिनों से लापता बालक का शव बरामद, ग्रामीणों ने किया हंगामा



दुमका, एजेंसी। जिला में रामगढ़ थाना क्षेत्र के कुशमाहा गांव स्थित संत मोनिका आवासीय विद्यालय से पिछले पांच दिनों से लापता 06 वर्षीय बालक अमन सोरेन का क्षत-विक्षत शव बुधवार को स्कूल से कुछ ही दूर पर धान के खेत से बरामद किया गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही बच्चे के अभिभावक स्कूल पहुंच गए, उनके साथ काफी संख्या में ग्रामीण थे। वे सभी विद्यालय प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन करने लगे, साथ ही सड़क जाम कर दिया। इधर मौके पर पुलिस पहुंचकर घटना के कारणों का पता लगाने में जुट गई है।

बालक की डेडबॉडी बुरी तरह से सड़ गयी थी। वहीं घटना की जानकारी मिलते आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्यालय में तोड़फोड़ करने के साथ ही रामगढ़ चौक से होकर गुजरने वाली सभी मार्गों को जाम कर दिया। उन्होंने विद्यालय के सामानों को बाहर सड़क पर फेंकना शुरू कर दिया। ग्रामीण विद्यालय प्रबंधन पर त्वरित कार्रवाई और दोषी को गिरफ्तार करने की मांग की।

दरअसल बालक अमन सोरेन आवासीय विद्यालय में पढ़ता था। वर्तमान में उसके माता-पिता मजदूरी करने केरल गए हुए हैं। अमन सोरेन नजदीक के ही अमडापहाड़ी पंचायत के कुपी गांव का रहने वाला था और वह विद्यालय में नर्सरी का छात्र था। घर में उसकी दादी और परिवार के अन्य सदस्य थे। पांच दिन पूर्व 23 अगस्त दिन शनिवार की रात विद्यालय के संचालक ने अमन के अभिभावक को फोन कर बताया कि उनका बच्चा विद्यालय में नहीं है। रात में ही परिजन विद्यालय पहुंचे और बच्चे की तलाश शुरू की लेकिन तब तक उसका कोई पता नहीं चल सका था।

यह पूरी जानकारी परिवार वालों ने रामगढ़ थाना को दी थी। पुलिस ने खोजबीन जब शुरू की। पुलिस से बच्चों के परिजनों ने विद्यालय प्रबंधन पर इल्जाम लगाया था कि विद्यालय में काफी संख्या में बच्चों का दाखिला लिया गया है लेकिन इस आवासीय विद्यालय में सुविधा बिल्कुल ही नहीं है। इन्हीं की लापरवाही की वजह से बच्चा लापता हुआ है। जब विद्यालय प्रबंधन ने देखा कि उनकी कमियां निकल रही है तो वे बच्चों को छुट्टी देकर स्कूल बंद कर निकल गए।

आज जैसे ही लापता बच्चे का शव मिला लोग उग्र हो गए। वे विद्यालय में पहुंचकर जमकर तोड़फोड़ की। प्रदर्शन करते सड़क भी जाम कर दिया। ग्रामीण विद्यालय प्रबंधन पर त्वरित कार्रवाई और दोषी को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। दुमका एसडीपीओ विजय कुमार महतो पुलिस टीम के साथ मौके पहुंचे। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की टीम पहुंची और आवश्यक जांच में जुट गई।

इस पूरे मामले पर दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने कहा कि बच्चा आवासीय विद्यालय में पढ़ता था, उसकी मौत हुई है। सभी पहलुओं पर पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है।

## प्रेमी से झगड़े के बाद युवती का हाई वोल्टेज ड्रामा, बिजली के पोल पर चढ़कर घंटों किया हंगामा



जमशेदपुर, एजेंसी। जमशेदपुर जिले के सोनारी मरीन ड्राइव स्थित बिंदाल मॉल के पास बिजली टॉवर पर चढ़कर कल मंगलवार को एक प्रेमिका ने घंटो हाई वोल्टेज ड्रामा किया। एक युवती हाइटेंशन बिजली टॉवर पर करीब 60 फीट ऊपर चढ़ गयी। जानकारी मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गयी, जिससे मरीन ड्राइव रोड पर भी जाम लग गया। टॉवर पर चढ़ी युवती बार-बार अपने प्रेमी को बुलाने की बात कह रही थी। घटना कल मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे की है।

घटना की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस समेत कई लोगों ने युवती को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह मानने को तैयार ही नहीं थी। करीब दो घंटे तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। शाम करीब 4¬45 बजे दो युवक सोनू कुमार और रोशन कुमार बिजली टॉवर पर चढ़े। उन्होंने युवती को समझाया, इसके बाद क्रेन की सहायता से उसे नीचे उतारा गया। इसके बाद पुलिस युवती को कब्जे में लेकर एमजीएम अस्पताल ले गयी, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस युवती के घरवालों से संपर्क करने की कोशिश कर रही है। साथ ही प्रेमी के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

युवती सरायकेला-खरसावां के कुचाई स्थित जोजोहातु की रहनेवाली है। कल मंगलवार सुबह करीब 10 बजे वह कुचाई से बस से निकली थी। दोपहर करीब 12 बजे जमशेदपुर पहुंची। यहां प्रेमी से मिली, इस दौरान दोनों में किसी बात पर झगड़ा हुआ, जिसके बाद युवती टॉवर पर चढ़ गयी। युवती ने पुलिस को बताया कि उसका शार्दुल लोहरा नामक युवक से पिछले 4 सालों से प्रेम संबंध है।

## पहाड़ों को तोड़े जाने पर सिया के सचिव को हाईकोर्ट ने किया तलब




रांची, एजेंसी। झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को राज्य के विभिन्न जिलों में पहाड़ों को तोड़े जाने और जंगल बचाने के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने इस मामले में स्टेट एन्वायरनमेंट असेसमेंट इंपैक्ट अथॉरिटी (सिया) के सचिव को तलब किया है।

सिया के सचिव को चार सितंबर को अदालत में सशरीर उपस्थित होकर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले सुनवाई के दौरान प्रार्थी अनुराग राय की ओर से अधिवक्ता विपुल दिव्या ने अदालत को बताया कि पहाड़ों को तोड़ा जा रहा है।

उत्खनन के लिए कई पहाड़ों के अस्तित्व को मिटा दिया गया है। इस मामले में सिया और सरकार ने जो शपथ-पत्र दाखिल किया है, वह विरोधाभासी है। जबकि, सिया की ओर से कहा गया कि रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाती है। अदालत ने जानना चाहा कि राज्य में सिया सक्रिय है या नहीं। पहाड़ों को तोड़े जाने के मामले में सिया की ओर से क्या-क्या कार्रवाई की गई है, लेकिन इस पर सरकार की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

# छात्रा के साथ दुष्कर्म करने वाले ट्यूशन टीचर को 14 साल सश्रम कारावास की सजा



रांची, एजेंसी। दसवीं की छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी करार गुमला के सिसई गांव निवासी ट्यूशन शिक्षक मधुसूदन बैठा को पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश बीके श्रीवास्तव की अदालत ने बुधवार को 14 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत ने उक्त आरोप में 20 अगस्त को दोषी ठहराया था।

पीड़िता ने घटना को लेकर अरगोड़ा थाना में 12 दिसंबर 2022 को आरोपी शिक्षक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया था कि वह अपनी सहेली के साथ आरोपी के घर पर ट्यूशन पढ़ने जाती थी। घटना के दिन उसकी सहेली नहीं गई थी और वह अकेली थी। इस दौरान शिक्षक ने अकेली पाकर छात्रा के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया था। जब वह रोने लगी तो धमकी दी कि इस बारे में किसी को नहीं बताए, नहीं तो परिणाम भुगतने होंगे। घर पहुंची तो आरोपी ने उसके मोबाइल पर कॉल किया और किसी को घटना की जानकारी नहीं देने की बात कही थी।

पत्रकार साकेत कुमार पुरी के साथ चाकू की नोंक पर काठीटांड़ चौक पर रात के 12¬45 बजे लूटपाट करने वाले दो आरोपियों रोहित सिंह और मोहित सिंह को तीन-तीन वर्ष की आश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। यह फैसला प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत ने सुनाई है। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को अलग से 10-10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अपने फैसले में कोर्ट ने कहा है कि जुर्माना की राशि नहीं देने पर दोनों को अलग से तीन-तीन माह की सश्रम कारावास की सजा काटनी होगी। नाबालिग से छेड़छाड़ करने के आरोप में सात साल पुराने मामले में ट्रायल फेस कर रहे आरोपी राजू महतो को पोक्सो एक्ट की विशेष अदालत ने बुधवार को जेल में बिताए गए डेढ़ माह की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 12 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। घटना को लेकर पीड़िता ने जगन्नाथपुर थाना में 9 दिसंबर 2018 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि 9 दिसंबर 2018 को दोपहर के वक्त आरोपी उसकी दुकान में आया और छेड़छाड़ की। प्राथमिकी दर्ज होने के तीन महीने बाद 7 मार्च 2019 को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। डेढ़ महीने जेल में रहने के बाद अदालत ने सशर्त जमानत की सुविधा प्रदान कर दी थी।

# नौकरी देने के नाम करते थे ठगी, 25 हजार रुपये भी लिए और 179 युवक-युवतियों को बनाया बंधक




जमशेदपुर, एजेंसी। जिले की घाटशिला थाना और मउभंडार की पुलिस ने फर्जी नेटवर्किंग कंपनी बनाकर 179 युवक-युवतियों को नौकरी देने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

आरोपितों में गोविंदपुर भोला बागान निवासी रोमेन्ट कुमार, डोमचाच का मोहन कुमार राणा, बिहार के वैशाली जिले के शिवम कुमार सिंह और कुलदीप सिंह है। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि गिरोह का सरगना बिहार के गया जिले के फतेहपुर निवासी राजू यादव, बिहार का समस्तीपुर जिले के तारामौन निवासी सुनील यादव, राहुल रंजन, अनिल, रवि चौहान और अन्य है। फर्जीवाड़ा क्षेत्र में 2023 से चल रहा था। करीब 45 लाख रुपये गिरोह ने बेरोजगारों से वसूला। इधर, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि घाटशिला थाना क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं से नौकरी के नाम पर 25 हजार रुपये लालडीह दहीगोड़ा स्थित एमएस रिया इंटरप्राइजेज द्वारा लिया जाता था और उन्हें अन्य दो लोगों को नेटवर्क कंपनी में जोड़ने के लिए दबाव बनाया जाता था।

ऐसा नहीं करने पर युवकों के साथ मारपीट की जाती थी। प्रताड़ित किया जाता था। घर नहीं जाने दिया जाता था।पुलिस तक शिकायत पहुंचने के बाद घाटशिला और मउभंडार ओपी पुलिस की एक संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने ठगी करने वाली कंपनी के कार्यालय में छापेमारी की। पता चला कि कंपनी फर्जी है।

वहां फर्जी कंपनी कार्यालय में कार्यरत चार युवकों को गिरफ्तार किया गया। वहीं आरोपितों से पूछताछ में पता चला कि 179 युवक-युवतियों को बंधक बनाकर रखे गया था। जो महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, वेस्ट बंगाल, ओडिशा के निवासी है। सभी को उनके घर पर भेजने की प्रक्रिया को शुरू की गई।

वहीं घटना के बाद एमएस रिया इंटरप्राइजेज को सीज कर दिया गया है एवं अन्य दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है। फिलहाल चारों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है और अन्य की छापेमारी जारी है।

बेरोजगार युवक-युवतियों ने बताया कि नेटवर्किंग कंपनी में अच्छे वेतन पर नौकरी देने को बुलाया गया था। इसके बाद 25 हजार रुपये उन सभी से लिया गया। इसमें 10 हजार खाना खिलाने के नाम पर रख लेते थे।

साथ ही हर एक को यह दबाव दिया जाता था। अपने दो--दो सहयोगी को इससे जोड़े और 25-25 हजार रुपये दिलाओ। ऐसा नहीं करने पर प्रताड़ित किया जाता था।

## अपने पसंद का जिलाध्यक्ष नहीं बना सकते हैं विधायक और मंत्री, झारखंड कांग्रेस ने शुरू की तैयारी



रांची, एजेंसी। झारखंड कांग्रेस सभी जिलों में जिलाध्यक्षों को बदलने की तैयारी में है। इसके लिए पार्टी के स्तर से तैयारियां कर ली गई है। नई व्यवस्था में विधायकों और यहां तक कि मंत्रियों के लिए भी अपनी पसंद के नेताओं को यह कुर्सी दिलाना आसान नहीं होगा। पूर्व में इस तरह के आरोप लगते रहे हैं कि विधायक अथवा मंत्री ने अपनी पसंद के नेता को जिला अध्यक्ष बनवाने में मदद की। इसके पीछे लंबी तैयारी होती थी, लेकिन अब कांग्रेस ने जो व्यवस्था की है उसमें जिलाध्यक्षों के चयन में तमाम ऐसे लोगों को किनारे कर दिया गया है।

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के.राजू ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जिलाध्यक्षों को बदलने को लेकर हो रही तैयारियों की जानकारी देते हुए यह भी बताया कि हर जिले से छह लोगों के नाम चुनकर पर्यवेक्षक केंद्रीय नेतृत्व को भेजेंगे।

इन्हीं में से जिलाध्यक्ष के लिए किसी एक के नाम पर मुहर लगेगी। यह महज इत्तेफाक हो सकता है कि विधायक या मंत्री इस स्तर पर सेटिंग करने में सफल हो जाएं।


विधायकों की पसंद का जिलाध्यक्ष होने से टिकट की दावेदारी में कोई अड़चन नहीं होती है। अन्यथा पार्टी के जिलाध्यक्ष की रजामंदी के बगैर किसी भी उम्मीदवार के लिए टिकट लेना दूभर हो सकता है।

## हजारीबाग भूमि घोटाले मामले में रिटायर्ड आईएएस गिरफ्तार, 18 साल पुराने केस में एसीबी का बड़ा एक्शन

हजारीबाग, एजेंसी। झारखंड के हजारीबाग भूमि घोटाले में सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी विनोद चंद्र झा को मंगलवार को भ्रष्टाचार निवारण ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने रांची के धुर्वा स्थित साईं सिटी से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें हजारीबाग जेल भेज दिया गया। इससे पहले इसी मामले में तत्कालीन हजारीबाग उपायुक्त रहे आइएएस विनय चौबे को भी एसीबी ने गिरफ्तार किया था।

वह वर्तमान में रांची जेल में बंद हैं। एसीबी के अनुसार यह भूमि घोटाला लगभग 18 वर्ष पुराना है। उस समय विनोद चंद्र झा समाज कल्याण पदाधिकारी के साथ भू-अर्जन पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे।

इसी दौरान कथित घोटाले को अंजाम दिया गया। जांच में पुख्ता साक्ष्य मिलने के बाद एसीबी ने प्राथमिकी कर कार्रवाई तेज कर दी थी। बताते चलें कि शराब घोटाले में पहले से जेल में बंद विनय चौबे को भी इसी भूमि घोटाले में रिमांड पर लिया गया था।




शराब घोटाले में जमानत मिलने के बावजूद वह इस मामले के कारण जेल से बाहर नहीं आ सके हैं।एसीबी ने संकेत दिया है कि जांच अभी आगे बढ़ेगी और कई अन्य लोगों की संलिप्तता उजागर हो सकती है।

यह घोटाला 2008-2009 का है। तब हजारीबाग की एक जमीन की प्रकृति बदलकर उसे बेच दिया गया। उस समय भू-अर्जन पदाधिकारी विनोद चंद्र झा और जिला उपायुक्त विनय चौबे थे।

# गिरिडीह में डोभा में डूबने से दो मासूमों की मौत



गिरिडीह, एजेंसी। गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के पतरोडीह गांव में दर्दनाक हादसा हुआ। मनरेगा योजना के तहत बने डोभा में डूबने से दो सगे भाई-बहन की मौत हो गई। मृत बच्चों की पहचान प्रिंस कुमार (6 वर्ष) और रितिका कुमारी (4 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों मासूम खेलते-खेलते डोभा के गहरे पानी में समा गए और उनकी जिंदगी पर दुखद विराम लग गया।

घटना के बाद पूरे परिवार में मातम पसर गया है। मृत बच्चों के पिता दिनेश दास सूरत में मजदूरी करते हैं। हाल ही में वे अपने बीमार पिता की देखभाल के लिए गांव लौटे थे। हादसे के दिन बच्चों की मां सोनी देवी भी बीमारी से जूझ रही थीं। ऐसे में प्रिंस और रितिका बुधवार शाम शौच के बहाने घर से निकले और घर के पास बने डोभा के किनारे खेलने लगे। खेल-खेल में दोनों का पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में डूब गए।

काफी समय गुजर जाने के बाद जब बच्चे वापस नहीं आए तो परिजनों को चिंता हुई। खोजबीन शुरू हुई तो बच्चों के चाचा ने डोभा में उन्हें देखा। तत्काल ग्रामीणों की मदद से दोनों मासूमों को बाहर निकाला गया और बेंगाबाद अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस सूचना के बाद परिवार पर जैसे दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

दो छोटे बच्चों की असमय मौत ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया है। हर किसी की आंखों में आंसू हैं और गांव का माहौल बेहद दुखद बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि डोभा या अन्य गड्ढों में अगर सुरक्षा घेराबंदी की जाती तो शायद यह हादसा टल सकता था।

गांव के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मनरेगा या अन्य योजनाओं के तहत गांवों में बने डोभों और गहरे गड्ढों के चारों ओर सुरक्षा घेराबंदी हो। इससे मासूम बच्चों और ग्रामीणों की जान पर मंडराने वाला खतरा टल सकेगा। ग्रामीणों का कहना है कि इस घटना से सबक लेते हुए प्रशासन को तत्काल कदम उठाने चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी कोई त्रासदी न हो।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 28-08-2025 22:15 Page 1



# मोबाइल लाइब्रेरी वैन का शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** इस अभियान का उद्देश्य बच्चों और समुदाय में किताबों के प्रति रुचि बढ़ाना है, ताकि पढ़ना केवल एक शैक्षणिक गतिविधि न रहकर उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा बन जाए राज्य स्तर पर रीडिंग कैंपेन मेरी किताब, मेरी कहानी की शुरूआत हो गई है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों और समुदाय में किताबों के प्रति रुचि बढ़ाना है, ताकि पढ़ना केवल एक शैक्षणिक गतिविधि न रहकर उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा बन जाए। यह रीडिंग कैंपेन, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची द्वारा चलाए जा रहे मेरा विद्यालय निपुण मैं भी निपुण कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में एक बड़ा कदम है। न्यूरोसाइंस और अनेक शोध बताते हैं कि बचपन में, विशेष रूप से 2 से 9 वर्ष की उम्र के बीच, आनंद के लिए पढ़ना मस्तिष्क के उन हिस्सों को मजबूत करता है जो सीखने, याद रखने और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े होते हैं। कहानियाँ बच्चों की कल्पना, सहानुभूति और सोचने की क्षमता को कई गुना बढ़ाती हैं।

समारोह को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज ने कहा कि पढ़ना एक कौशल है जिसका प्रतिदिन अभ्यास किया जाना चाहिए। यह कार्यक्रम जीवन में किताबों की भूमिका और प्रतिदिन पढ़ने के महत्व को रेखांकित करता है।

इस उद्घाटन कार्यक्रम में जिला परियोजना कार्यालय से सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी रेनू श्रेष्ठ, ऐसीपी लक्ष्मी प्रसाद यादव, डेटा एंट्री ऑपरेटर संतोष कुमार, डिस्ट्रिक्ट मैनेजर मनीष कश्यप, तथा रूम टू रीड इंडिया संस्था के प्रतिनिधि उमा शंकर शर्मा, पियूष कुमार पांडेय, उत्तरनाथ, गणौरी विश्वकर्मा, एवं पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो सौरभ कुमार उपस्थित रहे।

# फाइलेरिया रोग का निःशुल्क दवा वितरण शिविर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** एचजेडबी आरोग्यम सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में शुक्रवार को फाइलेरिया रोग से बचाव और उपचार के लिए निःशुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और लाभ उठाया।

अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने इस अवसर पर कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर रोग है, लेकिन जागरूकता और समय पर दवा सेवन से इससे बचाव संभव है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया रोग से बचाव और उपचार के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है।

शिविर में चिकित्सकों ने लोगों को रोग के लक्षण, बचाव के उपाय और उपचार की जानकारी दी। साथ ही सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए निःशुल्क दवा का वितरण किया गया।

अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि ऐसे शिविरों का आयोजन समय-समय पर किया जाता रहेगा ताकि लोग फाइलेरिया जैसी बीमारियों से सुरक्षित रह सकें और स्वस्थ जीवन जी सकें।

# मंत्रियों को जान मारने की धमकी से संबंधित वायरल वीडियो का उद्भेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सोशल मिडिया पर मंत्री, झारखण्ड सरकार, सुदिव्य कुमार एवं डॉ० इरफान अंसारी को जान से मारने की धमकी देने से संबंधित एक विडियो वायरल होने की सूचना प्राप्त हुई। वायरल विडियो में एक युवक द्वारा अपने आप को अंकित कुमार मिश्रा, पिता बाभन टोली राजेन्द्र नगर, गिरिडीह का रहने वाला बताया गया है। उक्त युवक के द्वारा मंत्री झारखण्ड सरकार सुदिव्य कुमार एवं डॉ० इरफान अंसारी को 24 घंटे के अन्दर उड़ाने एवं जान से मारने की धमकी दी गई। वायरल विडियो में मिश्रा द्वारा बोला जा रहा है कि 'घर से कसम खा कर निकले है कि जब तक उनलोगों को नही मारेंगे, तब तक घर नही घूसेंगें, जो होगा देखा जाएगा।

इस संदर्भ में आवेदक अजित कुमार, उम्र करीब 57 वर्ष, पे० बंधन राम सा० चिरैयाघाट रोड बरमसिया, थाना-नगर, जिला-गिरिडीह के लिखित आवेदन के आधार पर मुफ्फसिल थाना कांड सं०-248/25 दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए डॉ बिमल कुमार, पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त वायरल विडियो में दिख रहे युवक अंकित कुमार मिश्रा को पटना (बिहार) से 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के पश्चात युवक का नाम पता का सत्यापन अंकित कुमार मिश्रा, उम्र करीब 21 वर्ष पिता अरुण मिश्रा, पता-राजेन्द्र नगर, थाना-मुफ्फसिल, जिला-गिरिडीह के रुप में हुई है। पुछताछ के क्रम में अंकित कुमार मिश्रा के द्वारा संबंधित विडियो बना कर सोशल मिडिया पर वायरल करने की बात स्वीकार की। इस संदर्भ में उक्त युवक से पुछताछ करने पर उक्त युवक का संबंध किसी अन्य आपराधिक गिरोह से होने के बारे में कोई उल्लेखनीय बात नहीं बताया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त से पुछताछ जारी है।

## स्वागत सह सम्मान समारोह आज

**गिरिडीह।** जिले के तमाम राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं, जिला पदाधिकारियों, जिले के सभी प्रखण्ड अध्यक्ष, सचिव सभी पंचायत प्रतिनिधि सभी राजद परिवार एवं सभी महिला प्रकोष्ठ की नेतृत्वकारी लोगों का 29 अगस्त को प्रदेश के महान अतिथियों का स्वागत सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन गिरिडीह के डॉ अंबेडकर भवन में किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर झारखंड के राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, नवनियुक्त किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष गिरेंद्र प्रसाद यादव, महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रश्मि प्रकाश, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रंजन प्रसाद यादव, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बाबू राम हांसदा, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जनार्दन कुमार सहित वर्तमान में मंत्री श्रम नियोजन एवं उद्योग विभाग के संजय प्रसाद यादव का भी आगमन हो सकता है।

# एबीवीपी ने राज्य सरकार का फूंका पुतला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेदिनीनगर नगर इकाई के तत्वावधान में स्थानीय छह मुहान चौक पर राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया। मौके पर अभाविप

पलामू विभाग संयोजक रामाशंकर पासवान ने कहा कि झारखंड राज्य विधानसभा में सरकार द्वारा पारित राज्य विश्वविद्यालय विधेयक-2025 में झारखंड के विश्वविद्यालयों में कुलपति, प्रति कुलपति, वित्तीय सलाहकार, परीक्षा नियंत्रक व अन्य प्रमुख पदों पर नियुक्ति के अधिकार को राज्यपाल से हटाकर राज्य सरकार को देने का प्रावधान किया जाना पूरी तरह से असंवैधानिक है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इस विधेयक का कड़ा विरोध करती है।

यह विधेयक न केवल विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता पर प्रहार है बल्कि एक संवैधानिक पद के अधिकारों में सीधा हस्तक्षेप है। यह भारत के संविधान की मूल भावना व संघीय ढांचे के विरुद्ध है। जिला संयोजक नितीश दुबे ने कहा कि अभाविप विधेयक के अंतर्गत गठित झारखंड राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग का स्वागत करती है। लेकिन इस विधेयक के अंतर्गत केवल शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी की नियुक्ति व प्रमोशन का कार्य होना चाहिए। ना कि कुलपति व प्रति कुलपति की नियुक्ति का अधिकार होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सरकार इस विधेयक के माध्यम से लोकतांत्रिक तरीके से कैंपस में होने वाले छात्र संघ चुनाव पर भी प्रहार करेगी। इसके माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को निगलना चाह रही है।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विपिन यादव ने कहा कि राज्य सरकार का विश्वविद्यालय में छात्र संघ के लिए अलग से चुनाव न कराना यह दशार्ता है कि यह सरकार छात्र संघ के माध्यम से उभरने वाले नए राजनीतिक, सामाजिक विमर्श व विद्यार्थी नेतृत्व को कुचलना चाह रही है।

# पांच दिवसीय गणपति उत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** प्रखंड अंतर्गत बेड़ाहरियारा रमुआ के देवी मंडप स्थिति सार्वजनिक गणेश मंदिर में बुधवार से पांच दिवसीय पूजा का शुभारंभ हुआ। इस गणेश महोत्सव पूजा का समापन 31 अगस्त को किया जाएगा। पूजा में विधि-विधान से सर्वप्रथम ऐतिहासिक बड़की बांध से जल उठाकर मंदिर में प्रवेश किया और विधिवत वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ कलश स्थापना की। पूजा में बैठे भक्तो में बिरजू कुमार अपनी धर्मपत्नी शोभा देवी के साथ पूजा की शुरूआत की। वही गणेश पूजा के आचार्य विजय शास्त्री, पुजारी राहुल मिश्रा, सहयोगी विशाल पांडेय द्वारा एक एकदंता भगवान गणेश की पूरे विधि-विधान के साथ दैनिक पूजा अर्चना एवं संध्या में आरती संपन्न की। इस अवसर पर'गणपति बप्पा मोरिया' के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हुआ। रात्रि में बाल नृत्य प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथियों विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार बरनवाल उर्फ दीपू भाई,

## महोत्सव के तीसरे दिन हुआ भव्य भक्ति जागरण

बेड़ाहरियारा मुखिया रामचंद्र यादव, चेडरा पूर्व मुखिया अशोक कुमार गुप्ता, चेडरा पसंस मुन्नी देवी, शिक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह, अंजू देवी, पूजा कमेटी के अध्यक्ष शंकर कुमार, उपाध्यक्ष बिरजू कुमार, अनूप कुमार, सचिव नितीश कुमार, उपसचिव बिक्रम कुमार, कोषाध्यक्ष संदीप कुमार, उपकोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार कसेरा, प्रो० ओमकार नाथ शर्मा, सुनील मिश्रा, पंकज लाहकार, सनी कुमार, सुधीर कसेरा, बबलू राम, अंशु कुमारी द्वारा दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के पश्चात बाल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम राउंड के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने प्रतिभा का जलवा बिखेर कर रातभर लोगो का मनोरंजन किया। इस प्रतियोगिता का दूसरा राउंड गुरुवार रात्रि में संपन्न होगा। जिसमे डीएमडी क्लब सदस्यों द्वारा एक अदभुत नाटक प्रस्तुत किया जायेगा। कार्यक्रम के तहत प्रतिभावान प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस महोत्सव के तीसरे दिन माता रानी का भव्य भक्ति जागरण कार्यकम का आयोजन है, जिसमे भक्ति गानों एवं भव्य और आकर्षण झाकियां प्रस्तुति किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर को बेहद आकर्षक पंडाल और मनमोहक विद्युत सज्जा से सजाया गया है। साथ ही मेला में बच्चो के मनोरंजन के लिए ब्रेक डांस, नाव झूला, जंपिंग, मिंकी मोस आदि लगाए गए है। मेला को लेकर पुलिस बल के जवान पूरी तरह से तैनात दिखे। वही इस पांच दिवसीय पूजन को लेकर पूजा कमिटी के सभी सक्रिय सदस्य पूरी तत्परता से जुटे हुए है। बता दे कि सनातन धर्म में भगवान श्री गणेश को प्रथम पूजनीय माना जाता है। किसी भी शुभ कार्य की शुरूआत से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है। गणेश उत्सव भारतीय प्राचीन संस्कृति और सभ्यता में एक विशेष स्थान रखता है, जो अब इस क्षेत्र के लोगों की आस्था का केंद्र बन गया है, और यह प्रथा अब निरंतर जारी

## पालकी जागृति यात्रा पहुंची हजारीबाग

**हजारीबाग।** सिखों के 9वें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर सिंह जी की पालकी एवं उनके अस्त्र-शस्त्र की जागृति यात्रा असम से प्रारंभ होकर गुरुवार को हजारीबाग पहुंची। यात्रा का स्वागत खालसा यूथ विंग द्वारा डेमोटांड़ में किया गया, जहां से इसे नगर में प्रवेश दिलाया गया।

पालकी यात्रा बस स्टैंड, बुढ़वा महादेव, आनंदा चौक होते हुए गुरुद्वारा पहुंची। मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया, जिनमें भैया अभिमन्यु प्रसाद, हजारीबाग यूथ विंग, फेडरेशन चैंबर ऑफ कॉमर्स, दिगंबर जैन पंचायत समेत कई संगठन शामिल थे। इस दौरान रांची से पहुंचे 20 बुलेट राइडर्स भी यात्रा का विशेष आकर्षण बने।

गुरुद्वारा में कीर्तन और अटूट लंगर का आयोजन किया गया। इसके उपरांत शाम में यात्रा इंद्रपुरी चौक होते हुए पटना साहिब के लिए रवाना हुई। मीडिया प्रभारी रोहित बजाज ने बताया कि गुरु तेग बहादुर जी ने मुगल शासक औरंगजेब की जबरन धार्मिक नीतियों का विरोध किया था और अपने धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया।

# सतगुरू मां का पावन जन्मोत्सव पर कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** श्री कबीर ज्ञान मंदिर में संपन्न हुआ रक्तदान महायज्ञ श्री कबीर ज्ञान मंदिर में 721 यूनिट का रक्तदान श्री कबीर ज्ञान मंदिर में सद्गुरु मां ज्ञान का पवन जन्मोत्सव भाद्र शुक्ल चतुर्थी को बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सद्गुरु मां ज्ञान के पूजन वंदन से हुआ। जिसमें हजारों हजार श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर अपने आराध्य का पूजन किया इस अवसर पर श्री कबीर ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के तत्वाधान से रक्तदान महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें विगत वर्षों के सभी रिकॉर्ड को तोड़ते हुए इस वर्ष 721 यूनिट रक्तदान किया गया। ज्ञात हो कि रक्तदान के क्षेत्र में श्री कबीर ज्ञान मंदिर राज्य में प्रथम स्थान रखती है। जहां प्रत्येक वर्ष सद्गुरु मां के जन्मोत्सव पर रक्तदान का आयोजन किया जाता रहा है और प्रत्येक वर्ष रक्तदान के क्षेत्र में संस्था अव्वल रही है। आज के रक्तदान में सबसे खास और महत्वपूर्ण बात यह रही की कुल 721 यूनिट रक्तदान में 270 बहनों ने रक्तदान किया। बताया गया कि तीज व्रत के उपरांत भी इतनी अधिक बहनों का रक्तदान करना महिलाओं के लिए एक प्रेरणा है। रक्तदान के प्रेरणास्त्रोत सतगुरु मां ने इस संदर्भ में कहा बहने परिवार के वो स्तंभ है जिनके स्वस्थ रहने से पूरा परिवार स्वस्थ रहेगा। अतएव बहनों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने से उनका हीमोग्लोबिन भी हमेशा के लिए मेंटेन रहता है सतगुरु मां ने कहा कि जिस प्रकार मेहंदी बांटने वालों के हाथ भी मेहंदी से रंग जाते हैं ठीक उसी प्रकार रक्तदान ऐसा दान है जिसे देने से देने वाले को भी अप्रत्याशित लाभ होता है उनके जीवन और स्वास्थ्य में सुधार और विभिन्न असंभावित जांच भी हो जाती है। रक्तदान करने से हम एक साथ कई जिंदगी की सुरक्षा करते हैं जब किसी परिवार के किसी भी सदस्य को रक्त की आवश्यकता होती है तो उनकी मनस्थिति क्या होती है यह वही समझ सकते हैं, जो कभी इस दौर से गुजरा हो।

# जेडआरयूसीसी की बैठक में शामिल हुए सांसद मनीष जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने गुरुवार को बिहार की राजधानी पटना में आयोजित पूर्व मध्य रेल की क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (जेडआरयूसी) की बैठक में भाग लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र और आस-पास के क्षेत्रों से संबंधित कई महत्वपूर्ण रेल मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने क्षेत्र की जनता की सुविधा के लिए कई नई मांगें रखीं और लंबित परियोजनाओं को जल्द पूरा करने का आग्रह विभाग के वरीय अधिकारियों से किया।

बैठक में सांसद जायसवाल द्वारा उठाए गए प्रमुख मांगों में बरही और पदमा के बीच कोडरमा में एक नए हॉल्ट के निर्माण और गारुकुरहा में भी एक हॉल्ट बनाने की मांग की। इसके अतिरिक्त बरही में वंदे भारत एक्सप्रेस (22349, 22350) गया से लोकमान्य तिलक टर्मिनल जाने वाली ट्रेन (22357, 22358) और आसनसोल से रांची जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की मांग की गई, ताकि इस व्यापारिक और शैक्षिक केंद्र के लोगों को लाभ मिल सके। सांसद मनीष जायसवाल ने रांची- नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस (20839, 20840) को पुनः बरकाकाना होकर चलाने और हाल ही में बरकाकाना से हटाकर रांची रोड पर संचालित की जा रही ट्रेनों (19607, 19608, 13025, 13026, 19413, 19414) को वापस बरकाकाना रूट पर लाने का आग्रह किया। उन्होंने कोडरमा-बरकाकाना पैसेंजर (53371, 53372, 53373, 53374) का विस्तार हटिया तक करने और उसमें बोगियों की संख्या बढ़ाने की भी बात रखी। सांसद मनीष जायसवाल ने कोडरमा-हजारीबाग शहर-बरकाकाना रेल लाइन के दोहरीकरण और हजारीबाग शहर रेलवे स्टेशन में निमार्णाधीन कोचिंग डिपो के काम को जल्द पूरा करने की मांग की। इसके अलावा पारसनाथ और हजारीबाग रोड के बीच एक नई रेल लाइन (कोडरमा-विष्णुगढ़-टाटीझरिया-दारू-सदर होते हुए हजारीबाग-बरकाकाना) के निर्माण का भी प्रस्ताव रखा गया। सांसद ने मतकमा चौक से चिकोर जाने वाले मार्ग पर पहले से स्वीकृत अंडरपास के स्थान पर ओवरब्रिज के निर्माण और रांची रोड स्टेशन के पास मरार में एक फुट ओवरब्रिज (पोल संख्या 92/8 से 92/9 के बीच) बनाने की मांग की। सेवटा-बरकाकाना मार्ग पर भी एक फुट ओवरब्रिज (गेट नंबर 32/इ1/ट) बनाने का अनुरोध किया गया।

## गिरिडीह की टीम बोकारो रवाना

**गिरिडीह।** 29 से 31 अगस्त तक बोकारो के दिल्ली पब्लिक स्कूल में होने वाले छठे राज्य स्तरीय योगासना स्पोर्ट प्रतियोगिता में भाग लेने गिरिडीह की 8 सदस्यीय टीम आज गिरिडीह से बोकारो के लिए रवाना हुई।

## नगर आयुक्त की नियुक्ति शीघ्र की जाए : रिजवान खान



**मेदिनीनगर ( पलामू )।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रिजवान खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पलामू उपायुक्त से नगर निगम में नगर आयुक्त की नियुक्ति शीघ्र करने की मांग की है। नगर आयुक्त का पद दो माह से रिक्त है । जिसके कारण प्रधानमंत्री आवास योजना , जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र का काम लंबित है ।आम अवाम को नगर निगम का चक्कर लगाना पड़ रहा है । और कोई भी काम नहीं हो रहा है ।यह बोला जा रहा है कि जब तक नगर आयुक्त की पोस्टिंग नहीं होगा तब तक कोई काम नहीं होगा सभी आवेदन लंबित है मैं पलामू उपायुक्त से मांग करता हूं ,की मेदिनी नगर निगम में नगर आयुक्त की नियुक्ति शीघ्र की जाए।

# जोहार यात्रा को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कार्यालय, गिरिडीह में दिशोम गुरू की स्मृति में जिला के सभी पंचायतों में अंतिम जोहार यात्रा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष शाहनवाज अंसारी ने की तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष अजीत कुमार पप्पू ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि केंद्रीय समिति के निदेर्शानुसार जिले के सभी पंचायतों में अंतिम जोहार यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा यात्रा के रूट चार्ट पर विस्तृत चर्चा की गई। यह भी तय हुआ कि जिला स्तरीय यात्रा से पूर्व सभी प्रखंड समिति अपनी-अपनी बैठक आयोजित कर रूट चार्ट तैयार कर जिला समिति को दो दिनों के अंदर उपलब्ध करायेगी। शाहनवाज अंसारी ने कहा कि दिशोम गुरू की स्मृति में आयोजित अंतिम जोहार यात्रा सिर्फ एक श्रद्धांजलि नहीं बल्कि उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाने का माध्यम होगी। इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रत्येक पंचायत और प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। अजीत कुमार पप्पू जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि यह यात्रा संगठन की एकजुटता और ताकत को प्रदर्शित करेगी। हमें इसे इस प्रकार आयोजित करना है कि आने वाली पीढ़ियाँ इसे याद रखें। हर कार्यकर्ता को इस यात्रा को सफल बनाने की जिम्मेदारी लेनी होगी।प्रणव वर्मा ने कहा कि अंतिम जोहार यात्रा जिले की एकता और संघर्ष का प्रतीक होगी। इस यात्रा के माध्यम से हम उनके विचारों को नई ऊर्जा देंगे और पूरे प्रदेश में एक मजबूत संदेश भेजेंगे। बैठक में अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता में कोलेश्वार सोरेन दिलीप मंडल,डुमरी प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो,प्रखंड अध्यक्ष गंवा अजय सिंह,देवरी प्रखंड अध्यक्ष,देवरी मुजाहिद अंसारी ,तीसरी रिंकू बर्नवाल, जमुआ से रणजीत राम,राजधनवार निरंजन सिंह,बिरनी मजीद अंसारी ,सरिया गिरधारी पासवान,गिरिडीह पश्चिमी अनवर अंसारी,बंगाबाद नुनु राम किस्कू, गांडेय चांदमल मरांडी, प्रमिला मेहरा, शिवम आजाद, मुमताज वारसी तूफान, खूबलाल दास,राजू अंसारी ,मुकेश आनन्द, सुमित कुमार, अकील सोनू, कासिम अंसारी, सरफुद्दीन अंसारी जिला उपाध्यक्ष सुमन सिन्हा, दिलीप मंडल, कालेश्वर सोरेन, प्रमिला मेहरा, रॉकी सिंह, ज्योति सोरेन,नुनु राम किस्कू,मजीद अंसारी, चांदमल , रिंकू बरनवाल, राजू अंसारी, रंजीत राम,मुमताज तूफान, रीना बसके, राकेश रंजन शामिल रहे।


**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं; 20-एसडीएसटीई-एएसएन-2025-26 दिनांक 27.08.2025** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करता है: **कार्य का नाम/ स्थान :** "आसनसोल मंडल - दूरसंचार कार्य के संबंध में 1) एईएन/बीआरएल/आसनसोल के तहत खाना-आसनसोल एमएल लाइन शाखा के बीच बी आर संख्या 520/बी की रीगर्डरिंग और अन्य सहायक कार्य। 2) सीतारामपुर-झाझा शाखा में पुल संख्या 656 अप (4x18.3 मीटर) और पुल संख्या 691 डाउन (3x18.3 मीटर), पुल संख्या 637 अप और डाउन स्पैन -2 (1x18.3 मीटर + 1x12.2 मीटर), पुल संख्या 640 स्पैन-2 (2x8.54 मीटर) +3x18.30 मीटर), पुल संख्या 663 स्पैन-2 (1x18.30 मीटर) 640 की जैकेटिंग के साथ और अन्य कार्यों की रीगर्डरिंग एवं अन्य सहायक कार्य। 3) अंडाल-आसनसोल शाखा में रानीगंज-कालीपहाड़ी के बीच पुल संख्या 509 (अप/2) की रेगर्डरिंग और अन्य सहायक कार्य। 4) आरपीएफ आउट पोस्ट गिरिडीह, कटोरिया और कालूबथान में 05 सीट क्षमता के 03 आरपीएफ कार्यालय भवन का निर्माण, 5) 16 बीएन/ आरपीएसएफ/ आसनसोल में संलग्न शौचालय/स्नानघर, रसोई आदि के साथ पूरी तरह सुसज्जित 50 बिस्तरों वाले (डबल बेड रूम) स्टाफ बैरक का निर्माण"; **निविदा मूल्य:** रु.53,23,428.84; **बयाना राशि:** रु.1,06,500.00; **कार्य की पूर्णता अवधि:** एलओए जारी होने की तिथि से 12 (बारह) महीने; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 22.09.2025 को 11.00 बजे। वेबसाइट विवरण : **http://www.ireps.gov.in**

(ASN-171/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : X @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# गिरिडीह में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ने प्रतिभागियों को शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं में सुधार हेतु दी गई प्रशिक्षण जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज डीपीआरसी भवन में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए - जगुआ) के अन्तर्गत जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि जनजातीय बहुल ग्रामों के सर्वांगीण विकास हेतु 2 अक्टूबर 2024 को भगवान बिरसा के नाम पर प्रारंभ की गई। योजना धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत झारखंड के 22 जिले के 224 प्रखंडों के 7100 गांव और गिरिडीह जिले के 09 प्रखंडों के कुल 143 ग्रामों को चिन्हित किया गया है। संपूर्ण योजना के संवेदनशील क्रियान्वयन तथा सिंगल विंडो ग्रीवेंस रिड्रेसल आदि सेवा केंद्र के संचालन तथा ग्राम विकास विजन के निर्माण के लिए ओरिएण्टेशन के जरिये मिशन आदि कर्मयोगी का राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय तथा प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इसके बाद चयनित सभी 143 ग्रामों में आदि साथियों की मदद से बॉटम अप अप्रोच के साथ सभी मूलभूत आवश्यकता जो व्यक्तिगत अथवा सामुदायिक प्रकृति की होंगी, उसको सुनिश्चित करने का विस्तृत प्लान बनाया जाना है। आगे उन्होंने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान भारत के जनजाति समुदाय के संपूर्ण उत्थान के लिए एक अति महत्वकांक्षी योजना है। उनके द्वारा बताया गया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान भारत के जनजाति समुदाय के संपूर्ण उत्थान के लिए एक अति महत्वकांक्षी योजना है। इस अभियान के अंतर्गत वैसे ग्रामों का चयन किया गया है, जिनकी कुल जनसंख्या 500 से अधिक हो।

## बेटियों की सुरक्षा को लेकर विधायक सख्त

**नवबिहार टाइमस संवाददाता**

**गिरिडीह।** जमुआ विधायक मंजु कुमारी ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया के माध्यम से देवरी पुलिस को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जमुआ विधानसभा अंतर्गत देवरी थाना क्षेत्र के घोसे पंचायत, बरोटांड़ ग्राम में स्कूल जाती मासूम बच्चियों के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना बेहद शर्मनाक है। यह केवल एक परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की बेटियों की शिक्षा और सम्मान पर सीधा हमला है। विधायक ने बताया कि घटना के बाद 3 अगस्त को एफआईआर दर्ज हो चुकी है। बावजूद मुख्य आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। उन्होंने आरोप लगाया कि देवरी पुलिस की निष्क्रियता अपराधियों का मनोबल बढ़ा रही है और उन्हें संरक्षण मिल रहा है मंजु कुमारी ने स्पष्ट कहा कि यदि 29 अगस्त 2025 तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो 30 अगस्त को देवरी की जनता द्वारा बुलाए गए थाना घेराव कार्यक्रम का वह समर्थन करेंगी। इस आंदोलन में भाजपा जिला के साथ-साथ पूरे जमुआ विधानसभा की जनता शामिल होगी।

# खेल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




**गिरिडीह।** आज राष्ट्रीय खेल दिवस के पूर्व संध्या पर मोंगिया नेशनल वॉलीबॉल अकादमी, उदनाबाद में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस आयोजन का उद्देश्य एक महत्वपूर्ण उपलब्ध के आधार पर रखा गया। सनद रहे कि भारतीय वॉलीबॉल खेल के जमीनी विकास में केंद्र सरकार द्वारा एक एतिहासिक कदम उठाया गया, जिसमें मोंगिया नेशनल वॉलीबॉल अकादमी भारत सरकार खेलो ईण्डिया मिशन के अंतर्गत केवल बालको के लिए देश का पहला मान्यता प्राप्त वॉलीबॉल अकादमी बना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएनवीए के चेयरमेन डॉ० गुणवंत सिंह मोंगिया ने कहा इस कार्यक्रम में एमएनवीए के सचीव जयद्वीप सरकार ने कहा ज्ञात हो कि खेल से संबधीत खेलो ईण्डिया भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण ईकाई है जो निजी खेल संस्थानों को उनके कई मापदण्डो को पूर्ण करने के पश्चात उसे मान्यता प्रदान करती है। मान्यता प्रदान करने के पूर्व खेलो ईण्डिया कि एक विशेष टीम ने एमएनवीए का दौरा किया जिसमें खेलो ईण्डिया के कई उच्च स्तरीय पदाधीकारी शामिल थे। गहन जाँच-पड़ताल के पश्चात खेलो ईण्डिया ने एमएनवीए को कई निद्रेश जारी किए जिसको एमएनवीए ने अपने संस्थान में उच्च स्तरीय रुप से प्राप्त निद्रेश को अमली जामा पहनाया तत्पश्चात एमएनवीए को भारत सरकार के महत्वकांक्षी योजना खेलो ईण्डिया से एमएनवीए को मान्यता प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मंच संचालन किया।

## मनायी गयी पुण्यतिथि

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी पीएन सिंह की 12 वीं पुण्यतिथि उनके चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने की ।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अजीवन कांग्रेसी रहे पीएन सिंह सयुंक्त बिहार में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य, लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष, रियाडा के चेयरमैन रहे तथा बिहार से झारखंड अलग होने पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष पर कार्यरत रहे ।


**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त निविदा सूचना सं. : ईएल-एचडब्ल्यूएच- सीओएन - जीईएनएल - 164-2025-एनआईटी दिनांक: 27.08.2025,** उप मुख्य विद्युत अभियंता/सीओएन, 371-तेलकल घाट रोड, हावड़ा-711101 द्वारा ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के माध्यम से पर्याप्त वित्तीय क्षमता और पर्याप्त अनुभव वाले अनुभवी विद्युत ठेकेदारों, साझेदारी फर्मों आदि से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. : ईएल-एचडब्ल्यूएच-सीओएन-जीएनएल-164-2025; कार्य का नाम:** "लिलुआ के लिए शेड के निर्माण के संबंध में विद्युत (जी) कार्य - पूर्व रेलवे के लिलुआ वर्कशॉप में जे-शॉप में एलएचबी एसी कोच ओवरहालिंग सुविधाओं का विस्तार"; **निविदा मूल्य:** रु.89,71,594.00; **निविदा दस्तावेज की लागत:** शून्य; **बयाना राशि:** रु.1,79,400.00; **समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने; **समापन की तिथि एवं समय:** 23.09.2025 को 15:00 बजे। निविदा दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं तथा निविदा के लिए ऊपर उल्लिखित निविदा समापन तिथि और समय पर या उससे पहले इस निविदा के लिए ऊपर उल्लिखित "निविदा दस्तावेज की लागत" और "बयाना राशि" का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद **www.ireps.gov.in** पर बोलियां प्रस्तुत की जा सकती हैं। सभी प्रकार से पूर्ण निविदाएं तथा ऊपर बताए गए सभी दस्तावेज इस निविदा के लिए **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किए जाने चाहिए। निविदा के लिए बोलियाँ उपरोक्त वेबसाइट पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी हैं। इस निविदा के लिए मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएँगे और यदि कोई मैन्युअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा और तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा। निविदा दस्तावेज़, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी किए गए शुद्धिपत्र (यदि कोई हों) और अन्य बुनियादी जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। यह निविदा सूचना **उप मुख्य विद्युत अभियंता/कनेक्ट, 371-तेलकल घाट रोड, हावड़ा-711101** के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है।

(CON-35/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : X @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


CMYK

### एनडीए का विधानसभा क्षेत्र संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन का दूसरा चरण शुरू

# 2025 में भारी बहुमत से बनेगी एनडीए की सरकार : सम्राट चौधरी


## राजद और कांग्रेस की सरकार ने बिहार को लूटने का काम किया, एनडीए ने विकास कर दिखाया : विजय सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार एनडीए का विधानसभा क्षेत्रों में संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन के दूसरे चरण की शुरुआत आज से हो गयी। एनडीए के दिग्गज नेता विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचे और कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने का मंत्र दिया। विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में फारबिसगंज में जहां उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मंत्री हरि सहनी ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया, वहीं उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा और सांसद धर्मशीला गुप्ता ने गरखा, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, मंत्री नितिन नवीन और ऋतुराज सिन्हा ने आरा में कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इसके अलावा सांसद संजय जायसवाल, रविशंकर प्रसाद बिहार शरीफ, मंत्री मंगल पांडेय और सांसद अशोक यादव पारू, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और मंत्री रेणु देवी मोहिउद्दीन नगर में कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लिया। इसी तरह मंत्री जनक राम और तारकिशोर प्रसाद बरारी विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया जबकि मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू और लखिंदर पासवान पिपरा, मंत्री प्रेम कुमार बेलदौर, सांसद राजीव प्रताप रूडी और शाहनवाज हुसैन मोरवा तथा विनोद नारायण झा और सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल राजपुर विधानसभा में संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। फारबिसगंज में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार अब बदल रहा है। उन्होंने दावा किया कि 2025 में भारी बहुमत से फिर एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि अयोध्या में मोदी सरकार के नेतृत्व में राम मंदिर का निर्माण हुआ है। अब बिहार के सीतामढ़ी स्थित पुनौराधाम में करीब एक हजार करोड़ रुपये की लागत से भव्य सीता मंदिर बन रहा है। उन्होंने इसके लिए नीतीश कुमार को धन्यवाद दिया। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि 2005 से पहले पूरे बिहार में बिजली की स्थिति खराब थी। तब 17 लाख उपभोक्ता थे, जो अब बढ़कर 2 करोड़ 41 लाख हो गए हैं। 2005 में केवल 350 मेगावाट उत्पादन था जबकि आज 9 हजार मेगावाट खपत हो रही है। सरकार ने 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि हम सबका साथ, सबके विकास की बात करते हैं। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि फारबिसगंज की जनता बराबर एनडीए के साथ खड़ी रही है और इस बार भी खड़ी रहेगी। इधर, उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने गरखा में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार अब सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य सरकारों ने जहां बिहार को लूटने का काम किया, वहीं नीतीश कुमार की एनडीए सरकार ने बिहार के विकास के लिए काम किया। अगले पांच साल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक करोड़ बिहार के लोगों को नौकरी और रोजगार देने का वादा किया है। उप मुख्यमंत्री सिन्हा ने कार्यकर्ताओं से केंद्र और प्रदेश के विकास कार्यों को लेकर लोगों के घरों तक जाने का आह्वान किया। उन्होंने अगले चुनाव में बिहार के विकास के लिए एनडीए सरकार बनाने की अपील की।

## नीतीश कुमार को उद्घाटनकर्ता के रूप में आमंत्रित करने के लिए प्रो. रणबीर नंदन ने की भेंट



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से आगामी 18 सितंबर 2025 को राजधानी पटना के बापू सभागार में राज्यस्तरीय मठ-मंदिर पुजारी, महंत और न्यासधारी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन का उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आमंत्रित किया गया है। इस सिलसिले में बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष और पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन ने गुरुवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात की और उन्हें कार्यक्रम में उद्घाटनकर्ता के रूप में आमंत्रित किया। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रो. नंदन को शाल ओढ़ाकर आशीर्वाद भी दिया। मुख्यमंत्री द्वारा आश्वासन के बाद प्रो नंदन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री से मिलने पर उनका स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उन्होंने 18 सितंबर को आयोजित सम्मेलन में उद्घाटनकर्ता के रूप में उपस्थित होने की स्वीकृति दी है। इसके लिए हम उनका कोटिशः आभार प्रकट करते हैं। यह सम्मेलन मठ-मंदिरों के पुजारियों, महंतों और न्यासधारियों को एक मंच पर लाने का प्रयास है जहां धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, पुजारियों के कल्याण और मंदिर प्रबंधन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।

# बिहार में ग्रामीण सड़कों के निर्माण से कम हुई गांवों से शहरों की दूरी

## 1235 ग्रामीण पुलों में 910 पुलों का निर्माण कार्य पूर्ण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की मदद से बिहार में निर्मित ग्रामीण सड़कों और पुलों का संजाल बुनने का काम अब लगभग अपने अंतिम चरण में है। राज्य में बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़कों के निर्माण से गांवों की तस्वीर तो बदली ही है, साथ ही राज्य के सुदूर गांवों से शहरों की दूरी लगातार कम गई है। साथ ही राज्य के ग्रामीण अर्थव्यवस्था को यह सड़कें नई रफ्तार दे रही है। नाबार्ड के सहयोग से इस राज्य योजना के तहत विभिन्न जिलों में स्वीकृत सड़कों के निर्माण की ग्रामीण कार्य विभाग ने जिलावार प्रगति रिपोर्ट गुरुवार को जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 में राज्य की कुल 2025 ग्रामीण सड़कों के निर्माण की विभाग ने प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की थी जिसमें 1859 सड़कों का निर्माण किया जा चुका है। इन 2025 सड़कों की कुल लम्बाई 5254.490 किलोमीटर है जिसमें 4822.474 सड़कों का निर्माण कर लिया गया है। इसी तरह राज्य में ग्रामीण सड़कों के साथ-साथ कुल 1235 पुलों के निर्माण का लक्ष्य भी नाबार्ड के सहयोग से निर्धारित किया गया था जिसमें अब तक कुल 910 पुलों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष 325 पुलों का निर्माण का कार्य जारी है और इसे अगले कुछ महीनों में पूरा कर लिया जाएगा।

**नालंदा समेत इन जिलों का शानदार प्रदर्शन**

ग्रामीण कार्य विभाग के स्तर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार ग्रामीण सड़कों के निर्माण में नालंदा जिला सबसे आगे है जहां कुल 214 सड़कों की स्वीकृति में से 199 सड़कों का निर्माण पूरा किया जा चुका है। नालंदा में 370 किलोमीटर से भी अधिक सड़कों का निर्माण किया जा चुका है जबकि लक्ष्य 396.194 किलोमीटर सड़क के निर्माण का है। साथ ही नालंदा में 67 पुल का निर्माण किया जाना था जिसमें 59 पुल बनकर तैयार हो चुके हैं। वहीं गयाजी में कुल 129 सड़कों के निर्माण की मिली स्वीकृति के विरुद्ध 120 सड़कों का निर्माण हो चुका है। गयाजी में कुल 395.245 किलोमीटर लंबाई की सड़कें बनाने का लक्ष्य निर्धारित है जिसके विरुद्ध अबतक 365.782 किलोमीटर सड़क का निर्माण पूरा हो चुका है जबकि गयाजी में निर्माणाधीन 57 पुलों में 46 पुलों का निर्माण भी पूरा हो चुका है।

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आरपीएस टीचर्स ट्रेनिग कॉलेज, दानापुर, पटना में बीएड एवं एमएड के प्रशिक्षुओं ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया और समाज को नशा के दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराने का कार्य किया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं ने अपने विचारों को अभिव्यक्त करते हुए नशा मुक्त भारत का संकल्प लेकर राष्ट्र की सेवा में स्वयं को आगे बढ़ाने हेतु समाज को अग्रसर होने के लिया प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शैक्षिक एवं गैर-शैक्षिक पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित होकर प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित किए।

## मध्यमा बोर्ड में +2 तक पढ़ाई की मांग, बोर्ड अध्यक्ष ने अपर मुख्य सचिव को सौंपा ज्ञापन

### प्रत्येक जिले में शीघ्र मध्यमा बोर्ड द्वारा +2 तक पढ़ाई होगी शुरू : अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने बुधवार को अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ को ज्ञापन सौंपकर मध्यमा बोर्ड में +2 स्तर तक की पढ़ाई शुरू करने की मांग की। सम्प्रति बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा वर्ग एक से दशम तक की पढ़ाई संस्कृत माध्यम से होती है। अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने बताया कि बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के मानकों को ध्यान में रखकर वर्ग एक से दशम तक का नूतन पाठ्यक्रम तैयार कर सरकार को अनुमोदन हेतु समर्पित की है। वहीं नई शिक्षा नीति 2020 में भी विद्यालय शिक्षा को 12वीं तक एकीकृत रूप से संचालित करने की बात कही गई है। इसी परिप्रेक्ष्य में मध्यमा बोर्ड को भी +2 स्तर तक विस्तारित किया जाना चाहिए। ताकि विद्यार्थियों को संस्कृत शिक्षा की निरंतरता के साथ-साथ उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में समान अवसर मिल सके। श्री झा ने कहा कि अभी छात्रों को दसवीं के बाद अन्य बोर्डों की ओर जाना पड़ता है जिससे उनकी शिक्षा यात्रा बाधित होती है। यदि मध्यमा बोर्ड में +2 की व्यवस्था हो तो संस्कृत शिक्षा का दायरा और प्रभाव दोनों बढ़ेगा। इन्हीं बिन्दुओं को लेकर एक पत्र लिखकर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ.सिद्धार्थ को अवगत कराते हुए बिहार के प्रस्वीकृत 50 संस्कृत विद्यालयों में +2 (उपशास्त्री कक्षा) की पढ़ाई शुरू करने तथा परीक्षा लेने की अनुमति की मांग की गई है।

# पशुपालन से जुड़े व्यवसायों में सरकार देगी सहायता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के पशुपालन निदेशालय ने राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) के अंतर्गत उद्यमिता विकास कार्यक्रम (एनएलएम-इडीपी) की शुरुआत की है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन करना और पशुपालन को व्यावसायिक रूप से मजबूत बनाना है। कार्यक्रम के तहत किसानों, स्वयं सहायता समूहों, किसान उत्पादक संगठनों, सहकारिता संगठनों और निजी उद्यमियों को पशुपालन से जुड़े व्यवसायों में सरकार के स्तर से सहायता प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम का मकसद रोजगार सृजन और उत्पादकता वृद्धि करना है। जुगाली करने वाले छोटे पशु, कुक्कुट और सूअर पालन क्षेत्र और चारा क्षेत्र में उद्यमिता विकास के माध्यम से रोजगार का सजृन करना है। नस्ल सुधार के जरिए प्रति पशु उत्पादकता में वृद्धि करना है। मांस, अंडा, बकरी का दूध, ऊन और चारे के उत्पादन को बढ़ाना है। चारा बीज आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त बनाकर इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करना। मांग आपूर्ति के अंतर को कम करने के लिए चारा प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना को प्रोत्साहित करना भी इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है। इसके साथ ही किसानों के लिए पशुधन बीमा सहित जोखिम प्रबंधन उपायों को बढ़ावा देना। मुर्गी, भेड़, बकरी पालन और चारा प्राथमिकता वाले क्षेत्र में अनुसंधान को प्रोत्साहित करना। उत्पादन लागत को कम करने और पशुधन क्षेत्र के उत्पादन में सुधार के लिए कौशल आधारित प्रशिक्षण और प्रौद्योगिकियों के प्रसार को बढ़ावा देना भी इसके प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है। कार्यक्रम के तहत योजनाओं में लाभार्थियों को अधिकतम 50% कैपिटल सब्सिडी प्रदान की जाएगी जो पशुपालन से जुड़े उद्यमों को शुरू करने में महत्वपूर्ण सहायता साबित होगी। माना जा रहा है कि यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मददगार होगी।

## नेपाल के रास्ते बिहार में घुसे जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार पुलिस मुख्यालय ने बड़ा अलर्ट जारी किया है। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकी नेपाल के रास्ते बिहार में घुसे हैं। इनमें हसनैन अली (रावलपिंडी निवासी), आदिल हुसैन (उमरकोट निवासी) और मोहम्मद उस्मान (बहावलपुर निवासी) शामिल हैं। पुलिस ने तीनों आतंकियों के नाम और तस्वीरें सार्वजनिक कर दी हैं। इनके पासपोर्ट से जुड़ी जानकारी भी साझा की गई है। बताया जा रहा है कि ये आतंकी अगस्त के दूसरे हफ्ते में काठमांडू पहुंचे और तीसरे हफ्ते में नेपाल बॉर्डर से बिहार में दाखिल हुए। आशंका है कि ये किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे।

# प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक बयान को हिंदुस्तान कतई बर्दाश्त नहीं करेगा : नित्यानंद राय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने वोटर अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के समर्थकों द्वारा प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए दोनों पार्टियों को कटघरे में खड़ा करते हुए बिहार और देश के लोगों से माफी मांगने की मांग और कहा कि बिहार के लोग यह कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री को राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के मंच से प्रधानमंत्री के खिलाफ इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी की जाए। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा कि यह विपक्ष के नेता बनने के लायक नहीं है क्योंकि जिस मंच से प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की जाए और उसको लेकर कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी की तरफ से माफी नहीं मांगना यह बताता है कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव वोटर अधिकार यात्रा के नाम पर देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने का काम कर रहे हैं। इतना ही नहीं विरोधी दल के लोगों ने वोटर अधिकार यात्रा को गाली गलौज करने का मंच बना कर रख दिया है। बिहार भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और उजियारपुर से लोकसभा सांसद नित्यानंद राय ने कहा कि आजकल राहुल गांधी और तेजस्वी संविधान की कॉपी जेब में लेकर घूम रहे हैं, लेकिन इनलोगों ने संविधान को मजाक बना कर रख दिया है। क्या राहुल गांधी को नहीं मालूम है कि प्रधानमंत्री का पद संवैधानिक पद है? क्या राहुल गांधी को यह नहीं मालूम है कि प्रधानमंत्री पूरे देश के होते हैं किसी पार्टी के नहीं? और यह जानने के बाद भी प्रधानमंत्री के खिलाफ जिस तरह की टिप्पणी की जा रही है इसका जवाब देश के लोग देंगे। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को चेतावनी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर तत्काल राहुल गांधी और तेजस्वी यादव देश के लोगों से माफी मांगे अन्यथा भारतीय जनता पार्टी चुप नहीं बैठेगी। प्रधानमंत्री के अपमान को लेकर बिहार के 14 करोड़ लोगों में जबरदस्त गुस्सा है और इसका जवाब जनता देने के लिए तैयार है।

# क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्त्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** पटना में क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में 7 सांसदगण, 1 विधायक एवं जेड.आर.यू.सी.सी. के अन्य 25 सदस्यों ने भाग लिया एवं यात्री सुविधाओं में वृद्धि तथा जन-आकांक्षाओं से जुड़े मुद्दों के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये जिस पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा गंभीरता से विचार करने की बात कही गयी। बैठक में सांसदगण उपेन्द्र कुशवाहा, रामप्रीत मंडल, डॉ. भीम सिंह, अशोक कुमार यादव, चन्द्र प्रकाश चौधरी, मनीष जायसवाल, सांसद श्रीमती शांभवी, विधायक रामनिवास शाह सहित क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के अन्य सदस्यगण ने पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में रेल अवसंरचना के विकास, यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी आदि के संबंध में अपना बहुमूल्य सुझाव दिए। इसके पूर्व महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने सांसद गण, विधायक एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि हम उत्कृष्ट कार्य निष्पादन तथा कार्यक्षेत्र में दक्षता को बढ़ाकर इस क्षेत्रीय रेल को निरंतर आगे बढ़ाने की ओर सदा अग्रसर हैं और इस दिशा में यात्री सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। महाप्रबंधक ने कहा कि यात्री सेवाओं से संबंधित मामलों पर परामर्श, यात्री सेवाओं की गुणवत्ता तथा दक्षता में सुधार आदि के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों को यात्रियों के प्रति और ज्यादा अनुकूल एवं लाभदायक बनाने के लिए जेड.आर.यु.सी.सी. के सदस्यों द्वारा प्राप्त सुझाव काफी महत्वपूर्ण है। बैठक के अंत में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि हमने आपके बहुमूल्य सुझावों को नोट किया है जिससे हमें काफी मार्गदर्शन मिला है। महाप्रबंधक ने कहा कि प्राप्त सभी सुझावों पर समुचित कार्यवाही की जाएगी। अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने सभी सदस्यों को बैठक में अपना बहुमूल्य समय निकाल कर भाग लेने तथा सुझाव देने के लिए धन्यवाद दिया।

# पुरुषों का हीरो एशिया कप आज से राजगीर में होगा शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इंतजार खत्म हुआ क्योंकि 10 दिवसीय हीरो पुरुष एशिया हॉकी कप 2025 कल से बिहार के राजगीर में हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की जयंती पर 'राष्ट्रीय खेल दिवस' पर शुरू होने वाला है। यह हॉकी एशिया कप का 12वां संस्करण है जिसमें आठ शीर्ष एशियाई देश - भारत, जापान, चीन, कजाकिस्तान, मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे - हिस्सा लेंगे। सभी टीमें राजगीर पहुंच चुकी हैं जहां वे एशिया कप 2025 के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। राजगीर के विभिन्न होटलों में खिलाड़ियों के ठहरने के लिए पर्याप्त सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्था की गई है जबकि भारतीय हॉकी टीम के सदस्य खेल परिसर में ठहरेंगे। सभी मैच कल यानी 29 अगस्त से राजगीर स्थित अंतर्राष्ट्रीय खेल परिसर में खेले जाएंगे और 7 सितंबर, 2025 को समाप्त होंगे। यह आयोजन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह 2026 एफआईएच हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफायर के रूप में कार्य करता है, जिसने प्रत्येक खेल को और अधिक गहन और महत्वपूर्ण बना दिया है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक-सह-सीईओ रवींद्रन शंकरन ने कहा यह पहली बार है कि पुरुष एशिया हॉकी कप बिहार के राजगीर में आयोजित किया जा रहा है। यह एशिया कप का 12वां संस्करण है जिसमें आठ टीमें भाग ले रही हैं। उन्होंने बताया कि अब तक आयोजित 11 संस्करणों में से, गत विजेता दक्षिण कोरिया पुरुष एशिया कप में भाग लेने वाली सबसे सफल टीम है क्योंकि उसने 1994, 1999, 2009, 2013 और 2022 में पांच बार खिताब जीता है जबकि मेजबान भारत ने 2003, 2007 और 2017 में कप जीता है और पाकिस्तान ने भी 1982, 1985 और 1989 में तीन बार यह खिताब जीता है। हॉकी प्रशंसकों को स्टेडियम में मैच देखने के लिए आकर्षित करने हेतु, हॉकी इंडिया ने पहले ही घोषणा कर दी है कि राजगीर में होने वाले एशिया कप के सभी मैचों में प्रवेश निःशुल्क होगा।

## दिगम्बर जैन पर्यूषण पर्व के पहले दिन की गई क्षमा धर्म की पूजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** दिगम्बर जैन समाज का दस दिवसीय पर्यूषण (दशलक्षण) पर्व आज गुरुवार 28 अगस्त से प्रारम्भ हुआ। पर्युषण पर्व के पहले दिन क्षमा धर्म की पूजा की गई। आज पटना के मीठापुर, कदमकुआं, मुरादपुर, कमलदह मंदिर गुलजार बाग, कालीबीबी का कटरा, गुरारा दिगम्बर जैन मंदिर सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में क्षमा धर्म की पूजा की गई। इससे पहले सभी मंदिरों में दस दिनों के लिए ध्वजारोहण किया गया। दस दिनों के लिए पूजा के पात्रों का चयन किया गया। भगवान का अभिषेक एवं शान्तिधारा की गयी। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि कदमकुआं स्थित श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में दसलक्षण पर्व सम्पन्न कराने इटावा से प्रतिष्ठाचार्य पंडित मनीष जैन शास्त्री एवं फिरोजाबाद से भजनकर्ता एवं संगीतकार शैंकी जैन पधारे हैं जिनके सानिध्य में दसलक्षण पर्व की पूजा प्रारम्भ हुई। मंत्री ज्ञान पाटनी ने बताया कि ध्वजारोहण अध्यक्ष बिनोद पहाड़िया जैन द्वारा किया गया।

# पीएम की मां पर अपशब्द बोलने के विरोध में आक्रोश यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** राज्यसभा सांसद सह बिहार महिला मोर्चा की अध्यक्ष डॉ. धर्मशीला गुप्ता की अध्यक्षता में भाजपा महिला मोर्चा, बिहार प्रदेश द्वारा कांग्रेस नेता सह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के द्वारा बिहार में चल रहे वोटर अधिकार यात्रा के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वर्गीय माता जी पर अमर्यादित भाषा का उपयोग करने व अपशब्द बोलने के विरोध में पटना के वीर चंद्र पटेल मार्ग पर आक्रोश यात्रा का आयोजन किया गया। आक्रोश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला मोर्चा के पदाधिकारी के साथ आम महिला शामिल हुई। गौरतलब हो कि कांग्रेस नेता और राजद के नेता जिस तरह जो संसद में और विधानसभा में संवैधानिक पद पर आसीन हैं उनके द्वारा देश ही विदेश में भी देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वर्गीय माता के लिए ऐसी अमर्यादित भाषा का उपयोग करना निंदनीय और घृणित कृत्य हैं जिसकी जितनी निन्दा की जाय कम है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को अपने उद्बोधन में राज्यसभा सांसद सह बिहार महिला मोर्चा की अध्यक्ष डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पूज्य स्वर्गीय माताजी के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग अत्यंत निंदनीय है। यह केवल प्रधानमंत्री जी की माताजी का नहीं, बल्कि हर मां और हर महिला के सम्मान का अपमान है। राजनीति में असहमति हो सकती है, लेकिन मातृ सम्मान पर प्रहार हमारी संस्कृति के खिलाफ है। राहुल और तेजस्वी को इस घृणित कृत्य के लिए देशवासियों और बिहार की जनता से माफी मांगनी चाहिए। आक्रोश यात्रा का नेतृत्व महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज जायसवाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री श्रीमती भारती सुमन, वरिष्ठ नेत्री सुषमा साहू, प्रदेश मंत्री सीमा पांडेय, सीमा झा, शशि बेलडीहा प्रदेश मिडिया इंचार्ज कुमारी बसुधा, माला सिन्हा, कांति केशरी, प्रीति पाठक, गुड़िया तिवारी, माला सिन्हा, पिंकी यादव एवं सुनीता दुबे समेत बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की सदस्य और आम महिला शामिल हुई।

## संपादकीय

# दहेज के लिए महिलाओं की हत्या एक अफसोसनाक हकीकत

आधुनिक और शिक्षित माने जाने वाले समाज में अगर दहेज और इसकी वजह से होने वाली हत्या के मामले एक गंभीर समस्या के रूप में आज भी कायम हैं, तो यह सोचने की जरूरत है कि हमारे विकास की दिशा क्या रही है और इसका हासिल क्या है। यों, देश भर से दहेज के लिए किसी महिला की हत्या कर देने या उसे भयानक स्तर पर प्रताड़ित करने के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। मगर उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले से दहेज हत्या का जैसा मामला सामने आया है, वह बताता है कि आज भी कुछ लोग किस तरह की संकीर्णता, जड़ता और पिछड़े मानस से ग्रस्त है और लोभ में कितने अमानुष और क्रूर हो जा सकते हैं। गौरतलब है कि सिरसा गांव में एक महिला को उसका पति और ससुराल के अन्य लोग लगातार दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित करते थे, जबकि महिला के मायके से ज्यादातर मांग पूरी की गई। मगर जब व्यक्ति पर बेलगाम लालच हावी हो जाता है, तब उसके क्रूर हो जाने की आशंका बहुत बढ़ जाती है। छत्तीस लाख रुपए की नई मांग आखिरकार इस नतीजे तक पहुंची कि महिला को उसके पति ने यातना देते हुए जिंदा जला कर मार डाला।

यह घटना एक बार फिर बताती है कि अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों और विकास के दावों के बीच समाज में परंपरा के नाम पर ऐसी क्रूरताएं पल-बढ़ रही हैं, जिनका शिकार आए दिन महिलाएं हो रही हैं। सवाल है कि दहेज के खिलाफ बने सख्त कानून के बावजूद एक व्यक्ति कैसे यह साहस कर पाता है कि वह न केवल विवाह में दहेज की ऊंची मांग पूरी करवाता है, बल्कि शादी के बाद भी लगातार धन या सामान की मांग करते हुए वधू को प्रताड़ित करता है और कभी मार भी डालता है। ऐसा लगता है कि न तो कानून को अमल में लाने के लिए सरकार की ओर से पर्याप्त संजीदगी बरती जाती है, न ही दहेज के लिए वधू को यातना देने वालों को इस कानून का कोई खौफ सताता है। इसकी वजह इस हकीकत में छिपी है, जिनमें दहेज उत्पीड़न या हत्या के मामले अगर अदालतों में पहुंचते भी हैं, तो मुकदमे की सुनवाई वर्षों तक खिंचती चली जाती है और फिर ऐसे मामलों में सजा की दर काफी कम है।जाहिर है, दहेज के लिए महिलाओं की हत्या एक अफसोसनाक हकीकत है और इसे रोकने के तरीके अब तक कारगर नहीं रहे हैं। हालांकि एक धारणा यह फैलाई जाती रही है कि दहेज के बहुत सारे मामलों में इससे संबंधित कानून का दुरुपयोग किया जाता है और नाहक ही पति और उसके परिवार को फंसाने की कोशिश की जाती है।

**संघ ने इस बीच अपनी स्थापना की शतकीय यात्रा पूरी करने की ओर है। विजयादशमी के दिन साल 1925 में स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस विजयादशमी को अपनी सौ साल की गौरवपूर्ण यात्रा पूरी कर लेगा। जाहिर है कि यह संघ शताब्दी वर्ष है, इस लिहाज से इस बार संघ की कोशिश अपने विचार को जन-जन और हर परिवार तक पहुंचाने की है। यही वजह है कि इस बार मोहन राव भागवत का यह संवाद कार्यक्रम इस बार बेंगलुरु, कोलकाता और मुंबई में संघ में भी आयोजित किया जाना है। संघ के आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि हो सकता है कि इसके अलावे भी अन्य जगहों पर भी व्याख्यान आयोजित किए जाएं।**

# संघ प्रमुख के व्याख्यान से साफ होगी वैचारिक तस्वीर

**(उमेश चतुर्वेदी )**

संघ प्रमुख इसके पहले साल 2018 में भी इसी तरह का व्याख्यान दे चुके हैं। जिसमें संघ प्रमुख मोहन राव भागवत ने संगठन के विचारों से उन लोगों का परिचय कराने की कोशिश की थी, जो संघ से परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से नहीं जुड़े हैं। संवाद और शास्त्रार्थ की परंपरा वाले देश में हाल के दिनों में सार्वजनिक चर्चाओं की गुंजाइश लगातार कम हुई है। इसे कभी असहिष्णुता तो तभी दूसरे विचार की उपेक्षा के तौर पर देखा गया है। देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक पद प्रधानमंत्री तक से शिकायत है कि संवाद नहीं रहा। ऐसे माहौल में अगर देश का पुराना संगठन और उसका प्रमुख खुद संवाद के लिए आगे आता है तो उसका भी स्वागत होना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन राव भागवत की दिल्ली में होने जा रहे संवाद कार्यक्रम के जरिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने खुद पर उठने वाले सामाजिक और राजनीतिक सवालों के साथ ही आक्षेपित आरोपों पर जवाब देने की तैयारी है। इस कार्यक्रम के लिए राजनीतिक दलों की हस्तियों को भी आमंत्रित किया गया है, देखना है कि कितने दलों के लोग इसमें शामिल होते हैं।

संघ प्रमुख इसके पहले साल 2018 में भी इसी तरह का व्याख्यान दे चुके हैं। जिसमें संघ प्रमुख मोहन राव भागवत ने संगठन के विचारों से उन लोगों का परिचय कराने की कोशिश की थी, जो संघ से परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से नहीं जुड़े हैं। संघ से जो जुड़े हैं, जो उसके कार्यकर्ता हैं, जो स्वयंसेवक हैं, वे जानते हैं कि संघ है क्या, संघ की सोच क्या है और संघ किन विचारों के साथ आगे बढ़ रहा है। बहरहाल साल 2018 का वह आयोजन सिर्फ दिल्ली में हुआ था। संघ ने इस बीच अपनी स्थापना की शतकीय यात्रा पूरी करने की ओर है। विजयादशमी के दिन साल 1925 में स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस विजयादशमी को अपनी सौ साल की गौरवपूर्ण यात्रा पूरी कर लेगा। जाहिर है कि यह संघ शताब्दी वर्ष है, इस लिहाज से इस बार संघ की कोशिश अपने विचार को जन-जन और हर परिवार तक पहुंचाने की है। यही वजह है कि इस बार मोहन राव भागवत का यह संवाद कार्यक्रम इस बार बेंगलुरु, कोलकाता और मुंबई में संघ में भी आयोजित किया जाना है। संघ के आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि हो सकता है कि इसके अलावे भी अन्य जगहों पर भी व्याख्यान आयोजित किए जाएं।

किसी संगठन का सौ साल पूरा कर लेना मामूली बात नहीं है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी 100 साल की यात्रा में समाज के हर वर्ग तक पहुंचने की कोशिश की है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मोहन राव भागवत के इस शताब्दी व्याख्यान के लिए गंभीर तैयारियां की हैं। संघ ने आगंतुकों के लिए 17 श्रेणियां और 138 उप-श्रेणियां बनाई हैं।

संघ सर्वदा यह जताने की कोशिश करता रहा है कि उसकी सोच, उसका विचार अन्य लोगों से अलग नहीं है। संघ को उसके विरोधियों ने भले ही कभी अछूत तो कभी सांप्रदायिक कहने की कोशिश की हो, लेकिन संघ ने उनके प्रति भी कभी वैमनस्यबोध नहीं रखा और ना ही उनके साथ कोई छुआछूत की भावना रखी। संघ के कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के अनुभवों से गुजरते हुए पता चला है कि उन्हें विरोधी राजनीतिक विचारधारा वाले नेताओं और बड़ी हस्तियों तक से मिलने, साथ चाय-पानी करने, भोजन करने, सहयोग करने-कराने तक का अवसर मिला है। संघ जरूर एक बात पर जोर देता है कि उसकी सोच भारत की स्थापित और मूल्यवान परंपराओं से प्रभावित है। संघ भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में गहराई से विश्वास करता है, इसीलिए वह हर भारतीय मे हिंदुत्व के मूल को देखने-समझने की कोशिश करता रहा है।



संघ पर गांधी जी को लेकर कई मिथ्या आरोप लगते रहे हैं। लेकिन सच यह भी है कि गांधी जी संघ के वर्ग को देखने गए थे। 27 सितंबर 1947 के हरिजन के अंक में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, साल 1936 में वर्धा के पास लगे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिविर में गांधी जी गए थे। उसके अगले दिन गांधी जी के वर्धा स्थित तत्कालीन निवास पर डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने भेंट की थी। माना जा रहा है कि संघ प्रमुख के कल से होने वाले व्याख्यान में एक बार फिर इसकी चर्चा हो सकती है। चूंकि संघ का दृष्टिकोण राष्ट्र की प्रगति के लिए सभी के साथ मिलकर काम करना है। लिहाजा संघ के इस व्याख्यान का एक उद्देश्य यह भी है कि वह अपनी सौ साल की विकास यात्रा में समूचे देश के साथ जुड़े और समूचा देश एक साथ आगे बढ़ता रहे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पंच परिवर्तन के सिद्धांत स्वीकार रखा है और इन्हीं बिंदुओं पर समाज के बीच काम कर रहा है। संघ के पंच परिवर्तन का पहला बिंदु है, ससामाजिक समरसता। इसके तहत संघ और उसके असंख्य कार्यकर्ता लगातार समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सौहार्द और प्रेम बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए काम कर रहे हैं। संघ के पंच परिवर्तन का दूसरा महत्वपूर्ण बिंदु है कुटुम्ब प्रबोधन, जिसके तहत संघ की कोशिश राष्ट्र के विकास में परिवार को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली इकाई के रूप में संवर्धित करने के प्रयासों में लगातार जुटा है। पंच परिवर्तन के तीसरे बिंदु पर्यावरण संरक्षण के तरह संघ पृथ्वी को माता तो मानता ही, इसी आधार पर पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार सक्रिय रहता है और अपने स्वयंसेवकों के साथ ही समाज से ही आशा करता है कि वह भी ऐसा ही करे। पंच परिवर्तन के चौथे बिंदु स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के तहत संघ अपने विभिन्न सहयोगी संगठनों और प्रकल्पों के माध्यम से लगातार देश की स्वदेशी अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भरता की दिशा में काम कर रहा है। पंच परिवर्तन के पांचवें बिंदु नागरिक कर्तव्य के तहत संघ की कोशिश देश के हर नागरिक की वैचारिकी को इस तरह स्थापित करना है कि वह अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन बखूबी कर सके और इस तरह राष्ट्रहित में अपना अप्रतिम योगदान दे सके। ऐसा कहा जा रहा है कि मोहन भागवत के इस व्याख्यान में इस बार इन पंच परिवर्तन के बिंदुओं पर जोर रहेगा और इसके तहत लोगों के बीच संघ अपनी बात, अपनी सोच और अपनी वैचारिकी को ना सिर्फ स्थापित करने की कोशिश करेगा, बल्कि इसके जरिए राष्टहित में अपना अन्यतम योगदान दे सकेगा। संघ को लेकर एक वैचारिकी को स्थापित किया गया है कि वह अल्पसंख्यक विरोधी है। लेकिन यह सोच भी एकांगी है। संघ हर उस विचार और सोच का विरोधी है, जो भारतीयता या राष्ट का विरोधी है। संघ ना तो अल्पसंख्यक विरोधी है और ना ही समाज में ऊंचनीच का भाव बढ़ाने की कोशिश करता है। साल 2018 के व्याख्यान में मोहन राव भागवत ने इसे बखूबी रेखांकित करके संघ के दामन पर लगे मिथ्या आरोपों की दाग को साफ करने की कोशिश की थी। माना जा रहा है कि इस बार के व्याख्यान में संघ प्रमुख इस बारे में अपनी राय और गंभीरता से रखते हुए संघ के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करेंगे।

साल 2018 में सरसंघचालक भागवत ने भविष्य का भारत विषय पर व्याख्यान दिया था। तब उन्होंने समलैंगिकता, गौरक्षकों को लेकर उठ रही आवाजों, आरक्षण, अंतर्जातीय विवाह और जनसंख्या नीति जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर आरएसएस के रुख को स्पष्ट किया। इन बिंदुओं पर व्याख्यान संघ की स्थिति को स्पष्ट करने, आलोचनाओं का प्रतिकार करने और इस बात पर जोर देने के लिए एक अभियान का हिस्सा थे कि हिंदुत्व के बारे में उनका दृष्टिकोण क्या है। उस व्याख्यान में संघ प्रमुख ने संघ के दूसरे प्रमुख गुरू गोलवलकर की चर्चित पुस्तक 'ब्रंच ऑफ थॉट' पर उठने वाले सवालों का जवाब भी दिया था। तब उन्होंने कहा था कि संघ ऐसा संगठन नहीं है, जो एक ही विचार पर ठहरा रहे। दूसरे शब्दों में कहें तो संघ गतिशील संगठन है। हां, उसका मूल भारत, भारतीयता, भारतीय संस्कृति और हिंदुत्व है। लेकिन इसका मतलब नहीं है कि वह ठस्स विचारों पर अपनी सोच को अटकाए रखे। समय और स्थिति के लिहाज से उसकी वैचारिकी में भी गतिशीलता रहती है। माना जा रहा है कि संघ प्रमुख इस बार भी ऐसी कोई गतिशील सोच और वैचारिकी को प्रस्तुत कर सकते हैं। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# आरएसएस के 100 साल: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का हिंदुत्व क्या है?

**(सुधांशु माहेश्वरी)**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की हिंदुत्व को लेकर एक अलग ही विचारधारा है, उसने हिंदू राष्ट्र की बात कही है, लेकिन उसकी परिभाषा कुछ अलग है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस वर्ष अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर रहा है। 15 अगस्त को पीएम मोदी ने अपने संबोधन में ऋस्र को दुनिया का सबसे बड़ा हृलह बताया था। मगर दुनिया में शायद ही कोई ऐसा दूसरा एनजीओ हो जिसके दो पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं को भारत जैसे विशाल देश का प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिला हो। आरएसएस खुद को एक सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन मानता है, लेकिन भारतीय राजनीति में उसके असर की चर्चा देश-दुनिया में होती रहती है। राजनीति हो या संस्कृति, आरएसएस से जुड़े हर विमर्श के केन्द्र में होता है-हिन्दुत्व। आखिर क्या है ये हिन्दुत्व? क्या है आरएसएस की हिन्दुत्व की परिभाषा? भारतीय राजनीति में हिन्दुत्व की एंट्री कब और कैसे हुई? जनसत्ता विशेष की खास सीरीज 'आरएसएस के 100 साल' के पहले अंक में हम आपको इन्हीं सवालों के जवाब देंगे।

आरएसएस के लिए हिंदुत्व का क्या मतलब है, यह जानने से पहले यह जान लेना जरूरी है कि हिंदुत्व का शाब्दिक अर्थ क्या होता है। बाबू श्याम सुंदर दास द्वारा संपादित हिंदी शब्दसागर में हिंदुत्व का अर्थ खोजने पर इसका मतलब आता है- हिंदू का भाव या फिर हिंदूपन। लेकिन यह तो हुआ हिन्दुत्व का डिक्शनरी मीनिंग। अब हिंदुत्व अपने शाब्दिक अर्थ तक सीमित नहीं रह गया है। इसके राजनीतिक और सामाजिक मतलब भी हैं।

इतिहासकारों के मुताबिक हिंदुत्व शब्द का सबसे पहले इस्तेमाल बंगाली साहित्यकार ने किया था। उनका नाम था- चंद्रनाथ बसु। उन्होंने किताब लिखी थी- हिंदुत्व- हिंदूर प्राकृत इतिहास। 1892 में लिखी गई इस किताब ने कहा था कि मानवता के जरिए ही आप देवताओं तक पहुंच सकते हैं। बसु मानते थे कि जो हिंदू समाज है, असल में वही आध्यात्मिक चेतना पा सकता है। अब बसु ने हिंदुत्व की जो परिभाषा बताई थी, वो राजनीतिक नहीं थी, लेकिन आगे चलकर हिंदुत्व का राजनीतिकरण हुआ और इसके मायने भी बदलते गए।

जानकारों की माने तो वीर सावरकर ने सबसे पहले हिंदुत्व का सियासी मतलब बताया था। वे कहते हैं- मेरे लिए हिंदू वही शख्स है जिसकी पितृभूमि और पुण्यभूमि एक है। यहां भी सावरकर जब पुण्यभूमि की बात करते थे। उनका धार्मिक से ज्यादा सांस्कृतिक मतलब था। अब यहां तक चर्चा में आरएसएस नहीं आई थी, लेकिन फिर 1925 में डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने ऋस्र की स्थापना की और हिंदुत्व के मायने बदल गए।

वॉल्टर के एंडरसन की किताब में भी हेडगेवार की हिंदुत्व परिभाषा बताई गई है। हेडगेवार ने कहा था कि जो भी इस भारत भूमि में रहता है, वो हमारे लिए हिंदू है। हमारे लिए दूसरे धर्म के वो लोग भी हिंदू हैं जो हिंदू मान्यताओं को मानेंगे। हेडगेवार तो मानते थे कि भारत में हर कोई रह सकता है, लेकिन उन्हें इस बात का अहसास जरूर रहना चाहिए कि वे उस हिंदुस्तान में रह रहे हैं जो हिंदुओ का है।

आरएसएस की अगर वेबसाइट का भी हम रुख करेंगे वहां भी हिंदुत्व को लेकर हेडगेवार के विचार स्पष्ट होते हैं। ये भी पता चलता है कि संघ का असल उदेश्य है क्या। हेडगेवार का एक क्यूटे कहता है- हिंदुस्तान की रक्षा तभी हो सकती है जब हिंदू संस्कृति को बचाया जाएगा अगर हिंदू संस्कृति ही खत्म हो गई तो सिर्फ भौगोलिक इलाके को हिंदुस्तान बोलने का कोई मतलब नहीं।

अब हेडगेवार कहने को संघ के संस्थापक थे। उन्होंने भी हिंदुत्व का अपना मतलब समझाया। लेकिन फिर भी इस मामले में ज्यादा श्रेय एम एस गोलवलकर को दिया जाता है। गोलवोलकर ने कहा था कि सभी हिंदुओं को एक समान समझना चाहिए, सभी से प्यार करना चाहिए। हीन भावना कहीं नहीं होनी चाहिए।

गोलवलकर की विचारधारा के बारे में कुछ दूसरी किताबों से भी जानकारी मिलती है.उनकी एक किताब है- वी आर अवर नेशनहुड डिफांड इसमें हिंदुत्व को लेकर तो काफी स्पष्टता से बताया ही गया है। गोलवलकर ने राष्टवाद को लेकर भी बड़ी बातें कही हैं। उनका मानना था कि खून का एक-एक कतरा देश के लिए समर्पित होना चाहिए। वे हिंदुत्व की बात तो करते थे, लेकिन ये भी कहते थे कि बात जब देश सेवा की आए तो जाति-धर्म बीच में नहीं आ सकते। अब आज का आरएसएस हिंदुत्व की बात तो करता है, लेकिन वो राष्टवाद को साथ लेकर चलता है।

मोहन भागवत ने कई मौकों पर एक ऐसे हिंदुत्व की बात की है जहां पर सभी धर्मों को जगह दी गई, जहां पर विविधता पर जोर रहा। एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि आरएसएस का एक ही उदेश्य है- वो पूरे हिंदू समाज को एकजुट करना चाहता है, हिंदू समाज ही जिम्मेदार समाज है, जो लोग इस बात को नहीं समझ पाए, वो अलग हो गए। उन्होंने अपना अलग देश बना लिया। अब अगर भावगत हिंदुओं को एकजुट करना चाहते हैं, उन्होंने ही खुलकर मुस्लिमों को साथ लाने की बात कही है। असल में मोहन भागवत के हिंदुत्व में मुस्लिमों को भी जगह दी गई है।

# बैंकिंग सुविधा से वंचित लोगों को बैंक सेवाएं देने वाली जन धन योजना के 11 वर्ष पूर्ण



**वी. अनंत नागेश्वरन**

वित्तीय समावेशन सतत विकास की एक अनिवार्य शर्त है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि वर्ष 2030 के लिए संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में से 7 इसे दुनिया भर में समावेशी विकास के लिए एक प्रमुख कारक के रूप में मानते हैं। वित्तीय समावेशन की दिशा में पहला कदम बैंकिंग सुविधा से वंचित लोगों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने से शुरू होता है क्योंकि बैंक खाता औपचारिक बैंकिंग प्रणाली के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है।

इसलिए वित्तीय समावेशन के लिए स्पष्ट और संरचित नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता है ताकि शुरू से ही इस सुविधा से वंचित लोगों तक बैंकिंग सेवाओं का विस्तार किया जा सके।

इस सिद्धांत को व्यवहार में लाने के लिए, लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री मोदी के पहले संबोधन में प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) की घोषणा की गई, जिसे राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन मिशन के अंतर्गत 28 अगस्त 2014 को औपचारिक रूप से शुरू किया गया। इस मिशन का विजन ÷मेरा खाता, भाग्य विधाता÷ के नारे में समाहित था। इसका उद्देश्य गरीबों और लंबे समय से वंचित वर्ग के लोगों को आर्थिक मुख्यधारा में लाना, औपचारिक बैंकिंग प्रणाली तक उनकी पहुंच को साकार कराना और यह सुनिश्चित करना था कि वे भारत की विकास गाथा के हितधारक और लाभार्थी बनें। जन धन खातों ने लाभार्थियों को न्यूनतम कागजी कार्रवाई और सरलीकृत केवाईसी/ई-केवाईसी प्रक्रियाओं के साथ जीरो-बैलेंस और शून्य-शुल्क वाले खाते खोलने की अनुमति दी।

इसके अंतर्गत रुपे डेबिट कार्ड पर 2 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा कवर और 10,000 रुपए तक ओवरड्राफ्ट की सुविधा भी दी गई है।

प्रधानमंत्री जन धन योजना ने अपनी शुरुआत के बाद से अभूतपूर्व सफलता हासिल की है।

वर्ष 2024 की एक आर्थिक और राजनीतिक साप्ताहिक पत्रिका ने लिखा है कि ÷2014 और 2017 के बीच भारत में खाताधारकों की संख्या में 26 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि दर दर्ज की गई, जिसका श्रेय दुनिया के




सबसे बड़े वित्तीय समावेशन अभियान-पीएमजेडीवाई को दिया जा सकता है।

यह वैश्विक खाता वृद्धि (6.57) से लगभग चार गुना अधिक है और इसी अवधि के दौरान विकासशील देशों (7.27) की तुलना में तीन गुना अधिक है।÷ 8 अगस्त 2025 तक, 56 करोड़ से अधिक जन धन खाते खोले जा चुके हैं जिनमें से लगभग 67 प्रतिशत ग्रामीण और अर्ध-शहरी केंद्रों में स्थित बैंक शाखाओं में हैं। इस योजना ने लैंगिक असमानताओं को भी स्पष्ट रूप से पाट दिया है- पीएमजेडीवाई के 55 प्रतिशत से अधिक खाते यानी 31 करोड़ से अधिक खाते महिलाओं के पास हैं। इसके अलावा, जन धन खाते सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में पंजीकरण के लिए महत्वपूर्ण माध्यम बन गए हैं। हाल के संसदीय आंकड़ों से पता चलता है कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत लगभग एक-तिहाई नामांकन पीएमजेडीवाई से जुड़े हैं।

प्रधानमंत्री जन धन योजना भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की आधारशिला के रूप में भी उभरा है। इसने भुगतान तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाया है और लाखों लोगों को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) की सफलता को आधार प्रदान करके, पीएमजेडीवाई ने पारदर्शिता को बढ़ाया है, कल्याणकारी वितरण में लीकेज को कम किया है और सरकारी योजनाओं में विश्वास को मजबूत किया है। आधार और मोबाइल कनेक्टिविटी के साथ, जन धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी पूरे भारत में डिजिटल भुगतान को व्यापक रूप से अपनाने में सहायक रही है। जन धन खातों और एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) के बीच तालमेल ने अनौपचारिक क्षेत्र के छोटे और सीमांत उद्यमियों को व्यवसाय करने के लिए औपचारिक वित्तीय चैनलों तक पहुंच प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाया है। एनपीसीआई के हाल के आंकड़ों से पता चलता है कि लगभग आधे यूपीआई लेनदेन खाद्य और किराने के सामान की श्रेणियों में हैं जो यह दर्शाता है कि वित्तीय समावेशन और डिजिटल भुगतान ने मिलकर जमीनी स्तर पर दैनिक कारोबार के स्वरूप को ही बदल दिया है।

इसका प्रभाव वित्तीय पहुंच से कहीं आगे बढ़कर महत्वपूर्ण सकारात्मक बाह्य प्रभाव उत्पन्न कर रहा है। 'ग्रामीण भारत में बैंकिंग, बचत और उपभोग सुगमता तक पहुंच' शीर्षक से 2022 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि बैंकिंग सुविधा तक पहुंच, बचत की बाधाओं को कम करके उपभोग सुगमता में सुधार करती है। यह मुद्दा गरीबों के लिए ऋण बाधाओं जितना ही महत्वपूर्ण है। इसी प्रकार, वर्ष 2021 की एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में पाया गया कि जनधन खातों में ज्यादा जमा राशि वाले राज्यों में अपराध की घटनाओं में कमी देखी गई और जिन राज्यों में प्रधानमंत्री जनधन योजना खाता ज्यादा खुले हैं, वहां शराब और तंबाकू जैसे नशीले पदार्थों के सेवन में महत्वपूर्ण कमी दर्ज की गई।

बैंकिंग सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुंच अब जब साकार होने की ओर है, ऐसे में आगे की चुनौती वित्तीय समावेशन को और गहरा करने की है।

उत्साहजनक रूप से, आरबीआई का वित्तीय समावेशन सूचकांक इस दिशा में निरंतर प्रगति को दर्शाता है। वित्तीय समावेशन के तीन आयामों- पहुंच (35 प्रतिशत), उपयोग (45 प्रतिशत) और गुणवत्ता (20 प्रतिशत)- से संबंधित जानकारी को समाहित करने वाला यह समग्र सूचकांक 2021 में अपनी शुरुआत के बाद से लगातार बढ़ रहा है और मार्च 2024 तक 67.0 तक पहुंच गया है। इस पैमाने पर, जहां 0 पूर्ण बहिष्कार और 100 पूर्ण समावेशन को दर्शाता है, भारत का निरंतर शीर्ष की ओर बढ़ना देश भर में वित्तीय समावेशन के गहन और व्यापक होने को रेखांकित करता है। बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों को आर्थिक मुख्यधारा में लाने में प्रधानमंत्री जन धन योजना की सफलता, एक बार की उपलब्धि नहीं है।

यह गहन वित्तीय समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसके साथ ही यह जीवन, आजीविका और साझा समृद्धि में बदलाव लाने वाले प्रभावों को भी उजागर करता है।

***(श्री वी. अनंत नागेश्वरन भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार हैं)***

# जांच में अनुपस्थित पाए गए शिक्षक, डीएम ने स्पष्टीकरण का दिया निर्देश

## डीएम के निरीक्षण से मचा हड़कंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद।** दाउदनगर प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत +2 हरवंश उच्च विद्यालय गोराडीहा एवं स्वामी धरनीधराचार्य संस्कृत मध्य विद्यालय गोराडीह का जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम राजकीयकृत +2 हरवंश उच्च विद्यालय गोराडीहा का स्थल निरीक्षण किया गया जहां उपस्थिति पंजी की जांच के दौरान यह पाया गया कि कंप्यूटर शिक्षक रविरंजन भारती एवं शिक्षक सुनील कुमार उपस्थिति नहीं थे जिस पर जिलाधिकारी द्वारा दोनों का नाम दर्ज करते हुए उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश प्रधानाध्यापक को दिया गया। जिलाधिकारी ने विद्यालय की सभी कक्षाओं का निरीक्षण करते हुए छात्र-छात्राओं से पढ़ाई लिखाई की स्थिति के संबंध में पूछताछ की। इस दौरान कक्षा 11वीं में नामांकित 40 छात्रों में मात्र 6 छात्र ही उपस्थित पाए गए इतनी न्यून उपस्थिति पर जिला पदाधिकारी द्वारा गहरा असंतोष व्यक्त किया गया तथा प्रधानाध्यापक को छात्रों की उपस्थिति में सुधार हेतु ठोस एवं प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने स्वामी धरनीधराचार्य संस्कृत मध्य विद्यालय गोराडीह का भी औचक निरीक्षण किया जहां उन्होंने शिक्षण व्यवस्था छात्र-छात्राओं की उपस्थिति विद्यालय परिसर की स्वच्छता एवं अनुशासनात्मक स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने यह स्पष्ट किया कि सभी शिक्षकों की समय पर उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण अध्यापन सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है ताकि छात्रों की शिक्षा पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक को यह निर्देश दिया गया कि विद्यालयों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए कक्षाओं में पठन-पाठन की व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए छात्रों की उपस्थिति में उल्लेखनीय सुधार लाने हेतु विशेष पहल की जाए तथा अनुशासनहीनता या शिथिलता बरतने वाले शिक्षकों पर विभागीय कार्यवाही आरंभ करने हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि विद्यालयों का औचक निरीक्षण सतत रूप से जारी रहेगा और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

# अपने बच्चों की पढ़ाई और रोजगार के लिए करें मतदान : प्रशांत किशोर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** आपने जीवन भर हिंदू-मुस्लिम, जात-पात, मुफ्त राशन, गैस सिलेंडर के नाम वोट दिया लेकिन इस बार अपने बच्चों के पढ़ाई और रोजगार के नाम पर वोट दीजिए। जब तक आप लोगों में सुधार नहीं होगा तब तक आपके बच्चों का भविष्य कोई नहीं बदल सकता है। यह बात प्रशांत किशोर ने बिहार बदलाव यात्रा के दौरान गुरुवार को कुटुंबा के बभंडी फील्ड में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने एनडीए और महागठबंधन पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि मैं आपसे वोट मांगने नहीं आया हूं क्योंकि हर साल - दो साल पर कोई न कोई वोट मांगने आपके पास पहुंच जाता है और वोट देने के बाद आपके साथ धोखा होता है। इसका कारण है कि आप लोगों ने अबतक पैसों के लालच में और भाषण सुनकर वोट दिया है। नरेंद्र मोदी पूरे देश से पैसा ले जाकर गुजरात में फैक्ट्री लगा रहे हैं और बिहार के बच्चे वहां मजदूरी करने जा रहे हैं। आप बोओगे बबुल तो आम कहां से पाओगे। अगर आप अपने बच्चों को चिंता नहीं करेंगे तो कोई भी पार्टी आपके बच्चों को चिंता नहीं करेगी। मैं विगत 3 वर्षो से घर परिवार छोड़कर गांव-गांव घूम कर लोगों को समझा रहा हूं। आपने अपने बच्चों के लिए वोट दिया तो बिहार में जनता का राज होगा। एक साल के अंदर बाहर मजदूरी करने गए और घर पर बैठे बेरोजगार बच्चों के लिए 10 से 12000 रुपए महीना का रोजगार दिया जाएगा। जीवन में एक बार अपने बच्चों की पढ़ाई और रोजगार के लिए मतदान करें।

## एक नजर

### 30 को पिपरा पंचायत में जन संवाद यात्रा करेंगे पूर्व सांसद



**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह 30 अगस्त को नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारून प्रखंड के पिपरा ग्राम पंचायत में दूसरे चरण के तहत ग्राम 'जन संवाद यात्रा' करेंगे। प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पूर्व सांसद वीरेन्द्र कुमार सिंह का नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण के तहत सभी गांवों का दौरा हो चुका है। अब दूसरे चरण की शुरुआत कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि 30 अगस्त की सुबह 11 बजे नारायण खाप, 11:30 बजे कटहा, 12 बजे जांनपुर, 1 बजे धुरिया, 1:30 बजे खरजामा, 2 बजे मंगरहीया, 3 बजे बरौली, 4 बजे हस्या बीघा, गुलजार बिगहा, 4:30 बजे कर्मा बीघा, कर्मा एवं 5 बजे पिपरा गांव में जन संवाद यात्रा करेंगे। उक्त सभी कार्यक्रम में जदयू के वरीय कार्यकर्ता और नेता शामिल होंगे।

### फसल को किया जा रहा बर्बाद

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के मथुरापुर एवं देवरिया में खड़ी फसलों को ट्रैक्टर एवं जेसीबी से रौंद दिया गया। इस पर भारतीय किसान यूनियन के जिला संयोजक वशिष्ठ प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष राजकुमार सिंह, किसान नेता नरेंद्र कुमार राय, पप्पू तिवारी, अभय सिंह, जगत सिंह, विक्की सिंह एवं सैकड़ो किसानों ने सरकार और प्रशासन की निंदा की है। साथ ही कहा कि मामले में मुआवजा दिए बगैर किसानों की ज़मीन कब्जा किया जा रहा है जो कही से उचित नहीं है। जिला प्रशासन केवल अपनी पीठ थपथपाने में लगी है। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी भारतमाला परियोजना के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग को बनाने के लिए जमीन उपलब्ध करा ऐसे खुशी जता रहे हैं जैसे कि पाक अधिकृत कश्मीर पर उन्होंने कब्जा कर लिया है। एक तरफ तो बिहार के मुख्य सचिव कहते हैं कि जो किसानों की फसल बर्बाद हुई है पीएमसी कंपनी के द्वारा रौंद दिया गया हैं, उसके लिए हम जांच कमेटी का गठन करेंगे और उचित मुआवजा दिलवायेंगे। एक राज्य का मुख्य सचिव ने भोले - भाले किसानों को इस तरह से बहला फुसलाकर कर भेज दिया जैसे किसी बच्चे के हाथ में खिलौना दे दिया जाता है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम होगा।

### हत्यारोपित के घर कुर्की जब्ती की कार्रवाई

**गोह (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरुवार को उपहारा पुलिस ने थाना क्षेत्र के खैरा गांव में हत्या के फरार आरोपित जितेन्द्र पासवान के घर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गई है। यह आरोपी फरार चल रहा था, तथा उनके खिलाफ न्यायालय ने कुर्की वारंट जारी किया था। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि खैरा गांव में अंतरजातीय विवाह से नाराज युवती के परिजनों ने एक महिला की पिट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दिया गया था, पूर्व में अन्य आरोपियों के घर पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई किया जा चुका है। जितेन्द्र पासवान भी कई दिनों से फरार चल रहा था, जहां न्यायालय से वारंट निर्गत के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

### वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रफीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज पुलिस ने चंदौल गांव से न्यायालय से जारी वारंट के आदेश पर एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार। रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि चंदौल गांव के भरत पासवान के पुत्र जय नंदन पासवान को न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आदेश पर गिरफ्तार किया गया जिसे गिरफ्तार कर जलवा दिया गया तथा पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मारपीट के मामले में वारंट जारी किया गया था।

### 200 गांवों में चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सदर अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में एचआईवी एवं एड्स से बचाव एवं नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय कार्यकारिणी समूह की बैठक की गई। अध्यक्षता प्रभारी सिविल सर्जन डॉ लालसा सिन्हा ने की। इस दौरान पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य समिति, जीविका, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, सी-थ्री, नेहरू युवा केंद्र व डब्ल्यूएचओ, पिरामल के माध्यम से जिले के 200 गांव में एचआईवी एवं एड्स तथा यौन रोग की जागरूकता से संबंधित प्रचार प्रसार करने को लेकर चर्चा किया गया. जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ रवि रंजन द्वारा बैठक में एचआईवी एवं एड्स के कारण बचाव एवं इलाज के बारे में विस्तार रूप से जानकारी दी गई. प्रभारी सिविल सर्जन डॉ लालसा सिन्हा द्वारा एचआईवी एवं एड्स का प्रचार प्रसार का विभिन्न माध्यमों से जिले के एचआईवी एवं एड्स से नियंत्रण पाने हेतु सुझाव दिया गया।

# निर्वाचक नामावली से नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए विशेष कैंप का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** नए मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में शामिल करने हेतु सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। यह कैंप जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इस कैंप में वे छात्र-छात्राएं, जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, अथवा जो आगामी 01 अक्टूबर 2025 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेंगे, अपने आवश्यक दस्तावेज जैसे जन्मतिथि प्रमाण पत्र, आधार कार्ड अथवा अन्य वैध पहचान पत्र प्रस्तुत कर आसानी से अपना नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज करा सकते हैं। इस कार्य हेतु कैंप स्थल पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) उपस्थित रहेंगे, जो नामांकन की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराएंगे तथा आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान करेंगे। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक युवा मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना एवं उन्हें मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक करना है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कॉलेज प्रशासन एवं छात्र समुदाय से अपील की है कि वे इस कैंप में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि कोई भी युवा मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रह सके।

# जन-धन योजना ने सिखाया लोगों को पैसे की बचत करना

## योजना का लाभ लेकर आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं लोग









नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** प्रधानमंत्री जनधन योजना के 11 वर्ष पूर्ण होने पर लाभुकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। इस योजना ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को पैसे की बचत करना सिखाया है। औरंगाबाद जिले के कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र निवासी सुदेशी भुईयां ने बताया कि वे मजदूरी करते हैं। बैंक में खाता न होने के कारण पैसे खर्च हो जाते थे। जन धन योजना के तहत खाता खुलने से वे कुछ पैसे बचा लेते हैं। जो जरूरत के समय परिवार के काम आती है। अंबा के रहने वाले मंजय चौधरी ने बताया कि वह एक दुकान पर काम करते हैं। पहले खाता न होने के कारण कमाई का पूरा पैसा खर्च हो जाता था। जन धन योजना के तहत खाता खुलने से पैसों की बचत होने लगी है। वही मुड़ीला गांव निवासी समुद्री देवी ने बताया कि वह स्कूल में रसोईया का काम करती है। जन धन योजना के तहत खाता खुलने से वह कुछ पैसे बचा लेती है। जो उनके बच्चों के पढ़ने लिखने और परिवार के जरूरत के समय काम आता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। ग्राम पंचायत अंबा मुड़ीला के वार्ड सदस्य प्रभात कुमार ने बताया कि उनके गांव के लोग मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। जन धन योजना के तहत जीरो बैलेंस पर खाता खुल जाने से लोगों को पैसे बचत करने का जरिया मिल गया। आज पूरा गांव अपनी कमाई का कुछ पैसा बचत करता है। इस योजना से लोग आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है।

# डीएम ने जनता दरबार में सुनी परिवादियों की समस्याएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए कुल 12 परिवादियों द्वारा अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। प्रस्तुत आवेदनों में मुख्यतः सड़क निर्माण, बिजली पोल से संबंधित मामले, आपसी विवाद, भूमि विवाद, नल-जल योजना तथा नाली-गली मरम्मत जैसी समस्याएं शामिल थीं। जनता दरबार में नशरीन खातून, जगी मस्जिद, फुलवारीशरीफ, पटना द्वारा पति के निधन उपरांत देवर के द्वारा आधार कार्ड एवं वोटर कार्ड उपलब्ध न कराए जाने की शिकायत दर्ज की गई। इसी प्रकार पूजा कुमारी एवं अन्य ग्रामीणजन, ग्राम धनहारा, पोस्ट मुंगिया, थाना टंडवा, जिला औरंगाबाद ने विशुनपुर कंचनबांध रोड से ब्रम्हस्थान होते हुए सूर्य मंदिर धनहारा तक पक्की सड़क निर्माण की समस्या रखी। वहीं, योगेन्द्र कुमार सिंह एवं अन्य, ग्राम गोठानी, पंचायत कोटवारा, प्रखंड रफीगंज ने कृषि कार्य हेतु गाड़े गये बिजली पोल को नाजायज ढंग से उखाड़ने का प्रयास किए जाने के संबंध में शिकायत प्रस्तुत की तथा ग्रामीण जनता को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। अन्य आवेदनों में सड़क, नाली, पुल एवं नल मरम्मत की समस्याएं प्रमुख रहीं। जिलाधिकारी ने सभी परिवादों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी प्राप्त आवेदनों की निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# पालनाघर के लिए चयनित दो अभ्यर्थियों को डीडीसी ने प्रदान किया नियोजन पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना अंतर्गत एकल क्रेच वर्कर पद पर प्रियंका कुमारी तथा सहायक क्रेच वर्कर पद पर सावित्री कुमारी का अंतिम रूप से चयन किया गया। अब ये दोनों समाहरणालय परिसर के पालनाघर में योगदान देंगी। दोनों चयनित अभ्यर्थियों को आज उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह द्वारा विधिवत रूप से नियोजन पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने चयनित कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों की समुचित देखभाल और प्रारंभिक शिक्षा समाज और शासन की साझा जिम्मेदारी है, जिसमें पालनाघर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। पालनाघर की स्थापना का उद्देश्य कामकाजी महिलाओं को उनके पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों हेतु कार्यालय अवधि के दौरान सुरक्षित डे-केयर सुविधा उपलब्ध कराना है। इसके माध्यम से महिलाएं अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए प्रशासनिक और कार्यालय कार्यों में निर्बाध रूप से योगदान दे सकेंगी। साथ ही, पालनाघर में बच्चों को प्री-स्कूल शिक्षा हेतु तैयार करने, दिनभर सामूहिक देखभाल प्रदान करने तथा समग्र विकास हेतु अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है।

# दाउदनगर कॉलेज में एकदिवसीय संगोष्ठी आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** दाउदनगर कॉलेज, दाउदनगर के प्रेमचंद हाल में राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भूमिका विषय पर एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन महिला प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) एम.एस. इस्लाम के मार्गदर्शन एवं डॉ. देव प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें मुख्य वक्ता डॉ. शाहला बानो ने अपने उद्बोधन में बताया कि आज महिला समाज के हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। महिलाएँ विज्ञान, तकनीक, राजनीति, प्रशासन, सेना तथा शिक्षा के उच्च पदों पर आसीन हैं और यह राष्ट्र की प्रगति के लिए अत्यंत शुभ संकेत है। डॉ. रोजीकांत ने वैदिक काल से लेकर वर्तमान तक महिला स्थिति का विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि वैदिक काल में महिलाएँ शिक्षा, विद्या और निर्णय क्षमता में अत्यंत समृद्ध थीं, जबकि मध्यकाल में उनकी स्थिति विकृत हुई। आधुनिक काल में महिलाओं ने तमाम संघर्षों और तकरारों के बीच फिर से सम्मानजनक स्थान बनाया है, जो उनके साहस और संघर्षशीलता का प्रमाण है। पी.आर.ओ. डॉ. देव प्रकाश ने कहा कि महिला सशक्तिकरण समाज और राष्ट्र के विकास की नींव है। बिना महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के राष्ट्र का समग्र विकास असंभव है। हमें शिक्षा, रोजगार और समान अवसरों के माध्यम से महिलाओं को और सशक्त करना होगा।

सभा में महाविद्यालय के शिक्षकगण, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शाकिरा तबस्सुम ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सौम्या राज ने प्रस्तुत किया। अंत में संगोष्ठी का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# हर जरूरतमंद को मिलेगा परिवार लाभ कार्ड : डॉ. अभिराम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के कसवां पंचायत के सम्मत बिगहा गांव के मैदान में गुरुवार को जन सुराज पार्टी द्वारा 'बिहार बदलाव सभा' का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी और उमस के बावजूद हजारों की संख्या में ग्रामीणों की इस सभा में भागीदारी रही। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रहीं। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए जन सुराज पार्टी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य व जहानाबाद विधान सभा क्षेत्र के जन सुराज के भावी प्रत्याशी डॉ. अभिराम शर्मा ने कहा कि बिहार आज संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने बिहार की मौजूदा चुनौतियों खासकर बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था की खामियां और पलायन, खेती की दुर्दशा पर चर्चा की और इसके लिए सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि जन सुराज केवल सत्ता की राजनीति नहीं करती, बल्कि यह पार्टी व्यवस्था परिवर्तन का भी पक्षधर है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि जन सुराज पार्टी बिहार के आत्मसम्मान और गौरव को पुनर्स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान उन्होंने स्थानीय समस्याओं पर खुलकर चर्चा किया और इसके लिए पिछले 35 सालों से चली आ रही शासन व्यवस्था को जिम्मेवार ठहराया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बिहार में बदलाव के लिए जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के हाथों को मजबूत करें और बिहार में होने वाले व्यवस्था परिवर्तन का हिस्सा बनें। कार्यक्रम में महिलाओं और युवाओं की अच्छी भागीदारी देखी गई जन सुराज के नेताओं ने भीड़ से गदगद होते हुए कहा कि सभा में लोगों की अच्छी खासी उपस्थिति इस बात का संकेत देता है कि जन सुराज का संदेश गांव-गांव तक पहुंच रहा है। बता दें कि जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के नेतृत्व में पार्टी पिछले तीन वर्षों से बिहार के गांवों में जन संवाद और बदलाव यात्रा के माध्यम से लोगों को जोड़ रही है। सम्मत बिगहा में आयोजित इस सभा ने भी स्थानीय लोगों में यह उम्मीद जगाई है कि बिहार में पारदर्शी और जनहितकारी शासन संभव है।सभा में सैकड़ों लोगों के बीच परिवार लाभ कार्ड का वितरण किया गया।

# लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत अपीलीय मामलों की जिला पदाधिकारी ने की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले में पारदर्शी और समयबद्ध प्रशासनिक कार्यप्रणाली को सुनिश्चित करने की दिशा में जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडे द्वारा गुरुवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ मे लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त अपीलीय मामलों की सुनवाई की गई। इस सुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों पर विचार किया गया और कई मामलों का तत्काल निष्पादन भी सुनिश्चित किया गया। इस सुनवाई में जिला पदाधिकारी ने विभिन्न विभागीय प्राधिकारियों से जवाब-तलब किया। संबंधित प्राधिकारियों की उपस्थिति में मामलों का संज्ञान लेकर जिला पदाधिकारी ने न्यायोचित समाधान सुनिश्चित किया।

इस दौरान बताया गया कि कुछ प्रकरणों में तकनीकी तथ्यों के गहन परीक्षण की आवश्यकता महसूस की गई। ऐसे तीन मामलों में विस्तृत जांच प्रतिवेदन की मांग करते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित प्राधिकारियों को अगली सुनवाई में साक्ष्यों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मामलों के निस्तारण में गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त मामले अतिक्रमणवाद, भूमि विवाद, भुगतान संबंधी आदि से संबंधित है। सुनवाई में सभी विभागीय पदाधिकारी एवं परिवादीगण उपस्थित रहे।

# जिला गंगा समिति की बैठक में नदी-घाटों की सफाई, प्लास्टिक प्रतिबंध पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष, जिला गंगा समिति, जहानाबाद अलंकृता पांडेय के निर्देश पर प्रभारी उप विकास आयुक्त सह निदेशक डी0आर0डीए डॉ. रोहित कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गंगा नदी एवं उसकी सहायक नदियों की स्वच्छता एवं संरक्षण हेतु विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णयों के अंतर्गत दरघा नदी किनारे, मोरहर नदी मखदुमपुर स्थित कृष्णवंशी यमुने घाट सहित विभिन्न घाटों की नियमित सफाई तथा संगम घाट की स्वच्छता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त दरघा नदी पुल (पटना-गया मुख्य मार्ग) के दोनों ओर गंदगी की रोकथाम हेतु लोहे की जाली (बैरिकेडिंग) लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध के अंतर्गत अगस्त माह में नगर परिषद एवं नगर पंचायतों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई, जिसमें काको नगर पंचायत द्वारा 5 किग्रा प्लास्टिक जब्त कर 1600 जुर्माना, मखदुमपुर नगर पंचायत द्वारा 2.5 किग्रा प्लास्टिक जब्त कर 1500 जुर्माना तथा घोषी नगर पंचायत द्वारा 3 किग्रा प्लास्टिक जब्त कर 1500 जुर्माना वसूलने की जानकारी दी गई। इस संदर्भ में काको, घोषी एवं मखदुमपुर नगर निकायों को सघन अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत जहानाबाद को निर्देश दिया गया कि जिला परियोजना पदाधिकारी (नमामि गंगे) से समन्वय स्थापित कर युवा स्वयंसेवकों द्वारा घाटों की साफ-सफाई तथा महाविद्यालयों में स्वच्छता संवाद कार्यक्रम आयोजित कराएं। इसी प्रकार जल एवं स्वच्छता समिति को नदी किनारे बसे गांवों में स्वच्छता चौपाल आयोजित करने का निर्देश भी दिया गया। इस दौरान एस0टी0पी0 एवं आई0पी0एस0 कार्यों की समीक्षा करते हुए बुडको के सहायक परियोजना निदेशक को नगर परिषद जहानाबाद, नगर पंचायत काको एवं अंचलाधिकारियों के समन्वय से कार्य शीघ्र पूरा कराने तथा प्रगति रिपोर्ट समय पर जिला गंगा समिति को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही कृषि विभाग द्वारा जिला एवं प्रखंड स्तर पर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की जानकारी दी गई तथा प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर कृषि चौपाल आयोजित करने का निर्णय लिया गया।बैठक में सिविल सर्जन श्री देवेंद्र कुमार, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी श्रीमती शिल्पी आनंद, जिला परियोजना पदाधिकारी (नमामि गंगे) श्री अमित कुमार सहित संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं समिति सदस्य उपस्थित थे।

# चीन को नियमों में ढील देने की तैयारी में भारत

## लंबे समय से मांग कर रही इंडस्ट्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारत सरकार चीन से आने वाले विदेशी निवेश पर लगी कुछ पाबंदियों में कुछ ढील दे सकती है। ईटी के एक रिपोर्ट के मुताबिक एक बड़े सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत और चीन के बीच सुधरते रिश्तों को देखते हुए ऐसा किया जा सकता है। अधिकारी ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी, तो हम प्रेस नोट 3 पर दोबारा विचार कर सकते हैं। उनका कहना है कि सभी विकल्प खुले हैं। प्रेस नोट 3 के तहत उन देशों से आने वाले निवेश पर सरकार की पहले मंजूरी लेना जरूरी है जिनका लैंड बॉर्डर भारत से लगा है। कोरोना काल में चीनी कंपनियों को भारत में अधिग्रहण से रोकने के लिए यह नियम बनाया गया था।

सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग ने पिछले महीने सुझाव दिया था कि चीन से आने वाले 24 तक के प्रत्यक्ष विदेशी निवेशके लिए पहले मंजूरी लेने की शर्त को हटा देना चाहिए। हाल के दिनों में भारत और चीन के रिश्तों में सुधार आया है। दोनों देशों के मंत्रियों और अधिकारियों ने एक-दूसरे के देश का दौरा किया है। दोनों देशों ने सीधी उड़ानें शुरू करने, पर्यटकों को आने की इजाजत देने और सीमा विवादों को सुलझाने के लिए बातचीत तेज करने पर सहमति जताई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ भी दोनों देशों को करीब लाया है। पिछले हफ्ते चीन के विदेश मंत्री वांग यी भारत आए थे। उनके दौरे के बाद चीन भारत को रेयर अर्थ मैग्नेट्स और फर्टिलाइजर्स की सप्लाई करने के लिए तैयार हो गया है।



### इंडस्ट्री की मांग

जब उनसे पूछा गया कि क्या प्रेस नोट 33 जारी रहेगा, तो गोयल ने कहा, मैं आज की स्थिति के बारे में ही बात कर सकता हूं। जब समय बदलता है, तो स्थितियां बदलती हैं। समय के अनुसार फैसले लिए जा सकते हैं। अमेरिका ने भारत पर 50 टैरिफ लगाया है जिससे भारत को दो-तिहाई निर्यात प्रभावित होने की आशंका है। इसी तरह चीन के साथ भी अमेरिका के रिश्ते ठीक नहीं चल रहे हैं। ट्रंप का कहना है कि वह जब चाहें चीन की इकॉनमी को बर्बाद कर सकते हैं।

### प्रेस नोट 3 क्या है?

प्रेस नोट 3 एक नियम है। अप्रैल 2020 में भारत ने प्रेस नोट 3 में बदलाव किया था। इसके तहत भारत के साथ जमीन की सीमा साझा करने वाले देशों से आने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए सरकार की पहले मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया गया था। ऐसा इसलिए किया गया था ताकि घरेलू कंपनियों को जबरदस्ती खरीदने से रोका जा सके। यह कदम चीन को ध्यान में रखकर उठाया गया था। इससे पहले दोनों देशों के बीच सीमा पर झड़प हुई थी।

## भारत का सामान अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए काफी महंगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका ने भारतीय सामान पर 50 टैरिफ लगाया है। इससे टेक्सटाइल्स, जेम्स एंड जूलरी, कारपेट, फर्नीचर और झींगा के निर्यात पर सबसे ज्यादा असर होने की आशंका है। इसकी वजह यह है कि भारतीय निर्यातकों के लिए अब अमेरिका का बाजार प्रॉफिटेबल नहीं रह गया है। कई दूसरे देशों के मुकाबले भारत का सामान अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए काफी महंगा हो गया है। सवाल यह है कि क्या भारतीय उपभोक्ताओं को इसका फायदा मिलेगा?

इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका जाने वाला ज्यादातर सामान अब घरेलू बाजार में खपाया जाएगा जिससे उनकी कीमत में गिरावट आएगी। लेकिन यह मामला उतना आसान नहीं है जितना दिखता है। इसकी वजह यह है कि इनमें से कई आइटम जैसे टेक्सटाइल्स और फर्नीचर में मार्जिन बहुत कम है। इसका मतलब है कि इनकी लागत और बिक्री में ज्यादा अंतर नहीं है। लेकिन भारी मात्रा में उत्पादन और एक्सपोर्ट के चलते निर्यातकों की डॉलर में कमाई होती है। साथ ही एक्सपोर्ट के लिए बनाए गए सामान की क्वालिटी बहुत अच्छी होती है। अलग-अलग देशों की जरूरतों के हिसाब से इन्हें तैयार किया जाता है।

## सोने की कीमतों में उछाल, चांदी हुई मजबूत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सर्राफा बाजारों में सोने-चांदी के भाव में तेजी है। आज बिना जीएसटी 24 कैरेट सोना मंगलवार के बंद भाव के मुकाबले 355 रुपये चढ़कर 101239 रुपये पर पहुंच गया है। जबकि, चांदी के रेट 818 रुपये बढ़ गए हैं। अब चांदी बिना जीएसटी के 116525 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई है। जीएसटी के साथ सर्राफा मार्केट में 24 कैरेट गोल्ड 103851 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से बिक रहा है। वहीं, जीएसटी समेत चांदी की कीमत 120188 रुपये किलो हो गई है। आइबीजेए के मुताबिक मंगलवार को चांदी बिना जीएसटी 115870 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। जबकि, सोना 100884 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बुधवार को गणेश चतुर्थी के कारण रेट जारी नहीं हुए थे। अब 24 कैरेट गोल्ड 8 अगस्त के ऑल टाइम हाई 101406 रुपये से केवल 167 रुपये ही सस्ता रह गया है। आज 23 कैरेट गोल्ड भी 354 रुपये चढ़कर 100480 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। जीएसटी संग इसकी कीमत अब 103859 रुपये हो गई है। अभी इसमें मेकिंग चार्ज नहीं जुड़ा है। 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 325 रुपये तेज होकर 92210 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। जीएसटी संग यह 95517 रुपये है। आज 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 266 रुपये बढ़कर 75663 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुली और जीएसटी के साथ यह 78206 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। वहीं 14 कैरेट गोल्ड अब जीएसटी समेत 61001 रुपये पर पहुंच गया है। सर्राफा बाजारों में इस साल सोना करीब 25499 रुपये और चांदी 30671 रुपये महंगी हो चुकी है। 31 दिसंबर 24 को सोना 76045 रुपये प्रति 10 के रेट से खुला था और चांदी 85680 रुपये प्रति किलो से। इस दिन सोना 75740 रुपये पर बंद हुआ। चांदी भी 86017 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

## मॉरीशस की मंत्री बोलीं- भारत के साथ रिश्ते मजबूत, आर्थिक साझेदारी बढ़ाने के प्रयास तेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और मॉरीशस के बीच गहरे सांस्कृतिक रिश्तों को अब आर्थिक साझेदारी में बदलने की दिशा में प्रयास तेज हो गए हैं। मॉरीशस की वित्तीय सेवाएं एवं आर्थिक योजना मंत्री ज्योति जीतुन ने बुधवार को कहा, मेरे देश की अधिकांश आबादी की जड़ें भारत के विभिन्न हिस्सों से जुड़ी हैं। इस कारण हमारे बीच एक गहरा सांस्कृतिक, भाषाई और पैतृक रिश्ता है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में हम इस रिश्ते को आर्थिक साझेदारी में बदलने की दिशा में काम कर रहे हैं। ज्योति जीतुन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में आ रहे आर्थिक बदलावों की भी सराहना की। उन्होंने कहा, भारत का नेतृत्व केवल कहने की बात नहीं है, बल्कि यह व्यवहार में दिखता है, जो आर्थिक विकास हुआ है उसे शब्दों में बयां करने की जरूरत नहीं है। मैं यहां नीति आयोग से मिलने आई हूं। विकसित भारत अभियान एक अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है। यह केवल कागजों तक ही सीमित नहीं है। इसका क्रियान्वयन हो रहा है और यह मजबूत नेतृत्व के बिना संभव नहीं है। जीतुन ने कहा, हम फिनटेक, आईटी, स्वास्थ्य सेवा और स्वास्थ्य विज्ञान सहित नए क्षेत्रों के विकास पर काम कर रहे हैं। हम एक समुद्री अर्थव्यवस्था, अक्षय ऊर्जा विकसित करने की भी कोशिश कर रहे हैं।

राजन ने यह बात ऐसे समय में कही है

# रूसी तेल खरीदने की चुकानी पड़ रही कीमत...रघुराम राजन ने उठाया सवाल




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने रूसी तेल खरीदने को लेकर अहम सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि हमें यह देखना होगा कि इससे देश को फायदा हो रहा है या नुकसान। राजन ने यह बात ऐसे समय में कही है जब भारत रूसी तेल का बड़ा खरीदार बन गया है। इस खरीद के कारण वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निशाने पर है। भारत पर अमेरिकी टैरिफ बढ़कर 50 हो गया है। चीन भी रूसी तेल का बड़ा आयातक है। लेकिन, उस पर कोई खास दबाव नहीं है। राजन के अनुसार, भारत को यह सोचने की जरूरत है कि इस नीति से किसे फायदा हो रहा है और किसे नुकसान। इंडिया टुडे के साथ बातचीत में रघुराम राजन ने कहा कि रूसी तेल खरीदने की कीमत चुकानी पड़ रही है। इससे कुछ लोगों को फायदा हो रहा है। लेकिन, कुछ लोगों को नुकसान भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश के तौर पर हमें यह देखना होगा कि यह सब कैसे हो रहा है।

### नफे-नुकसान का करना होगा आकलन

चीन रूसी तेल का सबसे बड़ा आयातक है। लेकिन, उस पर कोई प्रतिबंध नहीं है। वहीं, भारत को इस मामले में कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। रिलायंस जैसी भारतीय कंपनियां रूसी तेल को रिफाइन करके मुनाफा कमा रही हैं। लेकिन, झींगा, रत्न और आभूषण जैसे छोटे एक्सपोर्टर नुकसान उठा रहे हैं। राजन से सवाल किया गया कि क्या इस नीति पर फिर से विचार करने की जरूरत है।

इस पर राजन ने कहा कि यह देखना जरूरी है कि हमें इससे कितना फायदा हो रहा है और कितना नुकसान। उन्होंने कहा कि संप्रभुता की बात करना ठीक है। लेकिन, यह शक्ति का खेल है। हमें यह पूछना होगा कि इससे देश में किसे फायदा हो रहा है और किसे नुकसान। राजन ने कहा कि रूसी तेल की कीमत अब बाजार में तेल की कीमत से ज्यादा अलग नहीं है। पहले हम रूस से सिर्फ 2 तेल आयात करते थे। लेकिन, जब रूस पर प्रतिबंध लगे तो रूसी तेल खरीदना हमारे लिए आसान हो गया।

## 5 पर गिर सकता है शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले दो दिनों में वोडाफोन आइडिया के शेयर में करीब 11 की गिरावट दर्ज की गई है। कंपनी के शेयर आज गुरुवार 2 से अधिक गिरकर 6.54 रुपये है। इस तेज गिरावट के पीछे कई बड़ी वजहें सामने आई हैं, जिनकी वजह से निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ है। सबसे पहले, कंपनी की कमजोर वित्तीय स्थिति और भारी कर्ज निवेशकों को चिंतित कर रहा है।

बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि कंपनी के पास नेटवर्क विस्तार और 5जी रोलआउट के लिए पर्याप्त फंडिंग नहीं है, जिससे इसका भविष्य अनिश्चित दिखाई दे रहा है। दूसरी ओर, विदेशी ब्रोकरेज हाउस मैक्वेरी ने इस स्टॉक पर ' रेटिंग दी है और इसका टारगेट प्राइस केवल 5 रखा है। इस रिपोर्ट के बाद निवेशकों में और बेचैनी बढ़ गई, जिसकी वजह से शेयर पर बिकवाली का दबाव बना। इसके अलावा प्रतिस्पर्धी कंपनियां जैसे रिलायंस जियो और भारती एयरटेल लगातार अपना नेटवर्क और ग्राहक आधार बढ़ा रही हैं। ऐसे में वोडा आइडिया का बाजार हिस्सा घटने का खतरा और बढ़ गया है।

# सस्ते तेल खरीद का लाभ जल्द गंवा सकता है भारत

- अंतरराष्ट्रीय संस्था बोली- समस्या का तत्काल हल संभव नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
अमेरिकी टैरिफ के कारण निर्यात के मोर्चे पर होने वाले नुकसान की भरपाई में भारत सस्ते रूसी तेल की खरीद से हुए लाभ को जल्द गंवा सकता है। चिंता की बात है कि इसका तत्काल कोई समाधान भी नजर नहीं आ रहा है। विश्लेषकों का अनुमान है कि भारत ने 2022 की शुरुआत से रूस से तेल आयात बढ़ाकर कम से कम 17 अरब डॉलर की बचत की है।

जीटीआरआई के अनुसार, ट्रंप टैरिफ के कारण चालू वित्त वर्ष में अकेले निर्यात में 40 फीसदी से अधिक या लगभग 37 अरब डॉलर की कमी आ सकती है। टैरिफ के दुष्परिणाम लंबे समय तक रह सकते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राजनीतिक रूप से कमजोर कर सकते हैं, क्योंकि कपड़ा, रत्न-आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों में हजारों नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं।

विश्लेषकों का कहना है कि आने वाले हफ्तों में भारत की प्रतिक्रिया रूस के साथ दशकों पुरानी साझेदारी को नया आकार दे सकती है। अमेरिका से संबंधों को संतुलित कर सकती है।

### रूस-अमेरिका में एक को चुनने की नहीं है सुविधा

दिल्ली की सामरिक एवं रक्षा अनुसंधान परिषद के संस्थापक हैप्पीमॉन जैकब ने कहा, भारत को रूस से रक्षा उपकरणों के साथ सस्ता तेल, महाद्वीपीय क्षेत्र में भू-राजनीतिक समर्थन और संवेदनशील मामलों में राजनीतिक समर्थन की आवश्यकता है। यही कारण है कि रूस भारत के लिए एक अमूल्य साझेदार है।

जैकब ने कहा, भारत के पास रूस और अमेरिका में से किसी एक को चुनने की सुविधा नहीं है, कम से कम अभी तो नहीं। दरअसल, भारत वाशिंगटन के साथ संबंधों को सुधारना चाहता है और अमेरिकी ऊर्जा की खरीद बढ़ाने के लिए तैयार है। लेकिन, वह रूस से सस्ते कच्चा तेल आयात को पूरी तरह से रोकना भी चाहता है। रूसी कच्चे तेल से भारत की कुल तेल खरीद में करीब 40 फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि यूक्रेन युद्ध से पहले यह लगभग शून्य थी। विश्लेषकों का कहना है कि तत्काल रोक न सिर्फ दबाव में सरेंडर का संकेत होगा, बल्कि आर्थिक रूप से भी अव्यावहारिक होगा। भारतीय खरीद का नेतृत्व अरबपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज कर रही है।

नरीमन प्वाइंट और लोअर परेल के पास है

# एक्टर सोनू सूद ने मुंबई में बेचा 8 करोड़ से भी ज्यादा का अपार्टमेंट



**मुंबई, एजेंसी।**
देश की आर्थिक राजधानी मुंबई का जाना-माना इलाका है महालक्ष्मी। इसी महालक्ष्मी इलाके में रियल एस्टेट का एक प्रोजेक्ट है लोखंडवाला मिनर्वा । इसी में बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद का एक फ्लैट था। इस फ्लैट को उन्होंने बेच दिया है। खबर है कि यह फ्लैट 8.10 करोड़ रुपये में बिका है।

महालक्ष्मी इलाका मुंबई के टॉप बिजनेस सेंटर्स नरीमन प्वाइंट, वर्ली और लोअर परेल के पास हे। इस इलाके में कॉमर्शियल, रेसिडेंशियल और कल्चरल, हर तरह के रियल एस्टेट हैं। इसलिए यह इलाका नौकरी करने वाले और बिजनेस करने वाले, सभी के लिए सुविधाजनक है। इसी इलाके के लोखंडवाला मिनर्वा में सोनू सूद जो जो फ्लैट बेचा है।

एक्टर सोनू सूद ने साल 2012 में यह प्रॉपर्टी 5.16 करोड़ रुपये में खरीदी थी। अभी इसे 8.10 करोड़ रुपये में बेचा गया है। मतलब कि इस सौदे में करीब तीन करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। इस डील में दो कार पार्किंग भी शामिल हैं। इस प्रॉपर्टी के रजिस्ट्रेशन पर सरकार को 48.60 लाख रुपये की स्टाम्प ड्यूटी और 30,000 रुपये की रजिस्ट्रेशन फीस चुकाई गई है।

एक्टर सोनू सूद ने साल 1999 में अपने करिअर की शुरुआत की थी। उनकी पहली दो फिल्में कल्लाझागर और नेन्जिनिले तमिल भाषा में थी। उन्होंने 2002 में शहीद-ए-आजम फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इस फिल्म में उन्होंने भगत सिंह का रोल निभाया था।

कपास पर आयात शुल्क छूट की समयसीमा दिसंबर 2025 तक बढ़ी

# टैरिफ से जूझ रहे कपड़ा उद्योग को अस्थायी राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
केंद्र ने कपास पर आयात शुल्क छूट को दिसंबर 2025 तक बढ़ा दिया है। यह फैसला कपड़ा क्षेत्र को अमेरिकी टैरिफ राहत देने के लिए उठाया गया है।



वित्त मंत्रालय के अनुसार इस कदम का उद्देश्य घरेलू कपड़ा उद्योग के लिए कपास की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना है। भारतीय कपड़ा क्षेत्र के लिए कपास की उपलब्धता बढ़ाने के लिए केंद्र ने 19 अगस्त 2025 से 30 सिंतबर 2025 तक कपास पर आयात शुल्क में अस्थायी रूप से छूट दी थी। निर्यातकों को और अधिक समर्थन देने के लिए केंद्र ने कपास (एचएस 5201) पर आयात शुल्क छूट को 30 सिंतबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक बढ़ाने का फैसला किया है।

### उद्योग जगत की अपील का परिणाम

सीआईटीआई की महासचिव चंद्रिमा चटर्जी ने कहा कि यह निर्णय उद्योग प्रतिनिधियों की लगातार अपील का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय उद्योग के लिए एक शानदार कदम है, और अगर इससे बातचीत को कोई सकारात्मक संकेत मिलता है, तो मुझे लगता है कि यह दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद है।

इससे पहले भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई) के अध्यक्ष राकेश मेहरा ने मंगलवार को राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में कपड़ा क्षेत्र के महत्व पर प्रकाश डाला था। उन्होंने कहा कि भारत का कपड़ा और परिधान क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 2 प्रतिशत का योगदान देता है। यह रोजगार और आजीविका प्रदान करने वाले सबसे बड़े क्षेत्रों में से एक है। उन्होंने आगे बताया कि अमेरिका भारतीय कपड़ा और परिधान वस्तुओं का सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है।

# विदेश में मलाईदार नौकरी छोड़ गांव में जमा दिया कारोबार, अब करोड़ों का टर्नओवर, हर कोई हैरान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
एक सफल उद्यमी की कहानी अक्सर असाधारण मोड़ और अनूठे फैसलों से भरी होती है। कोलकाता के समीर गंडोत्रा की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत टी टेस्टर के रूप में की। फिर व्हार्टन बिजनेस स्कूल से एमबीए किया और निवेश बैंकर बन गए। लेकिन, उनकी असली पहचान तब बनी जब उन्होंने ग्रामीण भारत की अनदेखी क्षमता को पहचानकर 2019 में फ्रेंडी नाम की मिनी-मार्ट चेन शुरू की। उनका यह फैसला सिर्फ व्यापारिक निर्णय नहीं था। अलबत्ता, ग्रामीण ग्राहकों की जरूरतों को समझने और उन्हें आधुनिक खुदरा अनुभव प्रदान करने का प्रयास भी था। उनकी कंपनी का टर्नओवर अब करोड़ों में है। आइए, यहां समीर गंडोत्रा की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

समीर गंडोत्रा का जन्म 1976 में कोलकाता में हुआ था, जहां उनके पिता टी-टेस्टर और उद्यमी थे। बचपन से ही उन्होंने अपने पिता के जरिये व्यवसाय की चुनौतियों और अवसरों को करीब से देखा। ला मार्टिनियर से स्कूलिंग और सेंट स्टीफेंस कॉलेज से गणित में ग्रेजुएशन करने के बाद




समीर ने कुछ समय तक टी-टेस्टर के रूप में काम किया, जहां वह रोजाना 500 कप चाय का स्वाद चखते थे। इसके बाद उन्होंने व्हार्टन बिजनेस स्कूल से एमबीए किया। 2003 में समीर ने एक निवेश बैंकर के रूप में अपना करियर शुरू किया। कजाकस्तिान में नेल्सन रिसोर्सेज में काम करते हुए वह 2009 तक चीफ बिजनेस ऑफिसर के पद तक पहुंचे। 2018 में समीर अपने माता-पिता के करीब रहने के लिए नौकरी छोड़कर भारत लौट आए। रियल एस्टेट सेक्टर में दोस्तों की मदद करते रहे। इसी दौरान उन्होंने टियर 3 और 4 शहरों में एक बड़े अवसर को पहचाना।

2019 में समीर ने अपने सह-संस्थापक गौरव विश्वकर्मा, निनाद पटेल और हर्षद जोशी के साथ मिलकर फ्रेंडी की शुरुआत की। उन्होंने पाया कि ई-कॉमर्स की चकाचौंध के बावजूद ग्रामीण ग्राहक इससे दूर थे। इसकी मुख्य वजह थी भरोसे की कमी और अंतिम-मील डिलीवरी की चुनौती। इन समस्याओं को हल करने के लिए उन्होंने एक फिजिटल मॉडल (फिजिकल + डिजिटल) बनाया। इस मॉडल में छोटे कस्बों में 500 से 1,000 वर्ग फीट के मिनी-मार्ट स्टोर खोले गए, जो आसपास के गांवों में 50 वर्ग फीट के माइक्रो-स्टोर को सपोर्ट करते हैं।

### अब करोड़ों का टर्नओवर

शुरुआती दौर में फ्रेंडी एक रेफरल मार्केटिंग प्लेटफॉर्म था, जहां ग्राहक अपनी खरीदारी और दोस्तों को रेफर करने पर छूट पाते थे। धीरे-धीरे उन्होंने इस मॉडल को बदलते हुए कोरोना महामारी के बाद इसे बिगबास्केट जैसा रूप दिया। लेकिन, सिर्फ टियर 3 से 6 शहरों के लिए। अब उनका पूरा ध्यान किराना उत्पादों पर है। 2022 में उन्होंने माइक्रो-स्टोर मॉडल पेश किया, जिसमें वे महिलाओं को सीधे उत्पाद सप्लाई करते हैं।



# सोनू निगम ने की शाहरुख खान की तारीफ

शाहरुख खान के अभिनय के दीवाने दुनियाभर में हैं। शाहरुख अच्छी अदाकारी के साथ-साथ अच्छे काम के लिए भी जाने जाते हैं। इंडस्ट्री से जुड़े लोग अक्सर उनसे जुड़े किस्से सुनाते हैं। हाल ही में सिंगर सोनू निगम ने भी किंग खान की तारीफ की है। सोनू निगम ने यहां तक कह दिया कि उन्होंने शाहरुख जैसे शानदार व्यवहार वाला कोई और एक्टर नहीं देखा।

सोनू निगम ने हाल ही में फरीदून शहरयार के साथ बातचीत में शाहरुख खान के बारे में बातचीत की। सिंगर ने शाहरुख की तारीफ में कहा, वे (शाहरुख) वाकई एक खास शख्सियत हैं, जो कड़ी मेहनत से अपने फील्ड में शीर्ष पर पहुचे हैं। सोनू निगम ने शाहरुख खान के विनम्र व्यवहार और उदारता की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि उन्होंने मेनस्ट्रीम के अभिनेता को इतना शालीन व्यवहार करते नहीं देखा, जबकि उनके पास अहंकार के तमाम कारण हो सकते हैं। सोनू निगम ने बताया कि हाल ही में उनकी दोस्ती आमिर खान के साथ हुई है। आमिर को भी सोनू निगम ने एक बेहतरीन इंसान बताया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि शाहरुख की इन वर्षों में निरंतरता बेजोड़ है। उन्होंने कहा कि शाहरुख खान ने हमेशा उनके गानों का क्रेडिट उन्हें दिया है, भले ही ऐसा करने की उनकी कोई बाध्यता न रही हो। सोनू निगम ने जोर देकर कहा कि शाहरुख का इंडस्ट्री में जो कद है, उस कद के किसी व्यक्ति के लिए दूसरों के योगदान को खुले तौर पर स्वीकार करना और उसकी तारीफ करना बहुत ही दुर्लभ है। जहां क्रेडिट देना चाहिए, वहां क्रेडिट देना।

## शाहरुख खान के कई गानों को दी है सोनू ने आवाज

सोनू निगम ने कहा कि वे दूसरों को उनके काम का क्रेडिट देने की शाहरुख खान की आदत की खासतौर से तारीफ करते हैं, खासकर तब जब इंडस्ट्री में कई लोग अक्सर दूसरों के योगदान को नजरअंदाज कर देते हैं। उन्होंने कहा कि सिंगर अक्सर आइकॉनिक गाने गाते हैं, मगर दूसरे लोग उन्हें सम्मान दिए बिना ही पुरस्कार ले लेते हैं। मगर, शाहरुख खान इससे हमेशा बचते हैं। बता दें कि सोनू निगम ने शाहरुख खान के लिए कल हो ना हो, सूरज हुआ मद्धम, मैं अगर कहूं, दो पल, तुम्ही देखो ना, तुझमें रब दिखता है और ये दिल दीवाना समेत कई गाने गाए हैं।

# 'परम सुंदरी' की 'चेन्नई एक्सप्रेस' से तुलना पर जान्हवी ने जताई खुशी



सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की आगामी फिल्म 'परम सुंदरी' लगातार चर्चाओं में बनी है। फिल्म अपनी रिलीज को तैयार है। हालांकि, फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से ही 'परम सुंदरी' की तुलना शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की 'चेन्नई एक्सप्रेस' से की जा रही है। फिल्म की कहानी और कॉन्सेप्ट भी 'चेन्नई एक्सप्रेस' से मिलता-जुलता लग रहा है। अब इस तुलना पर फिल्म की लीड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

बातचीत के दौरान जान्हवी ने रोहित शेट्टी की 'चेन्नई एक्सप्रेस' से अपनी फिल्म की तुलना किए जाने और दोनों में समानताएं बताए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए ब्लॉकबस्टर फिल्म के साथ अपनी फिल्म की तुलना किए जाने पर खुशी जताई। हालांकि, इस दौरान एक्ट्रेस ने स्पष्ट किया कि दोनों फिल्में पूरी तरह से एक-दूसरे से अलग हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे 'चेन्नई एक्सप्रेस' बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि यह एक अच्छा संदर्भ है। मैं इसे एक तारीफ के तौर पर लेती हूं। यह फिल्म 10 साल पहले रिलीज हुई थी। निश्चित रूप से ये दोनों फिल्में एक जैसी नहीं हैं।' साथ ही जान्हवी ने लोगों से दक्षिण के किरदारों को लेकर एकमत न होने का भी आग्रह किया।


मैं फिल्म में आधी तमिल और आधी मलयाली हूं दोनों फिल्मों को एक जैसा बताने पर जान्हवी ने कहा कि 'चेन्नई एक्सप्रेस' एक हिट फिल्म है। लेकिन दीपिका ने फिल्म में एक तमिलियन की भूमिका निभाई है। जबकि मैं एक आधी तमिल, आधी मलयाली लड़की की भूमिका में हूं। अगर आप इसके बारे में सोचें, तो उन लोगों की ओर से एक सामान्यीकरण हो रहा है जो दोनों फिल्मों की तुलना कर रहे हैं। मैं फिल्म में केरल से हूं और दक्षिण के सभी लोगों को एक साथ नहीं रखा जा सकता है। यह पूरी तरह से एक अलग परिवेश है।

## हर साल नहीं आतीं ऐसी फिल्में

अभिनेत्री ने आगे कहा कि इसी तरह से '2 स्टेट्स' भी ऐसी ही फिल्म थी, लेकिन यह 'चेन्नई एक्सप्रेस' के बाद आई थी। इस तरह की फिल्में हर साल रिलीज नहीं होती हैं। मुद्दा यह है कि लोग हमारी तुलना किसी ऐसी चीज से नहीं कर रहे हैं जिसे भुला दिया जाना चाहिए। 'चेन्नई एक्सप्रेस' एक चर्चित फिल्म थी, जिसमें प्रतिष्ठित किरदार और अभिनेता थे। हमारी फिल्म उससे पूरी तरह से अलग है।

## 29 अगस्त को रिलीज होगी परम सुंदरी

तुषार जलोटा द्वारा निर्देशित परम सुंदरी 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। यह साउथ की लड़की और दिल्ली के लड़के की प्रेम कहानी पर आधारित फिल्म है।






# 'नो फिल्टर नेहा' पॉडकास्ट का किस्सा, जब नेहा धूपिया ने लीक से हटकर सोचा

नेहा धूपिया बॉलीवुड और भारतीय मनोरंजन जगत का एक जाना-माना नाम हैं। उनका जन्म 27 अगस्त 1980 को कोच्चि, केरल में हुआ था। उनके पिता, कमांडर प्रताप सिंह धूपिया, भारतीय नौसेना में थे और उनकी मां, मंजीत धूपिया, एक गृहिणी हैं। नेहा ने अपना करियर मॉडलिंग से शुरू किया और साल 2002 में फेमिना मिस इंडिया यूनिवर्स का खिताब जीता। इसके बाद वे मिस यूनिवर्स 2002 प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने गईं, जहां वे टॉप 10 फाइनलिस्ट में शामिल हुईं। यहीं से उन्हें ग्लैमर इंडस्ट्री में पहचान मिली। नेहा धूपिया ने बॉलीवुड में 2003 में फिल्म कयामत - सिटी अंडर थ्रेट से डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने कई बड़ी फिल्मों में काम किया, जिनमें जूली, शीशा, क्या कूल हैं हम, और चुप चुप के जैसी फिल्मों के नाम शामिल हैं।

फिल्मों के साथ ही उन्होंने अपना खुद का एक पॉडकास्ट भी शुरू किया। इसका नाम 'नो फिल्टर नेहा' है। यह आज भले ही बहुत लोकप्रिय है, लेकिन इसे शुरू करने का किस्सा काफी अनोखा है। 2016 में जब नेहा ने इस पॉडकास्ट को शुरू करने का फैसला किया, तब भारत में पॉडकास्टिंग का कोई चलन नहीं था। अधिकतर लोग यह मानते थे कि मनोरंजन का मतलब सिर्फ वीडियो है और कोई भी सिर्फ ऑडियो शो नहीं सुनेगा। जब नेहा ने अपने दोस्तों और इंडस्ट्री के लोगों से यह आइडिया शेयर किया, तो उन्हें कई तरह के रिएक्शन मिले। कोई कहता, यह आइडिया फ्लॉप हो जाएगा, तो कोई कहता, इसे कौन सुनेगा? लोगों ने उनको इसे न करने के बहुत से कारण गिनाए।

लेकिन, नेहा को अपने आइडिया पर पूरा भरोसा था। वह जानती थीं कि भारत में, जहां इंटरव्यू के दौरान अक्सर सवाल-जवाब बहुत नियंत्रित होते हैं, वहां एक ऐसा प्लेटफॉर्म होना चाहिए, जहां सेलेब्रिटी बिना किसी फिल्टर के खुलकर बात कर सकें। उन्होंने मशहूर हस्तियों को अपने पॉडकास्ट पर लाने के लिए राजी किया। जब पहला एपिसोड रिकॉर्ड हुआ, तो कुछ कलाकारों को भी यह अजीब लगा कि वे सिर्फ बोल रहे हैं और कैमरा नहीं है। लेकिन, धीरे-धीरे, उन्होंने इस फॉर्मेट को एन्जॉय करना शुरू कर दिया। इस पॉडकास्ट की सफलता ने साबित कर दिया कि नेहा ने सही सोचा था। 'नो फिल्टर नेहा' भारत के सबसे सफल पॉडकास्ट में से एक बन गया। इस पॉडकास्ट ने न सिर्फ नेहा को एक नई पहचान दी, बल्कि यह भी साबित किया कि अगर आप अपने आइडिया पर विश्वास करते हैं, तो आप लीक से हटकर भी सफलता पा सकते हैं।

# बिग बॉस 19 की कंटेस्टेंट नतालिया ने बताई अपनी रणनीति



**रियलिटी शो बिग बॉस 19 में पोलैंड की नतालिया जानोसजेक बतौर प्रतिभागी पहुंची हैं।**

**नतालिया की मानें तो कुछ लोगों को यह खटक सकता है कि जब इंडिया में इतने टैलेंटेड लोग हैं तो फिर एक इंटरनेशनल कंटेस्टेंट को शो में क्यों लाया गया?**

**आप एक ऐसे घर में जा रही हैं, जहां सब स्ट्रॉन्ग पर्सनैलिटीज हैं। सबसे पहले किससे भिड़ने का अंदेशा है?**

सच कहूं तो मुझे बिल्कुल भी अंदाजा नहीं है। मैंने जानबूझकर किसी का नाम तक गूगल नहीं किया, क्योंकि मैं चाहती हूं कि अंदर जाकर सबको उनकी असली शख्सियत से जानूं। मुझे ये फेयर नहीं लगता कि बाहर की इमेज बनाकर जाऊं और फिर उसके हिसाब से बिहेव करूं। हां, इतना जरूर कहूंगी कि अगर कोई बेवजह मुझे उकसाएगा या टारगेट करेगा तो मैं चुप नहीं बैठूंगी। भिड़ंत तभी होगी जब कोई खुद लाइन क्रॉस करेगा।

**वो कौन-सी एक चीज है, जिसे आप घरवालों से बर्दाश्त नहीं करेंगी?**

मेरे लिए सबसे जरूरी है रिस्पेक्ट। अगर कोई इंसान दूसरों को छोटा समझे, ओवरकॉन्फिडेंस दिखाए और खुद को सबसे ऊपर मानने लगे...तो वहां मुझसे टकराव पक्का है। मैं ये मानती हूं कि आप कितने भी स्ट्रॉन्ग या फेमस क्यों न हों, दूसरों को इज्जत देना सबसे जरूरी है। अगर कोई ऐसा नहीं करता, तो मेरे लिए वो सबसे बड़ी रेड लाइन होगी। मैं डिसरेस्पेक्ट को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करूंगी।

**आपकी क्या तैयारी है?**

सच कहूं तो मैंने बहुत ज्यादा बॉलीवुड फिल्में नहीं देखी थीं। मुझे याद है जब किसी ने मुझसे सलमान खान के बारे में पूछा, तो उस समय मुझे उनके बारे में जानकारी नहीं थी। आज उन्हीं सलमान खान के साथ स्टेज शेयर करूंगी। ये मेरे लिए किसी सपने से कम नहीं होगा।

**अगर कोई घरवाला आपके बारे में झूठ फैलाए या अफवाहें उड़ाए तो?**

मैं मानती हूं कि सच कभी दबाया नहीं जा सकता। झूठ चाहे कितना भी शोर मचाए, सच हमेशा सामने आ ही जाता है। अगर कोई मेरे खिलाफ अफवाह फैलाएगा, तो मैं घबराऊंगी नहीं। मैं उस इंसान को सामने से जवाब दूंगी और बाकी घरवालों को भी अपनी सच्चाई दिखाऊंगी। मेरा मानना है कि जब आप रियल होते हैं तो लोग धीरे-धीरे सच को पहचान ही लेते हैं। इसलिए मैं किसी के झूठ से डरने वाली नहीं हूं।

## आप भी ड्रामा क्रिएट करेंगी या शांत रहकर खेलेंगी?

मैं नकली ड्रामा क्रिएट करने वाली नहीं हूं। मुझे झूठा दिखावा या फेक झगड़े करने की आदत नहीं है। हां, मैं जानती हूं कि बिग बॉस का घर ऐसा है, जहां आप चाहकर भी ड्रामे से बच नहीं सकते। कई बार बिना कुछ किए भी आप ड्रामे का हिस्सा बन जाते हैं। मेरी कोशिश होगी कि मैं स्ट्रैटेजिक रहूं और खुद को असली तरीके से दिखाऊं। लेकिन अगर कोई सिचुएशन वॉर जैसी बनती है, तो मैं पीछे नहीं हटूंगी। मेरे लिए ईमानदारी ज्यादा अहम है और मैं उसी पर टिकी रहूंगी।



# नहीं चाहिए बिग बॉस 19 की ट्रॉफी, लोगों के दिल जीतना है मकसद

**टीवी के सबसे कॉन्ट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस 19 में कंटेस्टेंट के तौर पर इन दिनों सोशल मीडिया की चर्चित पर्सनालिटी तान्या मित्तल नजर आ रही हैं। वो अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। शो में कदम रखने से पहले उन्होंने अपनी सोच, फैसले और घर में आने वाली चुनौतियों पर बातचीत की।**

**सोशल मीडिया पर आपके लाइफस्टाइल को लेकर बहुत बातें होती हैं। बिग बॉस रियल तान्या दिखाएगा या उन्हें सही साबित करेगा?**

सच तो ये है कि मैं अपनी पसंद की लड़ाई लड़ती हूं, अपने दोस्तों के लिए खड़ी होती हूं और चीजों को लेकर बहुत पर्टिकुलर हूं। मेरे लाइफस्टाइल के हिसाब से कुछ लोग एडजस्ट नहीं कर पाते, इसलिए ट्रोल्स को मौका मिलता है। लेकिन मैं हमेशा अपने लिए खड़ी रहती हूं और जो भी मुझे ट्रोल करता है, उसके इरादे ही मुझे प्रभावित नहीं करते। बिग बॉस मेरा असली चेहरा दिखाने का सबसे सही मंच है और मैं कोई फेक नहीं बनूंगी।

**पब्लिक सिम्पथी या ट्रॉफी, आप क्या चुनेंगी?**

मैं हमेशा पब्लिक सिम्पथी चुनूंगी। ट्रॉफी तो केवल शॉर्ट-टर्म जीत है, लेकिन लोगों के दिल जीतना लॉन्ग-टर्म कामयाबी है। मैं चाहती हूं कि लोग मेरे नाम से प्यार करें, मेरा आदर करें और मुझे रियल समझें। मैं शो की ट्रॉफी से नहीं, बल्कि लोगों के दिलों से जीतना चाहती हूं।

**आप कैसे याद रहना चाहती हैं**

मैं सिर्फ याद रहना चाहती हूं। मुझे कंट्रोवर्सी या साइलेंस की परवाह नहीं। मैं अपनी सच्चाई दिखाना चाहती हूं। लोग 48 घंटे में ड्रामा भूल जाते हैं, लेकिन जो सच है और जो आप खुद हैं, वही लंबा चलता है। बिग बॉस में मैं दिखाऊंगी कि मैं शांत भी हूं, लेकिन कभी भी दब कर नहीं बैठती।

**सलमान खान के साथ स्क्रीन शेयर करने को लेकर कितनी एक्साइटेड हैं?**

यह एक ड्रीम मोमेंट है। मैं पहले ही इस दिन की कल्पना कर रही थी कि किस तरह से मैं उनका सामना करूंगी। यह सिर्फ एक सेलिब्रिटी मिलना नहीं है, बल्कि यह सीखने का और अपने आप को टेस्ट करने का मौका है।

**अगर सलमान आपको डांट दें, तो आप रियलिटी में कैसे रिएक्ट करेंगी?**

यह वाकई मुश्किल है, क्योंकि मैं अपनी राय पर दृढ़ हूं। लेकिन मैं उन्हें सम्मान दूंगी। मैं उनका अनुभव मानती हूं, लेकिन अपनी बात भी रखूंगी। जैसे किसी टीचर को मैं समझाती हूं, वैसे। मैं बहस नहीं करूंगी सिर्फ विवाद के लिए, लेकिन अगर मेरी पर्सनैलिटी पर सवाल उठाया गया, तो मैं अपना पक्ष रखूंगी।

**क्या आप सलमान के लिए अपने व्यवहार को बदलेंगी या अपने रियल पर्सनालिटी पर टिकेंगी?**

मैं वही रहूंगी जो मैं हूं। कुंभ के बाद भी मैंने जो सच बोला, उसके लिए आलोचना मिली। मैं किसी की नजर में अच्छा बनने के लिए नहीं जाऊंगी। मेरा मानना है कि रियलिटी शो में हमेशा अपनी सच्चाई दिखानी चाहिए।

**सलमान की सलाह मानेंगी या अपनी गेम प्लान पर चलेंगी?**

मैं उनकी सलाह सुनूंगी। वो ज्यादा अनुभवी हैं और बिग बॉस के बारे में बेहतर जानते हैं। लेकिन अंत में, जो सही लगे वही करूंगी। मैं कभी अपने रियलिटी और सच्चाई से समझौता नहीं करूंगी।

**यूपी और एमपी टूरिज्म बोर्ड ने आपसे दूरी बना ली है। क्या आप अपने आतंकवाद का कोई धर्म नहीं वाले शब्दों पर टिकेंगी?**

हां। मैं अपने शब्दों पर कायम रहूंगी। यह मंच मुझे अपनी राय रखने का मौका देता है। मैं किसी की नजर में अच्छा बनने के लिए नहीं आई हूं। अगर लोग मुझसे नाराज़ हैं तो उनकी सोच, मेरी नहीं। मैं केवल सच बोल रही हूं और यही मेरा स्टैंड है।

**अगर हाउसमेट्स आपको 'अटेंशन सीकर' कहकर चिढाएं तो?**

मैं उनके लिए दुखी महसूस करूंगी, लेकिन मैं अपने स्टैंड पर खड़ी रहूंगी। मैं जानती हूं कि लोग ट्रोल क्यों करते हैं क्योंकि मैं सच्चाई बोलती हूं और बहुत अच्छे तरीके से जीवन जीती हूं। मैं अपनी अच्छाई दिखाऊंगी और खुद को सही साबित करूंगी।

## तान्या मित्तल बटोर रहीं सुर्खियां

तान्या बिग बॉस 19 के घर में काफी सुर्खियां बटोर रही हैं। उनके अजीबों-गरीब बयान, अटपटे रिएक्शन्स और दूसरे कंटेस्टेंटेस के साथ उनकी बेबाक बातचीत कई यूजर्स को रास नहीं आ रही है। सोशल मीडिया पर उन्हें उनके बयानों के चलते काफी ट्रोल भी किया जा रहा है।

# विश्व जूनियर चैम्पियन प्रणव नें शीर्ष वरीय निहाल को हराया

फुजैराह ग्लोबल शतरंज



**फुजैराह ,संयुक्त अरब अमीरात, एजेंसी।** में चल रहे पहले फुजैराह टूर्नामेंट का आगाज़ सनसनीखेज़ अंदाज़ में हुआ। मौजूदा विश्व जूनियर चैम्पियन भारत के प्रणव वेंकटेश ने शीर्ष वरीय और हाल ही में एशियन 2025 के रजत पदक विजेता हमवतन निहाल सारिन को मात देते हुए शानदार जीत दर्ज की। काले मोहरो से खेल रहे निहाल सिसिलियन ओपनिंग में खेल के मध्य में लगातार दबाव झेलते रहे, जगह की कमी के कारण उनके मोहरो को खेल में सक्रिय होने में ख़ासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था और ऐसे में खेल की 29वीं चाल में उनका ऊंट प्रणव के राजा की ओर फँस गया और बाजी उनके हाथ से निकलने लगी हालांकि खेल की 45वीं चाल में प्रणव की एक गलत चाल से निहाल को वापसी का मौका मिला पर वह इसे भुना नहीं पाये और 71 चाल तक चले मुक़ाबले के बाद वह बाजी हार गए ।

2700 रेटिंग के बेहद करीब निहाल के लिए यह हार बड़ा झटका है और खेल के बाद वह बेहद निराश नजर आए , पिछले ही हफ्ते चेन्नई ग्रांड मास्टर्स में निहाल नें प्रणव को पराजित किया था और इस तरह प्रणव नें अपनी हार का हिसाब निहाल से बराबर कर लिया है ।

सुपर स्टार टूर्नामेंट में कुल दुनिया के चुनिन्दा 44 खिलाड़ी भाग ले रहे है और इसकी औसत रेटिंग 2606 है जो इसे बेहद खास बनाती है और पहले दिन कई उलटफेर देखने को मिले , दूसरे वरीय भारत के रौनक साधवानी को फीडे के अलेक्सी ग्रेबनेव नें ड्रॉ पर रोका तो तीसरे वरीय अमीन तबातबाई को रोमानिया के अलेक्ज़ेंडर मोत्यलेव नें पराजित करते हुए सभी को चौंका दिया । भारत के एस एल नारायणन ने अमेरिका के जीएम सैम शेंक्लैंड से बाज़ी ड्रॉ खेली तो भारत के प्रणव आनंद नें मेज़बान यूएई के दिग्गज जीएम सलेम सालेह को रोका। ग्रांड मास्टर प्रनेश एम ने मैक्सिको के जीएम जोस मार्टिनेज अलकांतारा के साथ अंक बाँटा। वहीं हंगरी के सनन सुज्गिरोव नें हमवतन एडम कोजक को मात देते हुए अपना पहला अंक बनाया । पहले ही दिन उलटफेर का आलम यह रहा की नौवे वरीय सनन अब पहले बोर्ड पर अपनी दूसरे राउंड की बाजी खेलेंगे तो 12 वें वरीय दूसरे बोर्ड पर 18वें वरीय अभिमन्यु मिश्रा तीसरे बोर्ड पर खेलते नजर आएंगे । मतलब 18 शीर्ष खिलाड़ियो में 15 शीर्ष वरीय खिलाड़ियों को या तो हार या ड्रॉ के परिणाम ही हासिल हुए , इससे हम इस सुपर स्टार वर्ग की कड़ी प्रतिस्पर्धा का अंदाजा लगा सकते है । कुल मिलाकर 44 ग्रांडमास्टर्स के साथ यह टूर्नामेंट 2606 की औसत रेटिंग वाला बेहद मज़बूत आयोजन है। इसमें कुल 1,25,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि रखी गई है, जिसमें सुपरस्टार्स वर्ग के लिए 80,000 डॉलर, मास्टर्स वर्ग (2200-2599) के लिए 30,000 डॉलर और ओपन वर्ग (<2200) के लिए 15,000 डॉलर शामिल हैं। शीर्ष तीन पुरस्कार क्रमशः 23,000, 13,000 और 9,000 डॉलर हैं।

मास्टर्स वर्ग भी एक बेहद मजबूत ग्रांड मास्टर टूर्नामेंट है , पहले बोर्ड पर यूएसए के ग्रांड मास्टर ब्लादिमीर अकोपियन को वॉक के जरिये पहला अंक हासिल हुआ । दूसरे बोर्ड पर भारत के मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन ग्रांड मास्टर कार्तिक वेंकटरमन ने अपने अभियान की शुरुआत जीत से की। उन्होंने भारत के ही गर्व गौर को मात दी। तीसरे बोर्ड पर टर्की के सनल वाहप नें भारत के नामितबीर सिंह वालिया को पराजित करते हुए अपने अभियान की शुरुआत की । मास्टर्स वर्ग में कुल 202 खिलाड़ी भाग ले रहे है , इसके अलावा ओपन वर्ग में करीब 290 खिलाड़ी भाग ले रहे है , पूरे आयोजन के तीनों वर्गो में कुल मिलाकर 71 देशो के 533 खिलाड़ी भाग ले रहे है ।

## प्रज्ञानंद ने ग्रैंड शतरंज टूर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया, वेसली सो ने सिंकफील्ड कप जीता

**सेंट लुई (अमेरिका), एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने सिंकफील्ड कप में उपविजेता रहकर ग्रैंड शतरंज टूर फाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया जबकि अमेरिका के वेसली सो ने त्रिकोणीय प्लेऑफ मुकाबला जीतकर खिताब अपने नाम किया। सो ने नौवें और आखिरी दौर में उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया और प्रज्ञानंद तथा फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला। उन्होंने प्लेऑफ में दो में से डेढ़ अंक बनाए। प्रज्ञानंद ने अमेरिका के लेवोन आरोनियन से ड्रॉ खेला और कारूआना को हराया, जबकि कारूआना ने टाइब्रेकर में एकमात्र ड्रॉ सो से खेला। फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव ग्रैंड शतरंज टूर में सर्वाधिक अंक पाकर शीर्ष पर हैं। आरोनियन, कारूआना और प्रज्ञानंद भी क्वालिफाई कर चुके हैं। क्लासिकल वर्ग में सो, कारूआना और प्रज्ञानंद के 5.5 अंक रहे। आरोनियन पांच अंक लेकर चौथे स्थान पर रहे। वाचियेर लाग्रेव, अमेरिका के सैमुअल सेवियान और पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ पांचवें स्थान पर रहे। उनके बाद विश्व चैम्पियन डी गुकेश रहे। फ्रांस के अलीरजा फिरोजा के 3.5 अंक रहे जबकि अब्दुसत्तोरोव के 2.5 अंक रहे।



कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप

## अजीत नारायण ने देश के लिए जीता गोल्ड, निरुपमा देवी को हासिल किया सिल्वर मेडल




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अहमदाबाद में आयोजित कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष वेटलिफ्टर अजीत नारायण ने पुरुषों के 71 किलोग्राम भारवर्ग में देश के लिए गोल्ड मेडल जीता तो वहीं निरुपमा देवी सेराम ने महिलाओं की 63 किलोग्राम भारवर्ग में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। 26 साल के अजीत ने कुल 317 किलोग्राम (145 किग्रा स्नैच और 172 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर पोडियम पर टॉप पोजीशन हासिल किया और इस दौरान नए रिकॉर्ड भी बनाए। अजीत ने नाइजीरिया के जोसेफ एडिडियोंग उमोआफिया को पछाड़ा जिन्होंने कुल 316 किग्रा (146 किग्रा स्नैच और 170 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर रजत पदक जीता। एजेकील मोसेस ने कुल 290 किग्रा (135 किग्रा स्नैच और 155 किग्रा क्लीन एवं जर्क) भार उठाकर कांस्य पदक जीता। महिलाओं के 63 किग्रा वर्ग में निरुपमा ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए कुल 217 किग्रा (91 किग्रा स्नैच और 126 किग्रा क्लीन एवं जर्क) के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। चौबीस वर्षीय निरुपमा के क्लीन एवं जर्क प्रदर्शन ने पिछले राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया। कनाडा की माउड चारोन ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता जबकि कांस्य पदक नाइजीरिया की रूथ इमोलेयो अयोडेले के नाम रहा। भारत ने जूनियर वर्ग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और 71 किग्रा पुरुष तथा 63 किग्रा महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। हेमंत दोइमारी (पुरुष) और बिदुस्मिता भोई (महिला) ने चैंपियनशिप में अपने-अपने भार वर्गों में शीर्ष स्थान हासिल किया।

यूएस ओपन

## गत चैंपियन आर्यना सबालेंका तीसरे दौरे में पहुंची

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** गत चैंपियन आर्यना सबालेंका ने यूएस ओपन के तीसरे दौरे में जगह बना ली है। सबालेंका ने पोलिना कुडेरमेतोवा को हराकर तीसरे दौरे में जगह बनाई। सबालेंका ने दूसरे दौर के मैच में गैर-वरीयता प्राप्त पोलिना कुडेरमेतोवा को 7-6(4), 6-2 से हराया। पहले सेट में जीत के लिए सबालेंका को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन दूसरा सेट उन्होंने आसानी से जीता। दूसरे सेट में पोलिना कुडेरमेतोवा ने घुटने की चोट के इलाज के लिए मेडिकल टाइमआउट लिया था। नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका अगर फाइनल में पहुंचती हैं और खिताब जीतने में सफल रहती हैं, तो सेरेना विलियम्स के बाद दूसरी खिलाड़ी बनेंगी। सेरेना ने 2012 से 2014 तक लगातार तीन बार यूएस ओपन महिला एकल खिताब जीता था। सबालेंका का अगला मुकाबला 31वीं वरीयता प्राप्त कनाडाई खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज से होगा, जिन्होंने फ्रांस की एल्सा जैक्केमोट को 6-2, 3-6, 6-2 से हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में दूसरे दौर के मुकाबले में गैर-वरीयता प्राप्त अमेरिकी इवा जोविक को 6-3, 6-3 से हराया।



मोहम्मद शमी ने रिटायरमेंट की अफवाहों को खारिज किया

# वनडे वर्ल्ड कप जीतना मेरा सपना है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोहम्मद शमी ने अपनी रिटायरमेंट की अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है। 34 साल के शमी ने साफ कहा कि जब तक उनमें खेल के प्रति जुनून और प्रेरणा बनी रहेगी, वह मैदान पर डटे रहेंगे। शमी को इंग्लैंड में एंडरसन-तेंडुलकर ट्रॉफी और 9 सितंबर से यूएई में शुरू हो रहे एशिया कप के लिए भारतीय टीम में उन्हें जगह नहीं मिली है। शमी ने एक न्यूज चैनल से बातचीत में शमी ने रिटायरमेंट की अफवाहों पर तीखा जवाब देते हुए कहा,अगर किसी को मुझसे दिक्कत है, तो सामने आकर बताए। मेरे रिटायर होने से किसकी जिंदगी बेहतर हो जाएगी? मैं किसी की जिंदगी में पत्थर क्यों बनूं कि तुम्हें मुझसे रिटायरमेंट चाहिए? जिस दिन मुझे बोरियत होगी, मैं खुद मैदान छोड़ दूंगा। आप मुझे न चुनें, न खिलाएं, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं मेहनत करता रहूंगा। घरेलू क्रिकेट में भी खेलने को तैयार शमी ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मौका न मिले, तो वह घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, अगर आप मुझे अंतरराष्ट्रीय मैचों में नहीं चुनते, तो मैं घरेलू क्रिकेट खेलूंगा। मैं कहीं न कहीं खेलता रहूंगा। रिटायरमेंट जैसा फैसला तब लिया जाता है, जब आपको लगे कि आप बोर हो गए हैं, जब आप सुबह 7 बजे टेस्ट मैच के लिए उठना नहीं चाहते। लेकिन मेरे लिए अभी वह वक्त नहीं आया। आप चाहें तो मैं सुबह 5 बजे भी उठकर तैयार हो जाऊंगा। ओडीआई वर्ल्ड कप जीतने का अधूरा सपना शमी ने बताया कि उनका सबसे बड़ा लक्ष्य वनडे वर्ल्ड कप जीतना है, जो उनका एकमात्र अधूरा सपना है। 2023 वर्ल्ड कप में भारत के फाइनल तक पहुंचने की याद ताजा करते हुए उन्होंने कहा,मेरा एक ही सपना बाकी है, वह है वनडे वर्ल्ड कप जीतना। 2023 में हम बहुत करीब थे। हमें भरोसा था, लेकिन नॉकआउट स्टेज में डर भी था। फैंस का उत्साह और समर्थन हमें प्रेरित करता था। शायद उस वक्त मेरी किस्मत में नहीं था, लेकिन मैं 2027 में वहां होना चाहता हूं।


## भारत के 2026 टी20 विश्व कप जीतने की कोई संभावना नहीं

जानें पूर्व चयनकर्ता ने क्यों दिया ये बयान




**नई दिल्ली, एजेंसी।** जहां एक तरह एशिया कप को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। वहीं दूसरी तरफ पूर्व भारतीय मुख्य चयनकर्ता क्रिस श्रीकांत ने आगामी टी20 विश्व कप में भारत के खिताब संभावनाओं पर संदेह जताया है। श्रीकांत का मानना है कि इस टीम के साथ भारत 2026 का विश्व कप नहीं जीत पाएगा। श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, %हम इस टीम के साथ एशिया कप तो जीत सकते हैं, लेकिन टी20 विश्व कप जीतने की कोई संभावना नहीं है। क्या आप इस टीम को विश्व कप में ले जाएंगे? क्या यह टी20 विश्व कप की तैयारी है जो मुश्किल से छह महीने दूर है?

टीम में सबसे ज्यादा चर्चा का विषय शुभमन गिल की उप-कप्तान के तौर पर वापसी थी जो एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की 2-2 से ड्रॉ हुई सीरीज के बाद हुई। गिल ने आखिरी बार जुलाई 2024 में श्रीलंका के खिलाफ टी20 मैच खेला था। वहीं जनवरी में इंग्लैंड के साथ द्विपक्षीय सीरीज के दौरान अक्षर पटेल उप-कप्तान थे लेकिन अब उन्हें इस पद से हटा दिया गया है जो पूर्व चयनकर्ता अच्छा नहीं लगा। उन्होंने रिंकू सिंह, शिवम दुबे और हर्षित राणा को टीम में शामिल करने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, वे पीछे चले गए हैं। अक्षर पटेल को उप-कप्तानी से हटा दिया गया है। मुझे नहीं पता कि रिंकू सिंह, शिवम दुबे और हर्षित राणा कैसे टीम में आ गए। को चयन का मुख्य मानदंड माना जाता है, लेकिन लगता है कि चयनकर्ताओं ने उससे पहले के प्रदर्शन पर विचार किया है। श्रीकांत ने भारत के लिए 5वें नंबर के बल्लेबाज पर भी प्रश्न किया। उन्होंने कहा, पांचवें नंबर पर कौन बल्लेबाजी करेगा? पांचवें नंबर पर संजू सैमसन, जितेश शर्मा, शिवम दुबे या रिंकू सिंह में से कोई एक होना चाहिए। हार्दिक पांड्या आमतौर पर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं इसलिए अब अक्षर छठे नंबर पर बल्लेबाजी नहीं कर सकते। मुझे समझ नहीं आ रहा कि उन्होंने दुबे को कैसे चुना। यशस्वी जायसवाल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वह क्या करते हैं।



## उत्तराखंड प्रीमियर लीग का दूसरा सीज़न 23 सितंबर से, क्रिकेट और संस्कृति का महाकुंभ फिर लौटेगा

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड का सबसे बड़ा खेल और सांस्कृतिक उत्सव, उत्तराखंड प्रीमियर लीग, अपने दूसरे सीज़न के साथ वापसी कर रहा है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड ने घोषणा की है कि यह लीग 23 सितंबर से 5 अक्टूबर, 2025 तक देहरादून के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होगी। इस बार, लीग का दायरा बढ़ाया गया है, जिसमें सात पुरुषों की टीमें और चार महिलाओं की टीमें हिस्सा लेंगी। यह पिछले सीज़न की तुलना में अधिक है, जो राज्य में क्रिकेट प्रतिभा की निरंतर वृद्धि का एक स्पष्ट संकेत है। पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए इस प्रतियोगिता में कुल 30 मैच खेले जाएँगे। सीज़न 2 की शुरुआत 23 सितंबर को महिलाओं की प्रतियोगिता से होगी, जिसमें चार टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। महिला फ़ाइनल 26 सितंबर को खेला जाएगा। इसके बाद, 27 सितंबर से पुरुषों की प्रतियोगिता शुरू होगी, जिसमें सात टीमें एक सप्ताह तक 21 लीग मैच खेलेंगी। पुरुषों का फ़ाइनल 5 अक्टूबर को आयोजित होगा। यूपीएल का उद्देश्य राज्य के भीतर क्रिकेटरों को एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जहाँ वे भारतीय टीम और आईपीएल में अनुभव रखने वाले खिलाड़ियों के साथ खेल सकें। इससे न केवल लीग का स्तर बढ़ेगा, बल्कि युवा खिलाड़ियों को भी सीखने का मौका मिलेगा। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए, यूपीएल प्लेयर ड्राफ्ट 10 सितंबर को देहरादून में होगा, जहाँ सभी टीमें अपनी मार्की खिलाड़ी चुनकर अपनी टीम को अंतिम रूप देंगी। सीएयू के सचिव, महिम वर्मा ने कहा, ÷पहले सीज़न में हमने अपनी क्रिकेट प्रतिभा की गहराई को देखा। सीज़न 2 में हम एक और बड़ा मंच दे रहे हैं। हमारा मानना है कि यूपीएल उत्तराखंड के क्रिकेटरों के विकास को गति देने के साथ-साथ प्रशंसकों को विश्व स्तरीय क्रिकेट का अनुभव भी देगा। एसएसपार्क स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट के संस्थापक, राजीव खन्ना ने बताया कि टीमों की संख्या बढ़ाने से अधिक खिलाड़ियों को पेशेवर माहौल में खुद को साबित करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि यूपीएल सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि यह उत्तराखंड की खेल भावना का उत्सव है। सीज़न 1 में घरेलू खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया था, जिसमें युवराज चौधरी, प्रियांशु खंडूरी, अवनीश सुधा, और भानु प्रताप सिंह जैसे खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। महिलाओं की प्रतियोगिता में नंदिनी कश्यप और गुंजन भंडारी जैसी खिलाड़ियों ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन कर महिला क्रिकेट के स्तर को ऊँचा उठाया था, जिससे सीज़न 2 और भी रोमांचक होने की उम्मीद है।

## पीवी सिंधु की दमदार वापसी, विश्व चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने फिर अंतिम क्षण में मिली बढ़त की बदौलत बुधवार 27 अगस्त 2025 की रात मलेशिया की लेत्शाना करुपाथेवन को हराकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के महिला एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने पहले गेम में 12-18 से पिछड़ने के बावजूद वापसी करते हुए दुनिया की 40वें नंबर की खिलाड़ी लेत्शाना को 42 मिनट में 21-19, 21-15 से शिकस्त दी। अब उनका सामना चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झि यि से होगा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने इसके बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे के यांग पो हान और लियू कुआंग हेंग को 22-20, 21-13 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

इससे पहले ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने आयरलैंड के जोशुआ मैगी और मोया रयान की जोड़ी को महज 35 मिनट में 21-11, 21-16 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अब क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए इस 16वीं वरीय भारतीय जोड़ी का सामना हॉन्गकॉन्ग के तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट की पांचवीं वरीय जोड़ी से होगा। सिंधु मंगलवार को पहले दौर के मैच में बुल्गारिया की कालोयाना नलबांटोवा के खिलाफ कुछ मुश्किलों से जूझ रही थीं। लेत्शाना के खिलाफ भी पीवी सिंधु को लय हासिल करने में दिक्कत हुई। वह शुरू में मलेशियाई खिलाड़ी को दबाव में नहीं ला सकीं और पिछड़ती रहीं। पर अंत में वापसी करने में सफल रहीं। लेत्शाना आक्रामक शुरुआत की जिससे सिंधु 1-4 से पीछे हो गईं। मलेशियाई खिलाड़ी ने दबदबा कायम रखते हुए अपने 'डाउन-द-लाइन स्मैश' और तेज 'नेट प्ले' से ब्रेक तक 11-8 की बढ़त बना ली। तकनीकी और शारीरिक रूप से मजबूत लेत्शाना के आक्रामक खेल ने सिंधु की अनिरंतरता को उजागर कर दिया। भारतीय खिलाड़ी पिछड़ती रहीं।

मलेशिया की खिलाड़ी 18-12 के स्कोर पर नियंत्रण बनाए थीं। पर यहीं सिंधु ने वापसी की। उन्होंने लगातार छह अंक बनाकर स्कोर 18-18 से बराबर कर दिया जिसमें लेत्शाना की एक गलती का भी उन्हें फायदा मिला। मलेशियाई खिलाड़ी दबाव में एक स्मैश वाइड कर बैठीं।

फिर सिंधु ने 19-19 के स्कोर पर संयम बनाए रखा और एक बेहतरीन स्मैश लगाकर 'गेम पॉइंट' हासिल किया। मैच में पहली बार सिंधु आगे निकलीं। भारतीय खिलाड़ी ने बैकलाइन पर लेत्शाना की कमजोर प्रतिक्रिया से अंक हासिल किया। उन्होंने फिर प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी के एक और शॉट को लंबा भेजने से गेम अपने नाम कर लिया। पीवी सिंधु ने फिर दूसरे गेम में भी यही लय जारी रखते हुए 5-1 से बढ़त हासिल कर ली। मलेशियाई खिलाड़ी को अपनी गति बनाए रखने में मुश्किल हो रही थी जिससे सिंधु 7-3 के बाद 9-5 से आगे हो गईं।

## संक्षिप्त समाचार

### मालगाड़ी के डिब्बों से बुलेट ट्रेन नहीं चलाई जा सकती, पुराने कानूनों पर दिल्ली की अदालत ने कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने हाल ही में एक सिविल मुकदमे की सुनवाई के दौरान 1908 के सिविल प्रक्रिया संहिता के कुछ पुराने कानूनों को लेकर तीखी टिप्पणी की। जिला जज संजीव अग्रवाल ने कहा कि आप मालगाड़ी के डिब्बों के साथ बुलेट ट्रेन नहीं चला सकते। यह टिप्पणी तब आई जब अदालत एक डिक्री धारक की अर्जी पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें एक निजी कंपनी के खिलाफ 24.42 लाख रुपये की वसूली के लिए पहले दिए गए फैसले को लागू करने की मांग की गई थी। 25 अगस्त के अपने आदेश में जज ने कहा कि भारत सरकार ने व्यापार को सुगम बनाने के लिए 2015 में कॉमर्शियल कोर्ट्स एक्ट लागू किया, जो कमर्शियल विवादों को तेजी से निपटाने में बेहद कारगर साबित हुआ है। लेकिन, उन्होंने चिंता जताई कि इतने आधुनिक कानून को लागू करने के लिए 1908 के पुराने सीपीसी नियमों पर निर्भर रहना ठीक नहीं। यह ऐसा है जैसे आप जापान की शिनकान्सेन बुलेट ट्रेन को चलाने के लिए पुरानी मालगाड़ी के इंजन का इस्तेमाल करें। जस्टिस अग्रवाल ने उम्मीद जताई कि विधायिका जल्द ही इस मुद्दे पर ध्यान देगी और पुराने नियमों में जरूरी बदलाव करेगी। उन्होंने कहा कि बुलेट ट्रेन की रफ्तार के लिए आधुनिक इंजन और डिब्बों की जरूरत है, न कि सदी पुराने ढांचे की। यह टिप्पणी न केवल कानूनी व्यवस्था पर एक सवाल है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि देश की प्रगति के लिए समय के साथ कदम मिलाना कितना जरूरी है।

### पूर्व रॉ अफसर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी, अपहरण और जबरन वसूले के आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने एक व्यवसायी से जुड़े कथित अपहरण और जबरन वसूली के मामले में खुफिया एजेंसी रॉ के पूर्व एजेंट विकास यादव के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। विकास पर अमेरिकी अधिकारियों ने सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की अमेरिका में हत्या की नाकाम साजिश में कथित भूमिका के लिए आरोप लगाया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सौरभ प्रताप सिंह लालर ने 25 अगस्त को जारी आदेश में कहा, सुबह से बार-बार फोन करने के बावजूद आरोपी विकास यादव अनुपस्थित है। आरोपी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया जाता है। जज ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 491 (जब बांड जब्त कर लिया गया हो तो प्रक्रिया) के तहत उसके जमानतदार को भी नोटिस जारी किया। अदालत ने विकास यादव को 17 अक्तूबर को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया है। विकास यादव ने अपनी जान को खतरा बताते हुए अदालत में छूट की अर्जी दी थी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया था।00000

### दिल्ली में गणपति पंडाल के पीछे युवक की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली के ईस्ट विनोद नगर स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद पार्क में लगे गणपति पंडाल के पास बुधवार रात एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। अचानक हुई इस वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर अफरा-तफरी के बीच पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्क में बुधवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश महोत्सव की शुरुआत हुई थी। इसी दौरान रात करीब सवा आठ बजे कुछ लोगों ने पंडाल के पीछे एक युवक को जमीन पर गिरा हुआ देखा, जब वे उसे उठाने के लिए उसके करीब गए तो उन्होंने उसे खून लथपथ पाया। जिसके बाद उन्होंने इस बारे में पुलिस को खबर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंडाल में चल रहे आयोजन को तत्काल बंद करवा दिया। पुलिस को मृतक के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। यह भी स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवक पार्क में किसके साथ या क्यों आया था। फिलहाल हत्या के पीछे लूट या पुरानी रंजिश की आशंका पर जांच की जा रही है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

# दिल्ली में जंगल की जमीन पर कब्जा करके बनी 22 कॉलोनियां

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
दिल्ली के संगम विहार में सीवर लाइन बिछाने की कोशिशों ने एक बड़ा राज खोल दिया है। दिल्ली जल बोर्ड ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को बताया कि इस इलाके में 44 अवैध कॉलोनियां हैं, जिनमें से 33 जंगल की जमीन पर अतिक्रमण करके बनी हैं। यह खबर सुनकर हर कोई हैरान है, क्योंकि ये कॉलोनियां न सिर्फ अवैध हैं, बल्कि दिल्ली के हरे-भरे रिज क्षेत्र को भी नुकसान पहुंचा रही हैं।

जल बोर्ड की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में कुल 1,799 अवैध कॉलोनियां हैं, जिनमें से 44 संगम विहार में हैं। इनमें से 33 कॉलोनियां दक्षिणी और दक्षिण-मध्य रिज के जंगल क्षेत्र में बनी हैं। खास बात ये है कि 22 कॉलोनियां पूरी तरह जंगल की जमीन पर हैं, जबकि 11 आंशिक रूप से इस क्षेत्र में फैली हैं। यानी, दिल्ली का हरा-भरा फेफड़ा खतरे में है। जल बोर्ड ने बताया कि 33 में से 11 कॉलोनियों में, जो आंशिक रूप से जंगल की जमीन पर हैं, वहां सीवर लाइन बिछाने का काम शुरू हो चुका है। लेकिन, ध्यान देने वाली बात ये है कि यह काम सिर्फ गैर-जंगल क्षेत्रों में ही हो रहा है। अब तक 8 कॉलोनियों में सीवर लाइन बिछाई जा चुकी है। जंगल की जमीन पर कोई भी निर्माण कार्य शुरू करने से पहले रिज मैनेजमेंट बोर्ड, दिल्ली के वन और वन्यजीव विभाग और सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी (सीईसी) से इजाजत लेनी पड़ती है। जल बोर्ड ने



कहा कि वह इन मंजूरी के लिए कोशिश कर रहा है और बिना अनुमति के जंगल क्षेत्र में कोई काम नहीं होगा। दिल्ली में चार प्रमुख रिज क्षेत्र हैं, जिन्हें रिजर्व वन माना जाता है। इनकी कुल जमीन करीब 7,784 हेक्टेयर है। सबसे बड़ा दक्षिणी रिज 6,200 हेक्टेयर में फैला है, जबकि मध्य रिज 864 हेक्टेयर, दक्षिण-मध्य रिज (महरौली) 626 हेक्टेयर और उत्तरी रिज 87 हेक्टेयर में है। इसके अलावा, नानकपुरा दक्षिण-मध्य रिज 7 हेक्टेयर में फैला है। ये रिज क्षेत्र दिल्ली की हवा को साफ रखने और पर्यावरण को संतुलित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। पिछले साल मार्च में, एक खबर के आधार पर एनजीटी ने संगम विहार की बदहाल गलियों और कूड़े की समस्या को गंभीरता से लिया था। 8 अगस्त को एनजीटी ने जल बोर्ड से संगम विहार की अवैध कॉलोनियों में चल रहे सीवर कार्यों का ब्योरा मांगा, खासकर यह जानने के लिए कि कौन सी कॉलोनियां जंगल की जमीन पर हैं। जल बोर्ड ने पहले कहा था कि जंगल क्षेत्र में कोई सीवर लाइन नहीं बिछाई गई।

## खतरे के निशान से ऊपर बह रही यमुना, दिल्ली में लग गए राहत कैंप



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार हो रही भारी बारिश के कारण यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है, जिसके चलते दिल्ली के मयूर विहार में बाढ़ राहत शिविर लगाया गया है। मयूर विहार के एक निवासी अशोक ने बताया, ये टेंट लोगों के रहने के लिए लगाए गए हैं... जब बाढ़ आएगी तो नदी के पास रहने वाले लोग अपने घरों से निकलकर इन टेंटों में रहेंगे।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में अगले कुछ दिनों तक मानसून सक्रिय रहेगा। आईएमडी ने आज से 31 अगस्त तक नई दिल्ली में गरज के साथ बारिश होने का अनुमान जताया है। बुधवार को दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया। रात 9 बजे जलस्तर 205.39 मीटर था। शहर में चेतावनी का निशान 204.50 मीटर है, जबकि खतरे का निशान 205.33 मीटर है और 206 मीटर पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना शुरू कर दिया जाता है।

इस बीच, हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण बनाला में भूस्खलन हुआ है, जिससे चंडीगढ़-मनाली हाईवे बंद हो गया है।अधिकारियों ने बताया कि रास्ते को फिर से खोलने का काम चल रहा है। कुल्लू जिले में भी भारी बारिश हुई है, जिससे ब्यास नदी उफान पर है और हाईवे का एक हिस्सा बह गया है।

# हम आपके साथ हैं, ट्रंप कायर-बुजदिल है; पीएम मोदी से बोले केजरीवाल

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी से मांग की है कि वह अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाएं। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका 50 पर्सेंट टैरिफ लगा रहा है तो हमें 100 पर्सेंट लगा देना चाहिए। पूर्व सीएम ने एक तरफ ट्रंप को बुजदिल और कायर कहा तो पीएम मोदी के लिए भी भीगी बिल्ली जैसी उपमा का इस्तेमाल किया। उन्होंने अमेरिका को करारा जवाब देने की मांग करते हुए कहा कि पूरा देश पीएम के साथ। हालांकि, उन्होंने उद्योगपति गौतम अडानी का नाम लेकर तंज भी कसा।




अरविंद केजरीवाल ने अमेरिकी कपास से ड्यूटी हटाकर देश के किसानों को धोखा देने का आरोप लगाया और कहा कि अब किसानों के पास आत्महत्या के अलावा कोई चारा नहीं होगा। उन्होंने कहा, 'पिछले कुछ दिनों में पीएम मोदी ने पीठ पीछे, चोरी चोरी कुछ ऐसे फैसले लिए हैं जो देशभर के किसानों के साथ धोखा है। अभी 90-95 फीसदी किसानों को पता ही नहीं क्या हो गया। जब ये निर्णय सामने आएंगे तो ढेरों किसानों के पास आत्महत्या के सिवा कोई चारा नहीं बचेगा।'

**मोदी ने दिया धोखा, अमेरिकी कपास से ड्यूटी खत्म- केजरीवालन** आप प्रमुख ने कहा कि पिछले दिनों अमेरिका के दबाव में मोदी जी ने निर्णय लिया है कि अमेरिका से जो कपास भारत आता है उस पर 11 पर्सेंट ड्यूटी लगती थी। इसलिए भारत के किसानों की कपास अमेरिकी कपास से सस्ती होती थी और मंडी में बिक जाती थी। पिछले दिनों मोदी सरकार ने इस ड्यूटी को हटा दिया है। 19 अगस्त से 30 सितंबर तक 40 दिनों के लिए यह ड्यूटी हटाई गई है, यह देश के किसानों के साथ बहुत बड़ा धोखा है। अब जो अमेरिका से कपास आ रही है वह भारत के किसानों से 15-20 रुपये किलो सस्ती पड़ रही है। भारत के किसान कहां जाएंगे, वह अपनी कपास कहां बेचेंगे। हमारे किसानों की कपास अक्तूबर से मंडी में आने लगेगी। तब तक टेक्स्टाइटल इंडस्ट्री अमेरिका की सस्ती कपास खरीद चुकी होगी। उन्हें भारतीय किसानों के कपास की जरूरत नहीं होगी। केजरीवाल ने कहा कि ट्रंप ने भारत पर 50 पर्सेंट टैरिफ लगाया है। अमेरिका ने गुंडागर्दी करके 50 पर्सेंट टैरिफ लगाया है। हमें कपास पर 11 पर्सेंट से बढ़ाकर 50 पर्सेंट कर देना चाहिए था। यूरोपीय यूनियन, चीन, कनाडा, मैक्सिको ने ज्यादा टैक्स लगाकर जवाब दिया तो डरकर ट्रंप को झुकना पड़ा। उन्होंने कहा, 'दूसरे देशों ने ट्रंप को खड़े होकर जवाब दिया, ट्रंप एक कायर आदमी है, बुजदिल है। जो देश ट्रंप के सामने खड़ा हुआ, उसके सामने झुकना पड़ा। पता नहीं मोदी जी की क्या मजबूरी है ट्रंप के सामने भीगी बिल्ली बने हुए हैं।' केजरीवाल ने कहा कि यदि अमेरिका ने 50 पर्सेंट टैरिफ लगाया तो भारत को 100 पर्सेंट लगा देना चाहिए। उन्होंने कहा, क्या हम कमजोर देश हैं। हम 140 करोड़ लोगों का देश हैं। कम नही होते, बहुत बड़ी मार्केट है हमारी। कोई भी देश भारत की नाराजगी बर्दाशत नहीं कर सकता है। यदि हम हिम्मत दिखाते, ट्रंप को झुकना पड़ा। लेकिन आज मोदी जी झुके हुए हैं। पूरा देश जानना चाहते हैं कि वह क्यों झुके हुए हैं। पूरा देश जानना चाहता है। यह ना हमारे रोजगार, उद्योग का मुद्दा है। हमारे सम्मान का मुद्दा है। 140 करोड़ लोग मोदी जी के साथ हैं, आप हिम्मत दिखाइए, हम आपके साथ हैं। 140 करोड़ लोग उनके साथ हैं।

**अफवाह है कि अडानी की वजह से देश को दांव पर लगाया- केजरीवाल:** केजरीवाल पर पीएम मोदी पर ट्रंप के सामने झुकने का आरोप लगाते हुए कहा कि अफवाह है कि अडानी को बचाने के लिए वह ऐसा कर रहे हैं। पूर्व सीएम ने कहा, लोग तरह तरह की बातें कर रहे हैं। अफवाहें फैल रही है। लोग कह रहे हैं कि अडानी जी का कोई केस चल रहा है अमेरिका में। अडानी जी की गिरफ्तारी होने वाली थी। लोग कह रहे हैं कि मोदी जी का अडानी से गहरा रिश्ता है और मोदी जी अडानी को बचाने के लिए पूरे देश को दांव पर लगा रहे हैं। मुझे नहीं पता लेकिन यदि यह सच है तो यह देश के किसानों, उद्योगपतियों, 140 करोड़ लोगों के साथ बहुत बड़ा धोखा है।

हम मांग करते हैं कि 11 पर्सेंट ड्यूटी हटाने वाले आदेश को वापस लिया जाए। 7 सितंबर को गुजरात के सुरेंद्रनगर में आम आदमी पार्टी जनसभा करेगी, यह वह जिला है जहां सबसे ज्यादा कपास उगाने वाले किसान हैं। मैं सभी राजनीतिक दलों और संगठनों से एक साथ आवाज उठाने की मांग कर रहा हूं।

# पानी- पानी हुआ पाकिस्तान, बाढ़ में डूबा करतारपुर साहिब गुरुद्वारा

**इस्लामाबाद , एजेंसी।**
पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में रावी नदी में आई बाढ़ के कारण करतारपुर कॉरिडोर और गुरुद्वारा दरबार साहिब जलमग्न हो गया। इस बाढ़ में 100 से अधिक लोग फंस गए, जिनमें से ज़्यादातर कर्मचारी थे। अधिकारियों ने 27 अगस्त को इस घटना की पुष्टि की।

**कॉरिडोर हुआ जलमग्न, बचाव कार्य जारी:** करतारपुर कॉरिडोर परियोजना प्रबंधन इकाई के प्रमुख सैफुल्लाह खोखर ने बताया कि गुरुद्वारा दरबार साहिब सहित पूरा करतारपुर कॉरिडोर परिसर बाढ़ के पानी में डूब गया है। फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए नावों और एक हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में पवित्र सिख तीर्थस्थल पानी से घिरा हुआ दिखाई दे रहा है।



नारोवाल के उपायुक्त हसन रजा के मुताबिक भारत द्वारा रावी नदी में पानी छोड़े जाने के बाद कई निवासियों को बाढ़ग्रस्त इलाकों से निकाला गया है। उन्होंने बताया कि शकरगढ़ तहसील के कोट नैन में रावी नदी का जल स्तर 1,55,000 क्यूसेक पर पहुंच गया है, जबकि इसकी क्षमता 1,50,000 क्यूसेक है।

इससे पहले भारत ने मानवीय आधार पर रविवार को राजनयिक माध्यमों से पाकिस्तान को बाढ़ की चेतावनी दी थी। यह मई में दोनों देशों के बीच संघर्ष के बाद पहला आधिकारिक संपर्क था। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि को भी निलंबित कर दिया था।

अधिकारियों ने बताया कि इस बाढ़ से हजारों एकड़ कृषि भूमि जलमग्न हो गई है, जिससे धान की फसल और पशु चारे को काफी नुकसान हुआ है। पिछले 24 घंटों की भारी बारिश ने स्थिति को और भी खराब कर दिया है। लाहौर में भी बाढ़ का खतरा बढ़ रहा है, जहाँ शाहदरा में रावी नदी का जलस्तर 72,900 क्यूसेक है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने स्थिति की समीक्षा के लिए एक आपात बैठक की और अधिकारियों को चेतावनी प्रणालियों को बेहतर बनाने का निर्देश दिया। पंजाब सरकार ने बाढ़ प्रभावित इलाकों से लोगों को निकालने के लिए सेना को बुलाया है। अब तक 2,50,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

## रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवार ने कुरान जलाकर मचाया तूफान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** एफ-35 अमेरिका में धार्मिक असहिष्णुता का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। टेक्सास से रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवार वैलेंटिना गोमेज़ ने अपने चुनावी प्रचार में नफरत की सारी हदें पार करते हुए इस्लाम के खिलाफ न केवल आपत्तिजनक बातें कहीं, बल्कि कैमरे के सामने पवित्र कुरान को जलाकर बवाल खड़ा कर दिया।

2026 में टेक्सास के 31वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से चुनाव लड़ने वाली गोमेज़ ने एक वीडियो संदेश में दावा किया कि यदि इस्लाम को खत्म नहीं किया गया तो आपकी बेटियों का रेप होगा और बेटों के सिर कलम कर दिए जाएंगे। इस खतरनाक और भड़काऊ बयान ने सोशल मीडिया से लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय तक, हर जगह से तीखी प्रतिक्रियाएं बटोरी हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग (पूर्व में ट्विटर) पर गोमेज़ द्वारा पोस्ट किया गया यह वीडियो बाद में डिलीट कर दिया गया, लेकिन तब तक यह व्यापक रूप से फैल चुका था। अमेरिका सहित कई देशों में राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने इस हरकत की कड़ी निंदा की है। टेक्सास में मुस्लिम आबादी मात्र 1, फिर भी इस्लामोफोबिक एजेंडा गौर करने वाली बात यह है कि टेक्सास में मुस्लिम जनसंख्या केवल करीब 1 है, फिर भी गोमेज़ ने अपने पूरे प्रचार अभियान को इस्लाम-विरोधी बयानों के इर्द-गिर्द केंद्रित रखा है। उन्होंने अमेरिका को ईसाई राष्ट्र बताते हुए कहा कि मुस्लिमों को 57 अन्य देशों में चले जाना चाहिए। अपने वीडियो में गोमेज़ ने हमास द्वारा 7 अक्टूबर को किए गए हमले का हवाला देते हुए कुरान को इसके लिए जिम्मेदार बताया और दावा किया कि वह यीशु के मार्गदर्शन में काम कर रही हैं।

## रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलों से किया हमला

**कीव, एजेंसी।** रूस ने गुरुवार तड़के यूक्रेन की राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलों से बड़ा हमला किया, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। कीव के शहरी प्रशासन के प्रमुख तैमूर त्काचेंको ने बताया कि मृतकों में 14 वर्षीय एक किशोर भी शामिल है। त्काचेंको ने कहा कि एक आवासीय इमारत पर सीधा हमला हुआ। उन्होंने बताया कि इस हमले से सबकुछ तबाह हो गया है।

कीव के शहरी प्रशासन के प्रमुख तैमूर त्काचेंको ने प्रारंभिक सूचना के हवाले से बताया कि मृतकों में 14 वर्षीय लड़की भी शामिल है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। त्काचेंको ने बताया कि डार्नित्स्की प्रांत में पांच मंजिला आवासीय इमारत पर सीधा हमला हुआ। मध्य कीव में हमले के कारण एक प्रमुख सड़क पर टूटे हुए कांच के टुकड़े बिखर गए। बताया जा रहा है कि इस हमले से राजधानी कीव के 20 से अधिक इलाके प्रभावित हुए हैं। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंच गया है। राहत और बचाव कार्य जोरों पर है। बता दें कि यह हमला यूक्रेन में तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने की चर्चा के बीच हुआ है। इस महीने की शुरुआत में अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात के बाद यह कीव पर अब तक का सबसे बड़ा हमला है।

# कैसे क्रैश हुआ एफ-35 जेट? हुआ खुलासा- क्रैश से पहले पायलट ने 50 मिनट तक इंजीनियरों के साथ की वीडियो कॉल

**अलास्का , एजेंसी।**
अलास्का के ठंडे आसमान में अमेरिकी वायुसेना का एक एफ-35 फाइटर जेट एक दिल दहला देने वाली दुर्घटना का शिकार हुआ, लेकिन इस घटना में पायलट की बहादुरी ने सबका दिल जीत लिया। जब जेट में गंभीर तकनीकी खराबी आई, तब भी पायलट ने हिम्मत नहीं हारी और करीब 50 मिनट तक हवा में ही इंजीनियरों के साथ वीडियो कॉल पर समस्या सुलझाने की पूरी कोशिश की। अंततः जब कोई और विकल्प नहीं बचा, तो पायलट ने खुद को सुरक्षित



निकालने के लिए पैराशूट का सहारा लिया। एक टीवी न्यूज चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक, विमान के लैंडिंग गियर में बर्फ जमने से यह हादसा हुआ। मुख्य लैंडिंग गियर में हाइड्रोलिक फ्लूड में पानी था, जो -18एष्ट की सर्दी में जम गया और लैंडिंग गियर ठीक से काम नहीं कर पाए। जब पायलट ने लैंडिंग गियर वापस खींचने की कोशिश की, तो नाक वाला गियर एक तरफ तिरछा फंस गया। इस दौरान विमान ने ऐसा व्यवहार किया जैसे वह जमीन पर हो, जिससे उसे कंट्रोल करना नामुमकिन हो गया। पायलट ने बेस के पास उड़ते हुए लॉकहीड मार्टिन के पांच इंजीनियरों से कॉल पर संपर्क किया और करीब 50 मिनट तक समाधान ढूंढने की कोशिश की। दो बार टच एंड गो लैंडिंग कर गियर को सीधा करने की भी कोशिश की गई, लेकिन नाक वाला गियर जाम ही रहा। अंत में विमान पूरी तरह अनकंट्रोल हो गया और पायलट को इमरजेंसी में बाहर कूदना पड़ा। पायलट की सूझबूझ की सराहना जरूर हुई, लेकिन जांच में यह भी सामने आया कि क्रू के फैसले, हवा में हुई कॉल और खतरनाक सामग्री के मैनेजमेंट में लापरवाही भी हादसे की वजह बनी। 9 दिन बाद उसी एयरबेस पर एक और विमान में इसी तरह की समस्या सामने आई, लेकिन वह सुरक्षित लैंड कर गया। एफ-35 प्रोग्राम को लेकर पहले भी कई सवाल उठ चुके हैं-चाहे वह उत्पादन में शॉर्टकट हों या अत्यधिक लागत। हालांकि इसकी कीमत 2021 में जहां करीब .136 मिलियन थी, वहीं 2024 में गिरकर .81 मिलियन हो गई है। ये प्रोग्राम 2088 तक जारी रहने की उम्मीद है और 2 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा खर्च का अनुमान है।

## दिनदहाड़े महिला के गले से खींचा सोने का चेन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो के सेक्टर 6 थाना क्षेत्र में एक महिला का बाइक सवार व्यक्ति के द्वारा सोने की चेन छीनने का लाइव वीडियो सामने आया है। यह वीडियो सीसीटीवी में कैद हुई है। घटना सेक्टर 6ए की बताई जा रही है।

तीन महिला पूजन समाग्री नदी में विसर्जित करने जा रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार बगल से गुजरते हुए रीता सिंह नामक महिला के गर्दन से चेन खींच कर भाग निकला। इस वीडियो को आप देखकर अंदाजा लगा सकते हैं कि किस तरह से दिन के उजाले में बेखौफ होकर एक अपराधी इस घटना को अंजाम दे रहा है। घटना 27 अगस्त को सुबह पौने सात बजे घटी है।इस मामले को लेकर डीएसपी सिटी आलोक रंजन ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है ।अपराधियों की पहचान कर जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

## डीसी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**बोकारो।** गुरुवार को कैंप-टू स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अजय नाथ झा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी उपकरणों की स्थिति और विधिक मानकों के अनुपालन की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी को ईवीएम की मौजूदा स्थिति, सुरक्षा बंदोबस्त, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, अग्निशमन यंत्र, यूपीएस बैकअप और अन्य तकनीकी सुविधाओं की अद्यतन जानकारी प्रदान की। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन कार्यालय को निर्देश दिया कि समुचित प्रतिवेदन तैयार कर समय पर मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग को प्रेषित कर दें। मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## चास में कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम का आयोजन




**बोकारो।** झारखंड में कांग्रेस पार्टी संगठन सृजन कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। बोकारो जिले के चास नगर अध्यक्ष एवं वार्ड अध्यक्ष के चयन को लेकर आज चास के मारवाड़ी धर्मशाला में संगठन सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नगर निगम की पर्यवेक्षक अनुपमा सिंह शामिल हुई। बैठक में सभी वार्ड में कर्मठ एवं कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने वाले वार्ड अध्यक्ष के चुनाव का निर्देश दिया। उन्होंने चास नगर अध्यक्ष के चुनाव को लेकर भी दिशा निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में निगम का चुनाव भी है ऐसे में महिला और युवाओं को अधिक से अधिक वार्ड अध्यक्ष बनाया जाए ताकि जिन लोगों को हम लोग वार्ड अध्यक्ष बनाए हुए नगर निगम चुनाव में वार्ड का प्रतिनिधित्व करें उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य चास नगर निगम में कांग्रेस को मजबूत करते हुए निगम का चुनाव जीतना है इसके लिए हमें काम करना होगा।

## राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर यूनियन ने किया वृक्षारोपण

**बोकारो।** भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ के द्वारा आज राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के रूप में बांधगोड़ा साईड के हरि मंदिर प्रांगण में पेड़ लगाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अध्यक्ष विशेश्वर महतो ने पेड़ लगाकर किया। पेड़ लगाने वालों में महामंत्री विनोद कुमार एवं झारखंड प्रदेश के कार्यसमिति सदस्य कृष्णा प्रसाद केवट ,रमेश कुमार मिश्रा स्टील फेडरेशन कार्यसमिति सदस्य आदि शामिल रहे।महामंत्री विनोद ने कहा कि 28 अगस्त को भारतीय मजदूर संघ के द्वारा राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पूरे देश में मनाया जा रहा है, यह दिवस पेड़ों और प्रकृति की रक्षा के लिए किए गए सबसे बड़े पर्यावरण आंदोलन में से एक है।

पेड़ों को बचाने के लिए महिलाओं और पुरुषों द्वारा दिखाई गई बहादुरी और एकता का प्रतीक है। अमृता देवी बिश्नोई और उनके बलिदान से आने वाले दशकों में सुंदरलाल बहुगुणा के नेतृत्व में चिपको आंदोलन जैसे कई पर्यावरण आंदोलन को प्रेरित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से बियाडा औद्योगिक मजदूर संघ के महामंत्री रितवरण सोरेन,यूनियन के मंत्री शशि भूषण सिंह,अरविंद कुमार सिंह,विवेक कुमार सिंह, नीलकंठ महतो, शसाधार महतो, प्रफुल्ल कुमार, दुबराज महतो, मनभूल केवर्ता, घलटू महतो, रमेश कुमार सिन्हा, युवराज महतो,अंकित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बीएसएल का विस्तारीकरण रोकना चाहती हैं : लुकमान हमदर्द

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो की कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह एक बड़े षड्यंत्र का हिस्सा बन बोकारो स्टील प्लांट को विस्तारीकरण और आधुनिकीकरण योजना से वंचित रखना चाहती हैं। इसके लिए ये विस्थापित आंदोलन की आड़ लेना चाह रही हैं और विस्थापित समाज को बरगला कर बली का बकरा बनाने का प्रयास कर रहीं हैं। उक्त आरोप झारखण्ड विस्थापित समाज (लोकतांत्रिक) के महामंत्री लुकमान हमदर्द ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर लगाया है।

उन्होंने कहा कि जब से इस विस्तारीकरण परियोजना की घोषणा हुई है तब से इस बड़े निवेश को झारखण्ड से बाहर ले जाने का एक बड़ा षड्यंत्र रचा जा रहा है जिसका हिस्सा बोकारो विधायक भी हो सकती हैं।

इस लिए ये बार बार विस्थापितों के गुमराह करके आंदोलन में झोंक कर बोकारो को अशांत करना चाह रही हैं। पर बोकारो के विस्थापित अब जाग चुके हैं इस लिए वे बोकारो विधायक के द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन से दूर रहे। वह धरना कांग्रेस पार्टी और विधायक श्वेता सिंह के समर्थकों का धरना था। बोकारो के कोई विस्थापित नेता उसमें शामिल नहीं हुआ।

जब मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कांग्रेस विधायक के द्वारा सदन में उठाए गए विस्थापित गाँवों को पंचायत में शामिल करने के उनके पूर्व के प्रस्ताव को पहले हीं खारिज कर चुके हैं तो कांग्रेस विधायक बोकारो उपायुक्त के खिलाफ आंदोलन करने की नौटंकी क्यों कर रहीं हैं।

अगर वो विस्थापितों की हितैषी हैं तो बोकारो विधायक को मुख्यमंत्री के खिलाफ सदन में आंदोलन करना चाहिए और विस्थापितों के हित में अपनी कांग्रेस गठबंधन की सरकार से बीएसएल के भूमि हस्तांतरण को रद्द करवाकर शेष गाँवों को पंचायत में शामिल करवाना चाहिए।

श्वेता सिंह ने शेष विस्थापित गाँवों को पंचायत में शामिल कराने का वादा करके विस्थापितों का वोट लिया है इसलिए उन्हें बिना विस्थापितों को गुमराह किए सही दिशा में संघर्ष करके उनसे किए वादों को पुरा करना चाहिए अन्यथा अगले चुनाव में विस्थापित उन्हें सबक सिखाने के लिए तैयार है।

## ई-विद्या वाहिनी में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिले के 15 शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में सत्र 2024-26 के लिए बीएड व डीईएलएड में अध्ययनरत प्रशिक्षुओं के 4 सप्ताह का अभ्यास पाठ के लिए गठित चार सदस्यीय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि सभी प्रशिक्षुओं के लिए ई-विद्या वाहिनी में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। अटेंडेंस भी बायोमैट्रिक से करना होगा। उन्होंने पारदर्शिता रखकर आवंटन करने का निर्देश दिया। मौके पर समिति के सदस्य सह डीईओ अभिषेक झा, सदस्य जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार तथा सदस्य सह प्राचार्य अल इकरा शिक्षक प्रशिक्षण कालेज, गोविन्दपुर, कुमार बीएड कॉलेज, बाघमारा, रवि महतो स्मारक प्रशिक्षण कालेज, महुदा, दामोदर वैली शिक्षक प्रशिक्षण कालेज निरसा, आरएस शिक्षक प्रशिक्षण कालेज, कतरासगढ़, प्रजन्या शिक्षक प्रशिक्षण कालेज, बलियापुर, धनबाद शिक्षक प्रशिक्षण कालेज, गोपालगंज, एसएसएलएनटी महिला कालेज, धनबाद, आरएसपी कॉलेज, बेलगड़िया, शमशुल हक मेमोरियल कालेज आदि के प्राचार्य मौजूद थे।

## डीवीसी चंद्रपुरा में सोलर प्लांट का शुभारंभ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चंद्रपुरा।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के सदस्य (वित्त) अरुप सरकार ने गुरुवार को चंद्रपुरा में स्थापित होने वाले 10 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा प्लांट का शुभारंभ और नवनिर्मित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसपीटी) का उद्घाटन किया।

उक्त अवसर पर आगंतुक वरिष्ठ अधिकारियों ने डीवीसी चंद्रपुरा के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक किया और कई दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम से पूर्व आगंतुक वरिष्ठ अधिकारियों को वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान विजया नन्द शर्मा ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। चंद्रपुरा के रिजयारवार (तालाब) में 10 मेगावाट क्षमता की एक ( एसी ) फ्लोटिंग सौर फोटोवोल्टेक विद्युत संयंत्र का निर्माण कार्य शुरू किया गया।

इस अवसर पर डीवीसी के कार्यपालक निदेशक एल एस एस चैतन्य प्रकाश, मुख्य महाप्रबंधक सुनील कुमार पांडेय, दुर्गेश मैती , वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजया नन्द शर्मा, वरिष्ठ महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डीसी पांडेय, वरिष्ठ महाप्रबंधक अविजीत घोष, पवन कुमार मिश्रा के अलावा उप महाप्रबंधक राजीव कुमार, ललन प्रसाद गुप्ता, दीपक कुमार राजीव रंजन ओझा, दिलीप कुमार, राजीव रंजन, रंजीत कुमार चौबे, हरि मुकुंद प्रजापति, अभिमन्यु कुमार सिंह ,कंचन स्मिता टोप्पो , राजकुमार चौधरी, अवधेश सिंह शेखावत, उपेंद्र कुमार मंडल, मोहम्मद उमेर, मनमोहन सिंह, विनोद बरुँरी, तोफिक अहमद, उमेश कुमार शर्मा अक्षय कुमार रवि रंजन सिंह आदि उपस्थित थे।

## चुनाव को ले अधिवक्ता गजेंद्र कुमार ने जारी किया शपथ पत्र



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद बार एसोसिएशन के चुनाव में जॉइंट सेक्रेटरी एडमिनिस्ट्रेशन पद के प्रबल दावेदार अधिवक्ता गजेंद्र कुमार ने अपने शपथ पत्र में ये साफ कहा है कि वो किसी सूरत में बार में एक रुपया का भ्रष्टाचार नहीं होने देंगे। बार एसोसिएशन मॉडल रूल 24 के तहत वो ट्रेजरर को हर हाल में तीन महीना का हिसाब का लेखा जोखा देने का निर्देश देंगे, जिसका पालन नहीं करने पर ट्रेजरर से इसका जवाब मांगेंगे। जो अधिवक्ता जहाँ बैठ रहे है वहाँ उन्हें क्या दिक्कत है उसके निदान के लिए एक फोन पर वो उनके टेबल पर जाकर उनके माँग को लेटर पेड पर लिखकर कमेटी के समक्ष माँग रखेंगे और जो प्रेसिडेंट, वाईस प्रेसिडेंट, जनरल सेक्रेटरी, अधिवक्ता के सही माँग को पूरा नहीं करेंगे उनके बारे में पूरा बार को ह्वाट्सऐप पर वायरल करके बतायेंगे, सम्मानित राशि, मेडिकल इमरजेंसी राशि को छोड़कर, ज्यादा से ज्यादा दुगार्पूजा से 10 दिन पहले मिले इसके लिए माँग कमेटी के समक्ष रखेंगे,एक अच्छा लाइब्रेरी बने जहाँ बिना चैम्बर वाले अधिवक्ता अपना केस में बहस करने से पहले शांति से पढ़ सके और सुप्रीम कोर्ट का सब्सक्रिप्शन सभी वकीलों के लिए निशुल्क उपलब्ध हो,पुलिस वकील को रास्ते में कोर्ट आते वक्त नहीं रोके और वकील से पुलिस थाना में इज्जत से पेश आए सहित दर्जनों दावे और वायदे किए हैं।

साथ ही अधिवक्ता गजेंद्र ने राजगंज, गोमो, बाघमारा, महुदा, बलियापुर, निरसा, चिरकुंडा मैथन, कुमारधुबी, टुंडी, गोविंदपुर में घर घर जाकर तूफानी दौरा करते हुए अधिवक्ताओं से अपने पक्ष में मतदान करने का अपील किया और कहा की यदि मात्र दो साल में अधिवक्ता हित में कार्य करने में वो असफल रहे तो वो दुबारा कभी चुनाव नहीं लड़ेंगे ।

# जिले में सालों भर खेल प्रतियोगिताओं का करें आयोजन : उपायुक्त

## सभी खेल संघ आपस में समन्वय बनाकर करें वार्षिक खेल कैलेंडर तैयार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खेल संचालन समिति की बैठक हुई। इस बैठक में खेल गतिविधियों के विस्तार, खिलाड़ियों को मंच देने और जिले में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि बोकारो जैसे औद्योगिक जिले को खेलों के क्षेत्र में भी पहचान दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसके लिए सालों भर नियमित खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना चाहिए। बैठक में खेल संघ के प्रतिनिधियों ने *जिले के खिलाड़ियों की उपलब्धि/विभिन्न प्रशासनिक पदों पर दें रहे सेवा से भी अवगत कराया, जिस पर उपायुक्त ने इस परंपरा को आगे भी जारी रखने की बात कहीं।

बैठक में उपायुक्त ने खेल संघों को निर्देश दिया कि आपसी समन्वय बनाकर वार्षिक खेल कैलेंडर तैयार करें। उन्होंने कहा कि इस कैलेंडर के अनुसार जिले में प्रत्येक माह अलग-अलग खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं ताकि खिलाड़ियों को निरंतर अवसर मिल सके और उनकी प्रतिभा सामने आए। उन्होंने सभी संघों को अपने झ अपने खेल का कैलेंडर तैयार करने एवं उसे जिला खेल पदाधिकारी को उपलब्ध कराने को कहा। ताकि जिला से एक समेकित कैलेंडर पूरे वर्ष का जारी किया जा सकें। उन्होंने सभी संघों को एक झ दूसरे से समन्वय स्थापित कर बेहतर माहौल में काम करने का आह्वान किया।

बैठक में उपायुक्त ने कि बोकारो में प्रतिवर्ष कम से कम तीन राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन विभिन्न खेल संघ प्रतिनिधियों से कहा। इससे जिले के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अनुभव और प्रतिस्पर्धा का अवसर मिलेगा। साथ ही, बोकारो की पहचान खेलों के क्षेत्र में एक मजबूत केंद्र के रूप में स्थापित होगी।

बैठक में जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2025 के आयोजन पर चर्चा की गई। इस प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए उपायुक्त ने संबंधित खेल संघ के प्रतिनिधिय को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया और सभी खेल संघों को इसमें सहयोग करने की बात कहीं। कहा कि तैयारी समयबद्ध और व्यवस्थित ढंग से होनी चाहिए। जिला प्रशासन हर संभव सहयोग करेगा।

बैठक में उपस्थित सभी खेल प्रतिनिधियों ने दिशोम गुरू स्व. शिबू सोरेन की स्मृति में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करने पर सहमति जताई। यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि जिले में खेलों के महत्व को बढ़ावा देने का भी कार्य करेगी। बैठक में विभिन्न संघों के प्रतिनिधियों ने जिले में एक भी इंडोर स्टेडियम नहीं होने से खिलाड़ियों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया। उपायुक्त ने जिला खेल पदाधिकारी व अन्य पदाधिकारियों को इस दिशा में जरूरी दिशा झ निर्देश दिया। कहा कि जिले में अगले वर्ष तक एक आधुनिक इंडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इससे खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। बैठक के समापन पर उपायुक्त ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन और खेल संघों को एक साथ मिलकर कार्य करना होगा।

# बोकारो के प्रत्येक गांव को नशा मुक्त बनाने को लेकर चलेगा जन जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** आदिवासी समाज को उनका हक- अधिकार दिलाने, उनका सर्वांगीण विकास को लेकर जनजातीय कार्य मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान - रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम की शुरूआत की गई है। जैसा कि नाम से ही प्रतित हो रहा है आदि कर्मयोगी, आदिवासी समाज के लिए जो कार्य करें, वह आदि कर्मयोगी है। उक्त बातें उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहीं। वह गुरुवार को समाहरणालय सभागार में संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान - रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम के तहत आदिवासी बहुल जिले के 125 चिन्हित गांव के लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से शतप्रतिशत अच्छादित किया जाना है। यह सभी कार्यों स्वास्थ्य, शिक्षा, कल्याण, समाज कल्याण, वन प्रमंडल जैसे विभिन्न 17 विभागों के पदाधिकारियों के समन्वय से पूरा किया जाएगा। इस क्रम में पिछले दिनों राज्य स्तर पर जिले के आठ पदाधिकारियों को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण दिया गया। उनके द्वारा आज समाहरणालय सभागार में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों - बीडीओ/सीओ को जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित कर कार्यक्रम की विस्तृत कार्य योजना से अवगत कराया गया।

उपायुक्त ने कहा कि आगामी 30 से 01 सितंबर तक आवासीय रूप से प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया जाएगा, जो आगे प्रखंड व पंचायत स्तर पर आदि कर्मयोगी को प्रशिक्षण देंगे।

उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान में जन जागरूकता काफी जरूरी है। इस उद्देश्य को लेकर प्रखंड व पंचायत स्तर पर आदि संवाद मित्र बनाया जाएगा। जो अभियान के तहत सभी गतिविधियों से अवगत कराएगा। कहा कि अभियान को सफल बनाने में मीडिया की भूमिका अहम है। अतः मीडिया से अपेक्षा है कि अभियान को व्यापक रूप से प्रचारित कर इसे जन आंदोलन का स्वरूप देने में सहयोग करें।

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि जिले की सभी पंचायतों में रात्रि पाठशालाएं चलाई जाएंगी। ये रात्रि पाठशालाएं दिशोम गुरू स्व. शिबू सोरेन के सम्मान में आयोजित की जाएंगी। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण बुजुर्गों/कामगार - श्रमिकों को शिक्षा का अवसर देना, साथ ही समाज में शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

छात्रों और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को ध्यान में रखते हुए जिला मुख्यालय बोकारो में दिवाझरात्रि (24-7) पुस्तकालय स्थापित किया जाएगा। इस पुस्तकालय में विद्यार्थियों को शांत वातावरण, अध्ययन सामग्री और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। पुस्तकालय चौबीसों घंटे खुला रहेगा, जिससे छात्रों को अपनी सुविधा अनुसार अध्ययन करने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

अभियान अंतर्गत जिले के हर गांव को नशा मुक्त गांव बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

इसके लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। नशा मुक्ति के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे झ जिनमें नशे के दुष्प्रभावों पर जनसंवाद, नशा छुड़ाने के शिविर और सामुदायिक निगरानी की व्यवस्था शामिल होगी।

संवाददाता सम्मेलन में उपायुक्त ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत की गई है। बहुत जल्द जिला प्रशासन *मंईयां सम्मान से सशक्तिकरण कार्यक्रम शुरू करने जा रही है। इस कार्यक्रम के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी होगी। इसका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे अपने परिवार और समुदाय में आत्मनिर्भरता का उदाहरण प्रस्तुत कर सकें।

जानकारी हो कि, आदि कर्मयोगी अभियान - रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम के तहत जिले को 125 गांवों को चिन्हित किया गया है, जिसमें गोमिया प्रखंड में 72 गांव, पेटरवार प्रखंड में 18 गांव, चास प्रखंड में 06 गांव, नावाडीह प्रखंड में 04 गांव, चंदनकियारी प्रखंड में 02 गांव, चंद्रपुरा प्रखंड में 01 गांव, जरीडीह प्रखंड में 14 गांव, कसमार प्रखंड में 07 गांव एवं बेरमो प्रखंड में 01 गांव शामिल हैं। इन सभी गांवों का समग्र विकास करना प्रशासन का लक्ष्य हैं।

## हितधारकों के साथ बैठक

**बोकारो।** सहयोगिनी द्वारा बाल हिंसा समाप्त करने के मुद्दे पर हितधारकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान खैराचातर पंचायत के मुखिया विजय कुमार जायसवाल ने कहा कि सभी के सहयोग से ही बाल हिंसा का अंत संभव है ।उन्होंने कहा कि समाज के सभी स्टेकहोल्डर ,शिक्षक, अभिभावक, आम ग्रामीण, पुलिस, प्रशासन , बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को इस मुद्दे पर एकजुट होना होगा। तभी बाल विवाह रोका जा सकता है। इस दौरान सहयोगिनी के समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने कहा कि कसमार प्रखंड में बाल विवाह , घरेलू हिंसा के खात्मे को लेकर संस्था द्वारा अभियान जगह-जगह चलाया जा रहा है । उन्होंने कहा कि लड़कियों का 18 वर्ष से पूर्व विवाह होने से बहुत सारी समस्याएं समाज में उत्पन्न हो जाती है।

# आदिवासी सम्मान में हर परिस्थिति में आदि कर्मयोगी अभियान को बनाएं सफलः उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में आदि कर्मयोगी अभियान - रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर निदेशक मेनका, अपर समाहर्ता सह नोडल पदाधिकारी मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, प्रोबेशनर संदीप शिंदे, एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, सीटी डीएसपी आलोक रंजन समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी, सभी बीडीओ, सीओ आदि उपस्थित थे। कार्यशाला में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी साझा की गई।

समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय आदिकर्मयोगी - रिस्पांसिव गर्वनेन्स प्रोग्राम के तहत आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान सिर्फ प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के सम्मान और उनसे सीखने का माध्यम है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आदिवासी समुदाय के पास समृद्ध परंपरा, संस्कृति और जीवन मूल्यों की धरोहर है। हमें उन्हें बदलने या सिखाने की मानसिकता नहीं रखनी चाहिए, बल्कि उनसे सीखने और अपनाने की सोच विकसित करनी होगी। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संवेदनशीलता और सहभागिता के साथ कार्य करें और अभियान को जमीनी स्तर तक सफल बनाएं।कार्यशाला में उपायुक्त ने कहा कि जिले के 125 आदिवासी बहुल चिन्हित गांवों को विशेष रूप से अभियान के तहत विकास कार्यों विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित करने की प्रगति कार्य की विशेष निगरानी की जाएगी। उन्होंने सभी गांवों को जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ टैग करने का निर्देश दिया। साथ ही, तय किया कि हर पदाधिकारी नियमित रूप से इन गांवों का दौरा करेंगे और स्थानीय स्तर पर समस्याओं के समाधान की पहल करेंगे।

अभियान को हर स्तर तक पहुंचाने के लिए बीडीओ/सीओ प्रखंड झ पंचायत स्तर पर संवाद मित्र बनाएं। ये संवाद मित्र पंचायत - प्रखंड और जिला स्तर के बीच सेतु का कार्य करेंगे। अभियान के तहत प्रतिदिन होने वाली गतिविधियों को दैनिक रूस से जिला को उपलब्ध कराएंगे। ताकि सभी प्रगति कार्यों की निगरानी हो सकें। संवाद मित्रों की जिम्मेदारी अभियान की उपलब्धियों को समुदाय के बीच साझा करने की भी होगी। वहीं, अभियान के तहत की जा रही गतिविधियों और उपलब्धियों का साप्ताहिक बुलेटिन जारी करने का भी निर्देश दिया। इससे पदाधिकारियों और जनता दोनों को अभियान की प्रगति की जानकारी समय-समय पर मिलती रहेगी। उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने दैनिक कार्यों के साथ - साथ आदि कर्मयोगी अभियान के लिए भी निश्चित समय निकालें। उन्होंने कहा कि विकास तभी गति पकड़ेगा जब अधिकारी अपने कार्य में योजनाबद्ध ढ़ंग से समय प्रबंधन करेंगे और आदि कर्मयोगी को प्राथमिकता देंगे। अपर समाहर्ता सह कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी मो. मुमताज अंसारी ने कहा कि अभियान अंतर्गत झारखंड के 22 जिले के 224 प्रखंडों के 7100 गांव और बोकारो जिले के 09 प्रखंड के कुल 125 ग्रामों को प्रथम चरण में चिन्हित किया गया है। संपूर्ण योजना के संवेदनशील क्रियान्वयन तथा सिंगल विंडो ग्रीवेंस रिड्रेसल आदि सेवा केंद्र के संचालन तथा ग्राम विकास विजन के निर्माण के लिए ओरिएंटेशन के जरिये अभियान आदि कर्मयोगी का राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय तथा प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इसके बाद चयनित सभी 125 ग्रामों में आदि साथियों की मदद से बॉटम अप अप्रोच के साथ सभी मूलभूत आवश्यकता जो व्यक्तिगत अथवा सामुदायिक प्रकृति की होंगी, उसको सुनिश्चित करने का विस्तृत योजना बनाया जाना है। प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनरों का आवासीय प्रशिक्षण आगामी 30 से 01 सितंबर तक प्रस्तावित है।

कार्यशाला के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रोबेशनर संदीप शिंदे, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, वरीय लेखा पदाधिकारी पंकज दूबे आदि ने विस्तृत से पूरे कार्यक्रम कार्य योजना से सभी को अवगत कराया। बताया कि यह अभियान भारत के जनजाति समुदाय के संपूर्ण उत्थान के लिए एक अति महत्वकांक्षी योजना है। इस अभियान के अंतर्गत वर्ष 2030 तक 17 मंत्रालयों/विभागों के 25 से अधिक महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन शतप्रतिशत किया जाना है। जिसमें अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, विद्युतीकरण, मोबाइल कनेक्टिविटी, मोबाइल मेडिकल यूनिट्स, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना अंतर्गत एलपीजी गैस कनेक्शन, आधार कार्ड निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण, समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत छात्रावास तथा क्लासरूम का निर्माण, स्किल डेवलपमेंट सेंटर्स ट्राइबल मार्केटिंग सेंटर्स का निर्माण वन अधिकार पट्टा से आच्छादित व्यक्तियों को कृषि पशुपालन मत्स्य पालन से जोड़ना आदि शामिल है।

## पवित्रम सेवा धाम का शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** कोयला नगर में बीमार घायल गायों की चिकित्सा इलाज के लिए चिकित्सालय बनने जा रहा है जिसका भूमि पूजन आज बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दता एवम धनबाद के उपायुक्त आदित्य रंजन के कर कमलो से किया गया। इस अवसर पर विनोद बिहारी कोयलाचल विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ रामकुमार सिंह,सिम्फर के निदेशक प्रो अरविंद कुमार मिश्र ,बी सी सी एल के निदेशक मुरली कृष्ण रमैया ,राकेश कुमार सहाय,संजय कुमार सिंह ,मनोज कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ समाजसेवी संजय कुमार एवं अन्य कई महत्वपूर्ण संस्थानों के वरिष्ठ पदाधिकारीगण, प्रतिनिधि ,समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।इस स्थान पर गो चिकित्सा के अलावा अन्य कई सेवा कार्य, सीनियर सिटीजन के लिए लाइब्रेरी,बच्चो के लिए बुक बैंक ,होमियोपैथी डिस्पेंसरी ,प्राकृतिक चिकित्सा परामर्श केंद्र ,गो उत्पाद प्रशिक्षण केंद्र आदि भी शुरू किए जाएंगे। यह पूरा प्रकल्प पवित्रम सेवा धाम के नाम से जाना जायेगा । पवित्रम सेवा परिवार इस प्रकल्प का संचालन करेगा। पवित्रम सेवा परिवार पिछले कई वर्षों से घायल -बीमार गोवंश की चिकित्सा - सेवा का कार्य कर रहा है ,गाँव गाँव मे जैविक खेती,गोउत्पाद का निःशुल्क प्रशिक्षण ,प्रचार -प्रसार कर रहा है,आरोग्य जागरूकता ,पर्यावरण जागरूकता हेतु स्कूल एवं कालेजो में अनेकों कार्यक्रम चला रहा है ,गाँव गाँव मे जाकर किसानो के घरों में फलदार पेड़ लगा रहा है ,बच्चो को सीडबॉल, इकोब्रिक्स का प्रशिक्षण दे रहा है ,पवित्रम की बहने घर घर जाकर अग्निहोत्र करना सीखा रही है, बीज बैंक तैयार करवाया जा रहा है।

सेवा एवम आद्यात्म का एक अनूठा संगम होगा ,इस धाम के माध्यम से सभी त्योहारों को पर्यावरण की रक्षा करते हुए ,सादगी , गोसेवा एवम अग्निहोत्र के साथ मनाने का सन्देश दिया जाएगा । गोउत्पादो के निःशुल्क प्रशिक्षण एवम निर्माण के अलावा अनुसन्धान का कार्य भी किया जाएगा,महिला स्वावलंबन एवम सशक्तिकरण की दिशा में अनेको कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। यह केंद्र अनेको महिलाओं ,ग्रामीणों को रोजगार देने का कार्य भी करेगा तथा बच्चो को योग ,ध्यान ,प्राणायाम आदि का प्रशिक्षण भी यहाँ दिया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादकः मनोज विशाल फोन नंबरः 9431145865, 8210783623, आर.एन.आई. पंजीकरण संख्याः JHAHIN/2017/72655, Email : bokaronbt@gmail.com